RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 192 | ग्वालियर शनिवार 22 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## पूर्व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल निर्भय शर्मा के हाथों सुषमा चोरडिया को परम वीरांगना पुरस्कार 2025

### महिला सशक्तिकरण के लिए योगदान पर डिफेंस फोर्स लीग और डीआईएफटी फाउंडेशन द्वारा सम्मान

डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान



**पुणे।** सूर्यदत्त एजुकेशन फाउंडेशन की उपाध्यक्ष और सचिव श्रीमती सुषमा संजय चोरडिया को डिफेन्स फ़ोर्स लीग और डीआईएफटी फाउंडेशन द्वारा %परम वीरांगना% राष्टीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार का पहला वर्ष था। अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के पूर्व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल निर्भय शर्मा के हाथों सुषमा चोरडिया को महिला सशक्तिकरण में उनके विशेष योगदान के लिए पदक, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम पिंपरी-चिंचवड़ स्थित साइंस पार्क में आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरविंद नातू, फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेश गोल्ला, सेना के अधिकारी, विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति और सूर्यदत्त के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. डॉ. संजय बी. चोरडिया उपस्थित थे।

%सूर्यदत्त वीमेन एम्पावरमेंट एंड लीडरशिप अकादमी% की अध्यक्ष सुषमा चोरडिया ने %सूर्यदत्त% के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, समग्र शिक्षा, जरूरतमंद लड़कियों को आर्थिक सहायता, ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को शिक्षण सामग्री और साइकिल वितरण, वीर माताओं और वीर पत्नियों का सम्मान, शहीद सैनिकों के बच्चों की शिक्षा और वीरांगनाओं को सहयोग जैसे कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके इस उत्कृष्ट सामाजिक कार्य के लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया गया। वे राष्ट्रभक्ति, समर्पण और समाजसेवा के मूल्यों को बढ़ावा देने वाली प्रेरणादायक महिला हैं, जिन्होंने कई महिलाओं को आगे बढ़ने और देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस पुरस्कार से शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों को भी सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि सुषमा चोरडिया समाज और वंचितों के उत्थान के लिए सतत प्रयासरत हैं। उनके मार्गदर्शन में सूर्यदत्त एजु-सोशियो कनेक्ट, फूड बैंक, नॉलेज बैंक, क्लोदिंग बैंक और प्रोडक्ट बैंक जैसी विभिन्न स्वयंसेवी परियोजनाएं संचालित हो रही हैं, जो जागरूकता अभियान और जरूरतमंदों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करती हैं। %लर्न व्हाइल अर्न% योजना के तहत नौकरीपेशा लोगों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति, आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं, रेलवे कुलियों, रिक्शा चालकों और अन्य जरूरतमंदों को कौशल विकास, अंग्रेजी भाषा और कंप्यूटर प्रशिक्षण देने के लिए भी उन्हें जाना जाता है। महिला सशक्तिकरण के विभिन्न कार्यक्रमों में उनका योगदान सराहनीय है, जिसमें गांवों में महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीन और प्रशिक्षण, बच्चों को निःशुल्क कपड़े और पौष्टिक भोजन, महिलाओं और अन्य के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर और स्वास्थ्य प्रशिक्षण शामिल हैं।

इस अवसर पर सुषमा चोरडिया ने अपने संबोधन में कहा, सूर्यदत्त संस्था अपनी स्थापना के बाद से ही विद्यार्थियों को सर्वोत्तम और समग्र शिक्षा प्रदान कर रही है। हम मूल्य-आधारित शिक्षा, %कमाओ और सीखो% जैसी योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता और स्टार्टअप को अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं। विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति की भावना को विकसित करना हमारी प्राथमिकता है। हमारे सैनिक सीमाओं पर दिन-रात देश की रक्षा कर रहे हैं, और सूर्यदत्त ने सदैव उनके और उनके परिवारों के प्रति सम्मान भाव रखा है। सेना से जुड़ी संस्था द्वारा मिला यह पुरस्कार भविष्य में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रभावी कार्य करने की प्रेरणा देगा।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मंत्री श्री सिलावट के पुत्र और विधायक श्री विष्णु खत्री की पुत्री के विवाह समारोह में हुए शामिल

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार रात अल्प प्रवास पर सीहोर पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट के पुत्र चि. बंकिम तथा बैरसिया विधायक श्री विष्णु खत्री की पुत्री सौ. का. वसुधा के विवाह समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर सीहोर विधायक श्री सुदेश राय एवं जिला भाजपा अध्यक्ष श्री नरेश मेवाडा सहित अन्य उपस्थित थे।

## समाजवादीयों ने लगाया पीडीए जन चौपाल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज
शनि कुमार यादव





शंकरगढ़ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गिहार बस्ती में समाजवादी पी डी ए जन चौपाल लगाकर गिहार बस्ती के लोगों को जागरूक किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजू पासी व विशिष्ट अतिथि रमाकांत यादव रहे इस मौके पर आयोजक रानू गिहार एवं संचालक शैलेन्द्र यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया इस मौके पर अनिरुद्ध पारस विनोद रमेश सुंदर अमर उजाला सुदर्शन एवं भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बाबूजान 9:47 और अफ़सर 10:07 मिनट में सुनाए मुकम्मल कुरान-ए-पाक, हुए सम्मानित

**- जिंदगी की शुरुआत तालिम के साथ,तालिम की शुरुआत कुरान के साथ - एमाम साजीद अली**

**- समाज में इस्लाम का पैग़ाम पहुंचाना मेरा ख्वाहिश-ए-क़दम - हाफिज व कारी मो.आफाक**

**- सभी मुस्लमान पर दिनीयात इल्म सीखना फ़र्ज़ - सरताज निजामी**

विशेष संवाददाता- मु.सरफराज






**पडरौना, कुशीनगर -** जिले में पडरौना तहसील क्षेत्र के गांव बसहिया बनवीरपुर में स्थित मदरसा दारुल उलूम मंजरे इस्लाम,कुरैशी मोहल्ला में इस्लामी दीनियात विषय के अध्ययन के दौरान 2 तालिब-ए-इल्म के तलबा यानी छात्रों ने कमोबेस 3 वर्षों में मुस्लिम समाज के पाक पवित्र ग्रंथ कुरान-ए-पाक की मुकम्मल पढ़ाई करने के बाद लगातार दौर की ज़द में हैं, हालांकि वहीं इनके हवाले से 30 पारे की मुकम्मल कुरान-ए-पाक को लगातार मौखिक तौर पर 10 घंटे में पढ़कर सुनाने का बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया है, जिसको लेकर बेहद हर्षोल्लास के साथ लोग उनकी सराहना करते हुए खुशी का इजहार कर रहे हैं।

आपको बता दें कि मौजूदा मदरसे में लगभग 40 बच्चों में लगातार पढ़ाई की रफ्तार में आगे हाफिज अफसर अली पुत्र मोहम्मद शमी अंसारी उम्र 19 वर्ष की आयु में जो नौतनवा तहसील क्षेत्र के गांव सिंहपुर थरौली जिला महाराजगंज के मूल निवासी बताए जा रहे हैं। हालांकि वहीं हाफिज बाबूजान पुत्र रियासत अली उम्र 17 वर्ष की आयु में जो तहसील पडरौना क्षेत्र के गांव सेमरिया बाजार जनपद कुशीनगर के मूल निवासी बताए जा रहें हैं। जोकि मदरसा हाज़ा के इन दोनों तलबा के मौखिक तौर पर कुरान-ए-पाक मुकम्मल पढ़ने व सुनाने को लेकर गांव व आसपास के क्षेत्र में चहुओर चर्चा का विषय बना हुआ है,साथ ही साथ लोग भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए तहे-दिल से मुबाकरक बाद देने के बाद इनके मुस्तकबिल में कामयाबी की दुआ कर रहे हैं, जबकि वहीं इनके उस्ताद हाफिज व कारी हज़रत मोहम्मद आफाक को भी मदरसा हाज़ा के बच्चों को अच्छी तालीम देने को लेकर बतौर कमेटी समेत गांव के संभ्रांत लोगों ने इनका सुकरिया अदा करते हुए मुबारकबाद व बधाई दी है। इस दौरान मस्जिद परिसर में सम्मान समारोह कार्यक्रम में मौजूद गांव के संभ्रांत व प्रतिष्ठित जिम्मेदार लोगों के साथ युवा भी शामिल रहे।

इनसेट - शुक्रवार को जुमें की नमाज़ अदा करने के बाद मस्जिद के बाहरी परिसर में सुन्नी जामा मस्जिद के मौजूदा एमाम हाफिज साजिद अली निजामी की अगुवाई और मदरसा दारुल उलूम मंजरे इस्लाम,कुरैशी मोहल्ला के बतौर मदारीश हाफिज व कारी मोहम्मद आफाक की सरपरस्ती समेत मौलाना सरताज अली निजामी की मौजूदगी में दोनों हाफ़िज़ तलबा बच्चों को फूल,मालाओं से मल्यार्पण कर,नकद पुरस्कार देकर हर्षोल्लास के साथ सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में लोगों ने शिरकत करने के बाद दोनों हाफ़िज़ तलबा, छात्रों को काबिल-ए-एहतराम कर दुआओं से नवाजा।

इनसेट - आपको बताते चलें कि मदरसे के तलबा बच्चों के तालीम के सिलसिले में एमाम साजीद अली निजामी ने हाफ़िज़ बाबूजान और हाफ़िज़ अफ़सर को नकद पुरस्कार देकर उनका हौसला बुलंद करने के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि अफ़सर और बाबूजान के इस कामयाबी पर हम इनको ढेर सारी मुबारकबाद देते हुए इनके उस्ताद हज़रत मोहम्मद आफाक का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं, और इन दोनों बच्चों से समाज में इस्लाम के रास्ते पर बेहतर इस्लाह के साथ अच्छी पैग़ाम पहुंचाने की उम्मीद रखता हूं। उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि अपने जीवन की अगर बेहतर शुरुआत करना चाहते हैं तो अच्छी शिक्षा के साथ करें, और अगर शिक्षा की शुरुआत जिंदगी में करना है तो कुरान-ए-पाक से शुरू करें। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में अपने बच्चों को दुनियावीं शिक्षा के साथ-साथ दिनीयात की इस्लामी तालीम भी अपने बच्चों को देना ना भूले, जो दुनियां के संघ आखिरत तक काम आने वाली शिक्षा की दौलत है, उन्होंने कहा कि दीनियात एक ऐसी इल्म है जो जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी आपको फ़ायदा पहुंचा सकती हैं।



# नवीन जिनालय, ज्ञान गुरु मंदिर भूमि पूजन ज्ञानतीर्थ में संपन्न

**06 मार्च को नवीन जिनालयों की रखी जाएगी आधार शिला**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

**मुरैना।** दिगम्बराचार्य श्री सुमतिसागर जी, विद्याभूषण सन्मतिसागर जी, सराकोद्धारक ज्ञानसागर जी महाराज की जन्मस्थली धर्म नगरी मुरैना की पावनधरा पर ए.बी. रोड, धौलपुर हाइवे पर नव निर्मित जैन तीर्थ स्थल ज्ञानतीर्थ में नवीन जिनालय एवं ज्ञान गुरु मंदिर के निर्माण हेतु भूमि शुद्धि, भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया। सराकोद्धारक आचार्यश्री ज्ञानसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य छाणी परम्परा के सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज, सोमदत्त सागर जी महाराज, हेमदत्त सागर जी महाराज, पदमदत्तसागर जी महाराज, नियोग सागर जी महाराज के पावन सान्निध्य में ज्ञानसागर गुरु मंदिर हेतु भूमि पूजन श्री आनन्द जी जैन खैकड़ा बाले परिवार सूर्य नगर गाजियाबाद एवं नवीन जिनालय का भूमि पूजन श्रीमती चंद्रकांता जैन पंकज मेडिकल परिवार की ओर से योगेश जैन बैंक वाले व एडवोकेट महेंद्र जैन मुरैना द्वारा किया गया। ज्ञानतीर्थ परिवार की ब्रह्मचारिणी बहिन मंजुला दीदी के निर्देशन में प्रतिष्ठाचार्य जयकुमार जी निशांत, टीकमगढ़, पंडित महेंद्रकुमार शास्त्री मुरैना ने मंत्रोचारण के साथ भूमि पूजन की सभी क्रियाओं को संपन्न कराया । नवीन जिनालय भूमि पूजन कार्यक्रम से पूर्व आनंद जैन खेकड़ा परिवार सूर्य नगर दिल्ली द्वारा ध्वजारोहण किया गया । आचार्यश्री सुमतिसागर जी, आचार्यश्री विद्याभूषण सन्मतिसागर जी, सराकोद्धारक आचार्यश्री ज्ञानसागर जी महाराज के चित्रों का अनावरण अतिशय क्षेत्र टिकटोली के अध्यक्ष राजेंद्र भंडारी, एडवोकेट धर्मेंद्र जैन, बड़ा जैन मंदिर के अध्यक्ष प्राचार्य अनिल जैन, मंत्री विनोद जैन तार वाले, प्रेमचंद जैन बंदना साड़ी सहित श्रेष्ठिगणों द्वारा किया गया । पूज्य गुरुदेवों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन योगेश जैन खतौली, राकेश जैन, नरेशभूषण जैन, पवन जैन बसेड़ा आदि श्रेष्ठिगणों द्वारा किया गया । इस पावन अवसर पर आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज छाणी परम्परा के षष्ट पट्टाचार्य सराकोद्धारक श्री ज्ञानसागर जी महाराज का अष्ट द्रव्य से पूजन किया किया गया । पूजन में सभी त्यागी वृत्तियों, भूमिपूजन पुण्यार्जक परिवार, ज्ञानसागर भक्त परिवार दिल्ली, ज्ञानतीर्थ महाआराधक परिवार, जैन समाज धौलपुर, जैन मित्र मंडल मुरैना, महिला मंडल मुरैना, ज्ञानार्ष भक्त परिवार द्वारा अर्घ समर्पित किए गए । इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव के परम भक्त नरेश भूषण जैन दिल्ली ने ज्ञानसागर महाराज का गुणानुवाद करते हुए सुंदर भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी । भक्तिमय भजनों पर सुनीत जैन ठेकेदार, एडवोकेट महेंद्र जैन सहित अन्य बंधुओं ने भक्तिमय नृत्य किए । इस अवसर पर आचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज ने सभी भव्य पुण्यशाली जीवों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के अधूरे कार्यों को पूर्ण करते हुए उनके स्वप्न को पूरा करना हैं। आप सभी पूर्ण रूप से समर्पित होकर सभी कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करें । मेरा सभी को पूर्ण आशीर्वाद है ज्ञानातीर्थ के ट्रस्टी योगेश जैन खतौली एवं प्रतिष्ठाचार्य जयकुमार जी निशांत द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार मुरैना में जन्में जैन संत सरकोद्धारक समाधिस्थ आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से निर्मित जैन क्षेत्र ज्ञानतीर्थ मुरैना के विशाल प्रांगण में तीन शिखर एवं तीन वेदियों का भव्य जिनालय एवं पूज्य गुरुदेव ज्ञानसागर गुरु मंदिर का निर्माण होने जा रहा है गुरुवार 6 मार्च को उक्त जिनालयों की आधार शिला रखी जाएगी । ज्ञानसागर गुरु मंदिर का शिलान्यास आनंद जैन, राहुल जैन, रजत जैन सूर्य नगर दिल्ली एवं नवीन जिनालय का शिलान्यास श्रीमती चंद्रकांता जैन पंकज मेडिकल परिवार मुरैना के कर कमलों द्वारा सम्पन्न होगा ।इस पावन अवसर पर राजेंद्र जैन अखबार वाले, उद्योगपति महेशचंद बंगाली अझेड़ा, पवन जैन ऋषभ इंटर प्राइजेज, ओमप्रकाश जैन, जिनेश जैन, राजकुमार राजू, रमाशंकर लालाजी, अनूप भंडारी, राजेंद्र नंदपुरा, वीरेंद्र जैन, महेशचंद जैन, विनोद जैन, अनिल बरेया, ऋषभ जैन, सुनील पुच्ची, विजय जैन, पवन जैन, नीलेश जैन, सोनू जैन, बृजेश जैन दादा, मुकेश जैन, नितिन जैन, राहुल जैन, पंकज जैन, राजीव जैन, शैलू जैन, एडवोकेट दिनेश जैन, पदम चौधरी, अशोक मेडिकल, महेश परीक्षा, प्रवीण बड़े, अक्षय भंडारी, अशोक जैन, राजेश जैन, मयंक जैन, धनेश जैन, सुनील जैन, राजू जैन, पंकज जैन, सहित सैकड़ों की संख्या में साधर्मी बंधु माता बहिनें उपस्थित थी ।







# ऊमरी टोलप्लाजा के आरोपियों का शॉर्ट एनकाउंटर

## तीन आरोपी पकड़े, दो के पैर में लगी गोली

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान





भिंड मार्ग के ऊमरी टोल प्लाजा पर कर्मचारियों से मारपीट और गोली चलाने वाले आरोपियों की आज सुबह पुलिस से मुठभेड़ हो गई। ये मुठभेड़ सिकाटा और बिलाव के बीच बीहड़ में सुबह करीब पांच बजे हुई। इसमें दो आरोपियों के पैर में गोली लगी है, दोनों को इलाज के लिए पुलिस जिला अस्पताल लेकर पुलिस पहुंची है।

**बदमाशों ने की थी मारपीट :-**

रविवार शाम करीब सात बजे भिंड के उमरी टोल प्लाजा पर तीन बाइक से आए नौ बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। इस घटना में टोल प्लाजा के दो कर्मचारी रमेश यादव व बबलू पंडित घायल हो गए थे। एक कर्मचारी के पैर में गोली लगी थी। जबकि, दूसरा गंभीर घायल हुआ था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के आधार पर आरोपियों की पहचान की।

**अभद्रता का बदला लेने की फायरिंग :-**

जानकारी के अनुसार जिले के मछंड के नजदीक बगिया पुरा निवासी अनुज राजावत के साथ करीब छह महीने पहले टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों द्वारा अभद्रता करने के बाद इसका बदला लेने के लिए आरोपियों ने हमला किया था। आरोपी अनुज राजावत ने अपने साथियों के साथ हमला किया था। इसके बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी,इसके बाद आज शुक्रवार सुबह आरोपी अनुज राजावत, उसका साथी भोला गुर्जर निवासी पारसेन, ग्वालियर और गजेंद्र भदौरिया, तीनों आई-10 कार से बिलाव गांव से होकर बीहड़ के रास्ते अनुज राजावत के गांव बगियापुरा जा रहे थे,पुलिस को सूचना मिलते ही पीछा किया गया, तभी भोला गुर्जर ने पुलिस पर गोली चला दी। आरोपियों का पीछा करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग कर दी। इस घटना के बाद भोला के बाएं पैर में और अनुज के दाएं पैर में गोली लगी है। वहीं तीसरा आरोपी पुलिस के सामने हाथ खड़े करके खड़ा हो गया। पुलिस ने घायल आरोपियों को जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

**अभद्रता और अवैध बसूली के लिये बदनाम है ऊमरी टोल प्लाजा :-**

भिंड जिला से महज कुछ दूरी पर स्थित टोलप्लाज़ा पर आए दिन अभद्रता के क्र्त्य होते रहते है,गुंडों द्वारा टोलप्लाज़ा पर अवैध बसूली की जाती है व बिना फास्टटैग सिस्टम के टोल प्लाजा का चलाया जाता है,इस बजह से आए दिन उंक्त टोलप्लाजा पर लड़ाई झगड़े होते रहते है।

**डीएसपी दीपक तोमर का बयान आया सामने :-**

डीएसपी दीपक तोमर का बयान सामने आया है जिसमे उन्होंहे कहा है कि ऊमरी टोल प्लाजा पर मारपीट और फायरिंग करने वाले आरोपियों में से तीन को पकड़ लिया गया है। इस मामले में नौ अज्ञात आरोपियों पर मुकदमा दर्ज हुआ था।तीन की पहचान कर ली गई है। तीन आरोपियों को शॉर्ट एनकाउंटर में पकड़ा है। दो को गोली लगी है, जिन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

### कुसुम ए योजना में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि केन्द्र सरकार की महात्वाकांक्षी योजना कुसुम ए किसानों की आय को दोगुना करने और किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक अहम योजना है। योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। श्री तोमर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव की मंशानुसार सभी पीपीए 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से कर लें। कुसुम ए योजना में म.प्र. को चार चरणों में अभी तक 1790 मेगावाट की सौर विद्युत गृह स्थापना का लक्ष्य दिया गया है। म.प्र ऊर्जा विकास निगम को नोडल एजेंसी बनाया है। म.प्र. ऊर्जा विकास निगम द्वारा लगभग 1001 मेगावाट के एलओए जारी कर दिये गये हैं।

# सरल और खुशमिजाज था कटारे का व्यक्तित्व

**वरिष्ठ पत्रकार स्व. रामकिशन कटारे को प्रेस क्लब में दी श्रद्धांजलि**



**ग्वालियर।** वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय रामकिशन कटारे की श्रद्धांजलि सभा शुक्रवार की शाम प्रेस क्लब में आयोजित की गई। इस अवसर पर शहर के पत्रकारों के साथ राजनेता एवं समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। बीके प्रह्लाद भाई ने इस मौके पर स्व. कटारे की आत्म शांति के लिए शांति पाठ कराया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि स्व. रामकिशन कटारे का व्यक्तित्व बहुत ही सरल और सहज था। वरिष्ठ पत्रकार राकेश अचल ने कहा कि वे सदा वरिष्ठजनों का सम्मान और छोटों को प्रोत्साहित करते थे। डॉ सुरेश सम्राट ने कहा कि मैंने कभी उनके चेहरे पर उदासी नहीं देखी, वे हर परिस्थिति में मुस्कराते रहते थे। प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप तोमर ने कहा कि हमारा एक साथी हमें असमय छोड़कर चला गया। श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने कहा कि रामकिशन मुझे अपना बड़ा भाई मानते थे और उनके जाने के बाद मुझे भी यही महसूस हुआ कि मेरा छोटा भाई मुझे छोड़कर चला गया। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक शर्मा ने कहा कि स्व. कटारे का जीवन बहुत ही खुशमिजाज था। इस मौके पर स्व. कटार की पत्नी प्रीती कटारे, ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल जोहरे, कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी, समाजसेवी महेश मुद्गल, रामबाबू कटारे, डॉ जयप्रकाश मिश्रा, संजय शर्मा, मदन बाथम, पत्रकारगण प्रेस क्लब के सचिव राज दुबे,जोगेंद्र सेन, धर्मेंद्र तोमर, रविशेखर, अनिल शर्मा,नासिर गौरी, मचल सिंह बैस, विनोद गुप्ता, प्रमोद शर्मा, अशोक पाल, राजेश जायसवाल (छोटू) शाहनजाज खान, आनंद पाठक समैत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सामान्य प्रशासन के गाइडलाइन के अनुसार जल्द से जल्द लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण करें निराकरण : कलेक्टर

**कलेक्टर ने लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश**

**अनुपपुर।** कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने कहा है कि लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण गंभीरता के आधार पर निराकरण करते हुए पदों को भरा जाए। उन्होंने कहा कि विभाग में जो भी पद रिक्त है, उन्हें मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्धारित गाइडलाइन तथा जिला स्तरीय अनुकंपा नियुक्ति समिति के माध्यम से दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार जल्द से जल्द भरा जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि कोई भी अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण बिना किसी कारण के लंबित न रहे अधिकारी यह भी विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित लंबित अनुकंपा नियुक्ति की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक, अधीक्षक भू-अभिलेख श्री प्रदीप मोगरे सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर को रिक्त पदों की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि पदों को भरने हेतु भोपाल पत्र भेजा गया है, जिस पर कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोई भी अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण अनावश्यक भोपाल ना भेजा जाए, जिला स्तरीय अनुकंपा नियुक्ति समिति की अनुशंसा के अनुसार उन रिक्त पदों को भरा जाए। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि अधिकारी अपने अनुसार अनुकंपा नियुक्ति न दें, जिला स्तरीय अनुकंपा नियुक्ति समिति के द्वारा निर्णय किया जाएगा कि जिस विभाग में कर्मचारियों की आवश्यकता है, उस विभाग में नियुक्ति दी जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को जिले के सभी विभागों में विभिन्न पदों की गणना करने तथा अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों को गंभीरता के आधार पर निराकरण करने, आरक्षण का रोस्टर प्लान करने तथा मार्च से पूर्व अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

# लहार के राम राज्य में तड़प तडप कर भुख से मर रही गौमाता

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान








लहार नगर में गली गली में डले तड़प रहे गौवंश भुख प्यास से हो रही मौत असाध्य अवस्था में डले गौवंशो को रात में शिकारी कुत्ते जिन्दा ही वना लेते शिकार दुसरी और भारतीय जनता पार्टी के,कुछ कद्दावर नेता कह रहे हैं लहार में राम राज्य चल रहा है, लेकिन गायों की कोई सुनने वाला नहीं है, नगरपालिका द्वारा नहीं किया जा रहा घायल विमार गौवंशो के रखरखाव का इंतजाम पूर्व विधायक के कार्यकाल में तो नगरपालिका कांजी हाउस में मिल जाता था गौवंशो को आश्रय अब तो हालत हुए बहुत खराव गायों की रखरखाव की व्यवस्था के सम्बन्ध में विगत दिनों विशव हिन्दू परिषद द्वारा लहार एसडीएम को दिया गया आवेदन डाला गया रद्दी की टोकरी में,गाय के नाम पर लिये जाते वोट लेकिन गायों के हित के लिए नहीं करवाये जाते इंतजाम।

# ईवीएम के भौतिक सत्यापन उपरांत क्वालिटी जांच एवं वर्किंग, नोन वर्किंग डिवाइस तैयार करने के लिये अधिकारी, कर्मचारी नियुक्त

**मुरैना।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के आदेशानुसार ईवीएम के भौतिक सत्यापन उपरांत, ईवीएम की क्वालिटी चेकिंग के दौरान नॉन वर्किंग ईवीएम की डिवाइस क्रमवार सूचीबद्ध करने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री अंकित अस्थाना ने अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है, जिसमें शासकीय हाई स्कूल चचेहा के प्राचार्य वीरेन्द्र जैन एवं शासकीय हाई स्कूल जारह के प्राचार्य आर. वी. गौड, मास्टर ट्रेनर्स और कर्मचारी, भृत्यों के ड्यूटी आदेश जारी किये हैं। जिसमें बताया है कि क्वालिटी जांच का कार्य 24 फरवरी 2025 से शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना में 10 बजे से प्रारंभ किया जायेगा। जानकारी के अनुसार जल संशाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी गजेन्द्र गुर्जर, ऐ.के. जैन, उपयंत्री आर.डी. मुदगल, मिल्टन सिंह, एस. के. टुण्डेलकर, जल संशाधन विभाग सुश्री शिवानी तोमर, श्रीमती सैफाली तोमर, स्थल सहायक सचिन गुप्ता, श्रीमती गंगा कंषाना, को नियुक्त किया है। इसी प्रकार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपयंत्री डी.एस. कंषाना, अमृतलाल राजपूत, बालमुकुन्द नरबरिया, राजेश भारद्वाज, प्रवीण कुमार वर्मा को नियुक्त किया है। सांख्यिकी विभाग मुरैना के कम्प्यूटर ऑपरेटर राहुल डण्डोतिया को नियुक्त किया है।

# मुरैना में रंगदारी नहीं देने पर दुकानदार से मारपीट 6 नकाबपोश बदमाशों ने पीटा



**मुरैना।** मुरैना शहर में एक दुकानदार के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। यह घटना गुरुवार को बस स्टैंड इलाके में स्थित रेडीमेड गारमेंट की दुकान में हुई। दुकानदार पुनीत सिकरवार ने बताया कि कुछ युवक उनकी दुकान पर आए और रंगदारी मांगी। जब उन्होंने रंगदारी देने से मना कर दिया, तो युवकों ने उनकी मारपीट कर दी और दुकान में तोड़फोड़ कर भाग गए। इस घटना की पूरी वीडियो दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज का उपयोग कर रही है। दुकानदार पुनीत सिकरवार ने बताया कि वह अपनी दुकान खोलने के बाद से ही रंगदारी के लिए दबाव का सामना कर रहे थे। गुरुवार को उन्होंने रंगदारी देने से आरोपियों को मना कर दिया था। इसके बाद 6 युवक मुंह पर कपड़ा बांध कर पुनीत को दुकान पर आए और उससे फिर रंगदारी मांगी और किसी से फोन पर बात भी कराई। जब बात नहीं बनी तो युवकों ने दुकानदार पुनीत के साथ मारपीट कर दी और दुकान में तोड़फोड़ कर भाग गए। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

**एमआरआई जाँच की सुविधा मिलेगी जिला चिकित्सालय में : सिंधिया**

# केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जिला चिकित्सालय मुरार में किया एमआरआई मशीन का लोकार्पण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, 900960101101



**ग्वालियर।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आने वाली पीढ़ी शिक्षित व स्वस्थ होगी तो हमारा शहर, प्रदेश व देश का विकास सुनिश्चित है। इसी भाव के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। श सिंधिया शुक्रवार को जिला चिकित्सालय मुरार में एमआरआई (रेजोनेंस इमेजिंग मशीन) के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्सिंधिया ने कहा कि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर दुनिया की सबसे अत्याधुनिक एमआरआई मशीन की व्यवस्था जिला चिकित्सालय में की गई है। कार्यक्रम में उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह तथा ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी विशेष रूप से मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा खुशी की बात है यहाँ पर एमआरआई कराने वाले मरीजों को 80 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। जो एमआरआई जाँच बाजार में 6 हजार रूपए से 15 हजार रूपए तक में होती हैं वह यहाँ पर मात्र 600 से 1800 रूपए में हो जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में दोनों सरकारें शिक्षा, स्वास्थ्य एवं गरीबों के कल्याण में जुटी हैं। साथ ही कहा कि ग्वालियर में अत्याधुनिक एयर टर्मिनल, रेलवे स्टेशन, एलीवेटेड रोड, पेयजल के लिये चंबल प्रोजेक्ट व रमौआ परियोजना सहित तमाम विकास कार्य मूर्तरूप ले रहे हैं। इससे ग्वालियर के औद्योगिक विकास की आधारशिला भी तैयार हुई है। उन्होंने कहा कि अधोसंरचनागत विकास के साथ-साथ ग्वालियर के औद्योगिक विकास में भी उनकी ओर से पुरजोर सहयोग मिलेगा। आरंभ में केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने पट्टिका का अनावरण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर एमआरआई मशीन का लोकार्पण किया। उन्होंने एमआरआई कक्ष का जायजा भी लिया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जय प्रकाश राजौरिया, पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल एवं एमआरआई स्थापित करने वाली सहयोगी संस्था कृष्णा के एमडी श्री मोथा ने भी विचार व्यक्त किए। श्री गोयल ने जिला चिकित्सालय मुरार के आधुनिकीकरण व उन्नयनीकरण में दिए गए सहयोग के लिये केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया के प्रति विशेष रूप से आभार जताया।

# बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

## परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया



**सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2025 की मुख्य परीक्षाओं का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके अनुसार हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा दिनांक 25 फरवरी से 25 मार्च 2025 तक होना सुनिश्चित है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा सीधी जिले में उक्त परीक्षाओं के संचालन में कानून व्यवस्थाएं, परीक्षा की पवित्रता और विश्वसनीयता बनायें रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163(1) के तहत प्रतिबन्धात्मक आदेश प्रसारित किया गया है। जारी आदेशानुसार सीधी जिला के समस्त परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर निर्देशित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति या समूह (परीक्षार्थियों, डयूटी पर तैनात कर्मचारियों एवं अधिकारियों को छोड़कर) प्रतिबंधित परिधि के अन्दर प्रवेश नहीं करेगा, न ही उक्त परिधि में एकत्रित होगा और न ही किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र एवं अन्य घातक पदार्थों को न तो साथ लेकर प्रवेश करेगा और न ही उनका प्रयोग या प्रदर्शन करेगा, कोई व्यक्ति या समूह परीक्षा केन्द्र की ओर किसी भी दिशा से आने वाले आवागमन के मार्ग को किसी भी प्रकार अवरूद्ध नहीं करेगा। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रतिबंधित क्षेत्रांतर्गत वाहनों का जमावड़ा न हो, प्रतिबंधित क्षेत्रांतर्गत कोई भी व्यक्ति इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल, टेबलेट, कम्प्यूटर, ब्लूटूथ, स्मार्टवाच एवं इसी तरह के अन्य उपकरणों का उपयोग नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों की परिधि या कहीं भी परीक्षा में नकल कराने की दृष्टि से किसी भी प्रकार के नकल सामग्री जैसे गाइडें, पुस्तकें, नोट्स, छोटी बड़ी नकल की पर्चियां, किताबों के पन्ने एवं इसी प्रकार की अन्य सामग्री को लेकर प्रवेश नहीं करेगा और न ही वस्तुओं का वितरण या प्रचार-प्रसार नहीं करेगा, जिससे परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा के सुचारू संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े या परीक्षा की गोपनीयता किसी रूप से भंग हो। परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि में परीक्षा संचालन की समयावधि के दौरान कोई भी दुकान जैसे चाय, पान की गुमटी, पीसीओ, फोटो कापी, कम्प्यूटर, शराब या मोबाइल रिचार्ज की दुकान इत्यादि नहीं खुलेगी या उनमें उक्त अवधि में किसी भी रूप से कोई व्यक्ति व्यवसाय संचालित नहीं करेंगे। प्रतिबंधित क्षेत्रांतर्गत किसी भी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा से संबंधित कर्मियों के साथ बहस करने, परीक्षा विरोधी वार्तालाप करने, डराने धमकाने अथवा परीक्षा से संबंधित कार्यों को रोकने का कार्य नहीं करेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने की दशा में संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा-223 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह निषेधाज्ञा दिनांक 25 फरवरी 2025 से दिनांक 25 मार्च 2025 तक प्रभावशील रहेगी।

# 14 थानों के 51 परीक्षा केंद्रों की गोपनीय सामग्री वितरित हुई

## 22 फरवरी को कोतवाली थाना के 15 परीक्षा केंद्रों का वितरण किया जाएगा



**सीधी।** 25 फरवरी से प्रारंभ हो रही बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण समन्वयक संस्था क्र 2 सीधी से कड़ी निगरानी में हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी एल मिश्रा ने बताया कि आज 51 केंद्रों की गोपनीय सामग्री केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष को सौप दी गई। शेष 15 केंद्रों की सामग्री 22 फरवरी को दी जाएगी।

# प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस



**सीधी।** भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के त्रैमासिक कलेंडर के अनुसार मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 21 फरवरी 2025 को प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ राम नारायण स्वर्णकार प्राध्यापक वाणिज्य के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 15 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता का विषय था- तकनीकी युग में मातृभाषा का अस्तित्व एवं चुनौतियां। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु प्रीति रजक बी एससी प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान रामजीत साकेत बी काम द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान जयती यादव बी एससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का विषय था - शिक्षा के क्षेत्र में मातृभाषा की भूमिका। भाषण प्रतियोगिता में 8 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोहित पाण्डे बी ए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान प्रांजल कुमार अग्निहोत्री बी ए द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान तन्नू शुक्ला बी एससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका में निबंध प्रतियोगिता में डॉ दिवाकर सिंह सहायक प्राध्यापक वनस्पति, डॉ यज्ञ प्रताप साहू अतिथि विद्वान गणित तथा डॉ रामानुज पटेल अतिथि विद्वान हिन्दी रहे। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ राकेश कुमार प्रजापति सहायक प्राध्यापक भूगोल, डॉ विनोद साकेत विभागाध्यक्ष हिन्दी तथा डॉ रामानुज पटेल अतिथि विव्दान हिन्दी रहे।

भारतीय भाषाएं एवं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय में संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। डॉ विनोद साकेत विभागाध्यक्ष हिन्दी ने भारतीय भाषाएं और भारतीय ज्ञान परंपरा पर विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ राम नारायण स्वर्णकार प्राध्यापक वाणिज्य ने मातृभाषा, भारतीय भाषाएं और भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को रेखांकित किया। डॉ दिवाकर सिंह, डॉ यज्ञ प्रताप साहू, डॉ राकेश कुमार प्रजापति ने संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किये। अन्त में प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मातृभाषा और राष्ट्रीय परिदृश्य विषय पर प्रश्नमंच आयोजित हुआ। तीन टीमो ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रत्येक टीम में 5-5 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। टीम बी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम में रोहित पाण्डे, प्रांजल अग्निहोत्री, तन्नू शुक्ला, प्रीति रजक तथा कंचन जायसवाल थे। आज के प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रभाकर सिंह ने सभी को बधाई प्रेषित किया है।

# जिले के 1655 विद्यार्थियों को लैपटाप क्रय हेतु खाते में मिले पच्चीस हजार रूपये





**सीधी।** प्रदेश सरकार द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं को लैपटाप क्रय करने के लिये उनके खाते में पच्चीस हजार रुपये दिये जाते है। इस योजना के माध्यम से डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहित करना और छात्रों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ना मुख्य उद्देश्य है। जिससे विद्यार्थी टेक्नालॉजी से जुड़कर और बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सके। भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश के होनहार विद्यार्थियों को लैपटाप खरीदने के लिये उनके खाते में पच्चीस हजार रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। कार्यक्रम में सीधी जिले के 1655 विद्यार्थियों के खाते में राशि अंतरित की गई।

**सीधी जिले की सहारा तिवारी और सुहानी पाठक ने किया जिले का प्रतिनिधित्व :-**

उत्कृष्ट विद्यालय सीधी की छात्रा सहारा तिवारी पिता रावेन्द्र तिवारी निवासी ग्राम घोघरा ने कक्षा 12वीं में 95.2 प्रतिशत अंक अर्जित किया और वर्तमान में पोस्ट ऑफिस में नौकरी करने लगी है। 25 हजार रुपये प्राप्त होने से बेहद खुश है। वह बताती हैं कि वह एक साधारण परिवार से हैं। उनका एक सपना था कि उनके पास लैपटाप हो। गत वर्ष सीनियर छात्रों की स्कूटी देखकर उन्हें भी स्कूटी खरीदने की इच्छा जागृत हुई। वह रात-दिन पढ़ाई करने लगी और आज उनके दोनों सपने साकार हो गये। उन्होंने बताया कि उन्हें आज लैपटाप खरीदने हेतु पच्चीस हजार रूपये प्राप्त हुये है। स्कूटी हेतु भी राशि प्राप्त हो चुकी है। 26 फरवरी को स्कूटी खरीदने का मुहूर्त है उसी दिन स्कूटी और लैपटाप खरीदेंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री जी को सपना पूरा करने के लिये बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है। सुहानी पाठक पिता पंकज पाठक निवासी अमरपुर भी उत्कृष्ट विद्यालय से 90 प्रतिशत से ज्यादा अंकों से उत्तीर्ण हुई। किसान की बेटी सुहानी बताती हैं कि शुरू से ही लैपटाप योजना का लक्ष्य बनाया था। जब 90 प्रतिशत रिजल्ट आया तब लगा कि जल्द ही लैपटाप के लिये राशि प्राप्त होगी लेकिन जब देरी हुई तब थोड़ी निराशा हुई लेकिन आज भोपाल के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भी शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ और राशि भी प्राप्त हुई। उन्होंने भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।

# जादू टोने के संदेह पर गर्दन काट कर हत्या करने के चिन्हित मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा



बताया गया कि फरियादी रघुराज सिंह गोंड पिता मकसूदन सिंह गोंड उम्र 36 वर्षए निवासी कारीमाटी थाना जमोडी दिनांक 12ण05ण2022 को वैवाहिक कार्यक्रम में शिंदू पैलेस सीधी आया हुआ था। उसे दिनांक 13ण05ण2022 के सुबह करीबन 09रू15 बजे जानकारी मिली कि उसके गांव के रावेन्द्र सिंह गोंड़ उर्फ छोटकउ सिंह ने उसके पिता मकसूदन सिंह की गर्दन काटकर हत्या कर दिया है एवं उसके मृत पिता की गर्दन हाथ में लेकर गांव में घूम रहा है। तब वह तुरंत गांव के नीरज सिंह के साथ अपने पिता के घर ग्राम कारीमाटी आया और उसने घर के दरवाजे के सामने अपने पिता मकसूदन सिंह का मृत शरीर पड़ा हुआ देखा एवं उनकी गर्दन धड़ से अलग होकर गायब थी व घटना स्थल पर काफी खून फैला हुआ था। वहां पर गांव पड़ोस के लोग भी एकत्रित हो गये थें तब वह स्वयं व नीरज सिंह चौहान तथा गांव के अन्य लोग रावेन्द्र सिंह गोंड़ की तलाश करने लगे और तलाश करते करते ढोंटाखोह तक पहुंच गये। थाना जमोड़ी की पुलिस भी सीधी तरफ से आ रही थी तो उन लोगों को पीछा करते हुए देखकर रावेन्द्र सिंह उसके पिता की गर्दन वही उदयराज यादव के घर के पास सड़क के किनारे छोड़कर साथ में कुल्हाड़ी लिए हुए भागने लगा तब उसे भागते हुए गांव के लोगों ने व पुलिस ने पकड़ लिया। रावेन्द्र सिंह उर्फ छोटकऊ ने उसके पिता के ऊपर जादू टोना करने व भूत विद्या का आरोप लगाकर कुल्हाड़ी से उसके पिता की गर्दन काटकर हत्या कर दी है। मृत धड़ घर के सामने ग्राम कारीमाटी में व गर्दन से उपर का हिस्सा ढोंटाखोह में पड़ा है। सूचनाकर्ता रघुराज सिंह की उक्त सूचना पर मौके पर देहाती नालसी कमांक 02ध2022 दर्ज की गई एवं थाना जमोड़ी में अपराध कमांक 241ध2022 दिनांक 13ण05ण2022 अंतर्गत धारा 302 भाण्दंण्संण्ए 1860 पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण को श्रीमान् पुलिस अधीक्षक सीधी के द्वारा जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में चिन्हित कर विवेचना के निर्देश जारी किये गये। प्रकरण की संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय सत्र न्यायालय सीधी में प्रस्तुत किया गयाए जिसके न्यायालयीन सत्र प्रण्क्रण् 105ध2022 में शासन की ओर से सशक्तर पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक श्रीमती श्रद्धा सिंह द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया।

# 23 फरवरी को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित



**सीधी।** अधीक्षक अभियंता (सं चा - सं धा) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. ने जानकारी देकर बताया है कि सीधी शहर उपसंभाग क्षेत्रान्तर्गत पावर हाउस में 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र में एस.टी.एम टीम द्वारा 33 के.व्ही.फीडर व्ही.सी.वी. मेंटिनेंस का कार्य किया जाना है। दिनांक 23.02.2025 दिन रविवार को सुबह 9:00 बजे से 12:00 बजे तक सिटी-1, सिटी-2, फूलमती, गाड़ा, डेम्हा, चैफाल, बंजारी, एवं नौंगवा फीडर के अन्तर्गत आने वाले समस्त क्षेत्रों की विद्युत बंद रहेगी। कार्य की अधिकता के आधार पर समय को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।



# आशीर्वाद समारोह के साथ हुआ बारहवीं के भैया बहनों का दीक्षांत समारोह संपन्न

**अनूपपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के सभा कक्ष में कक्षा बारहवीं के सभी संकाय के छात्रों का आशीर्वाद , दीक्षांत समारोह कक्षा ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं के द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। वहीं अतिथियों ने भविष्य में आने वाली चुनौतियों के संबंध में उनका मार्गदर्शन भी किया। कार्यक्रम की शुरूआत मंचासीन अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती के विभाग समन्वयक श्री राम शिरोमणि शर्मा विद्यालय प्रबंध कार्यकारणी समिति के व्यवस्थापक आदर्श दुबे कोषाध्यक्ष श्रीमती रमा मिश्रा केशव शिक्षा समिति के अध्यक्ष बैजनाथ त्रिपाठी आचार्य एवं दीदीपरिवार की उपस्थिति में संपन्ना हुआ। कार्यक्रम का संचालन एकादश के बच्चों के द्वारा किया गया। कक्षा बारहवीं कामर्स संकाय से प्रिंस पाण्डेय विज्ञान संकाय से भावना पाण्डेय श्रेया शर्मा , विवेक राठौर , अमित कुमार , प्राची भगत ,युवराज पाल सक्षम साहू,लक्ष्मी ,गायत्री के द्वारा अनुभव कथन प्रस्तुत किया गया। सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय की शिक्षा, संस्कार को सर्वोपरि सिद्ध किया। उन्होंने विद्यालय में सभी संकाय के विषयों के शिक्षक व शिक्षिकाओं द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के लिए उनका आभार प्रकट किया। भावना पाण्डेय ने कहा कि मैंने इस विद्यालय में कक्षा अरुण से द्वादश तक अध्ययन किया है और मैं इस विद्यालय में प्राप्त शिक्षा और संस्कार को कभी भूल नहीं सकता। किशोर भारती अध्यक्ष प्रिंस पांडे ने कहा इस विद्यालय की सबसे बड़ी विशेषता शिक्षा के साथ-साथ संस्कार,चरित्रवान,कर्तव्यनिष्ठ बनने की प्रेरणा हमको प्राप्त हुई है। प्राची भगत यादव एवं श्रेया शर्मा ने



विद्यालय द्वारा प्रदत्त संस्कारों को जीवन की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसे संजोए रखने की बात कही। यहां बच्चों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम शिरोमणि शर्मा जी ने कहा कि सच्ची लगन से परिश्रम करके हम अपने लक्ष?य को प्राप्त कर सकते हैं विद्या भारती के भैया बहनों ने हमेशा प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना परचम लहराया है समिति की कोषाध्यक्ष श्रीमती रमा मिश्रा जी ने शिशु मंदिर की सराहना करते हुए कहा कि यहां की शिक्षा पूर्णत: संस्कार पर आधारित है जिसके कारण यहां पढ़ने वाला विद्यार्थी संस्कारवान की श्रेणी में आते हैं । विद्यालय के प्राचार्य श्री सतीश सिंह जी ने ने कम समय में उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं की सराहना की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की समिति के व्यवस्थापक श्री आदर्श दुबे जी ने बारहवीं के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थी को कभी भी हतोत्साहित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मन में आत्मविश्वास की भावना हो और निश्चयपूर्वक लक्ष?य केंद्रित कर परिश्रम किया जाए तो कोई भी लक्ष?य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद का संदेश देते हुए विद्यार्थियों को जब तक लक्ष?य प्राप्त न हो निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। अंत में उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी जीवन की शुभ कामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की द्वादश के कक्षार्य श्री संतोष शुक्ला ने अपने सभी भैया बहनों को एक सही मार्ग में चलकर लक्ष्य प्राप्ति करने का आव्हान किया और बच्चो के साथ बीते समय को याद किया कार्यक्रम का सफल संचालन दीदी संध्या शिवहरे एवं ग्यारहवीं के भैया लक्ष्य राव, दीप राव द्वारा किया गया किया गया कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार संस्था के प्राचार्य श्री नित्या नन्द श्रीवास्तव द्वारा करते हुए तत्कालीन परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम लाने के लिए भैया बहनों का मार्गदर्शन किया मिष्ठान एवं स्वल्पाहार कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में शुक्रवार को अधिवक्ता रहे कार्य से विरक्त

**राजेंद्र खरे कटनी**

जिला न्यायालय कटनी में अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में शुक्रवार दिनांक 21.02.2025 को अधिवक्तागण न्यायालयीन कार्य से विरक्त रहे बताया गया कि एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 के प्रस्तावित प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा हुई, प्रस्तावित संशोधन अधिवक्ताओं की स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, और समाज को न्याय दिलवने वाली वकालत पर कुठाराघात करता है, जिसका मुखर विरोध करने का संयुक्त निर्णय लिया गया, तथा आज शुकवार को न्यायालीन कार्य से विरक्त रहने की पूर्ण सहमति व्यक्त की। अधिवक्ता संघ कटनी के समस्त अधिवक्तागण द्वारा



न्यायालयीन कार्य से विरक्त है अधिवक्ताओं के प्रकरण जो आज सुनवाई हेतु नियत थे उन्हें अदम पैरवी में निरस्त न किया जाने मांग की गई न ही प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही न की जाये, न ही आरोपी के विरूद्ध वारंट जारी किया जावे अर्थात किसी भी प्रकरण में विपरीत कार्यवाही न की जावे, इन मांगों को लेकर अधिवक्ता एक दिन के लिए कार्य से विरक्त रहें इस कार्य विरक्त हड़ताल मे एडवोकेट संतु परोहा(जिला उपाध्यक्ष), एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज (जिला प्रतिनिधि शिकायत निवारण समिति मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद), एडवोकेट सुजीत द्विवेदी, एडवोकेट रविंद्र गुप्ता,एडवोकेट मीत धवल(सह सचिव), एडवोकेट बसंत तिवारी,एडवोकेट सनत परोहा,एडवोकेट अंतु पांडेय,एडवोकेट अजय जायसवाल(कार्यकरणी सदस्य ), एडवोकेट अक्षय बजाज, एडवोकेट राजेश सिंह, एडवोकेट संजय चतुर्वेदी,एडवोकेट नीरज द्विवेदी, एडवोकेट हिमांशु शर्मा, एडवोकेट संदीप विश्वास, एडवोकेट एडवोकेट कमलापति तिवारी,एडवोकेट विपिन चक्रवर्ती,एडवोकेट श्रीकांत श्रीवास्तव,एडवोकेट यशपाल सिंह राजपूत, एडवोकेट गौरव खाम्पारिया,एडवोकेट माहि विश्वकर्मा,एडवोकेट शीतल पटेल,एडवोकेट वसीम खान,एडवोकेट शैल्या प्यासी,एडवोकेट आयुष सोनी, एडवोकेट अभिषेक सोनी,एडवोकेट अभिनेष नामदेव,नीलेश निषाद, एडवोकेट आकाश बर्मन, एडवोकेट रौशनी पटेल, एडवोकेट पूनम पटेल,एडवोकेट अभिषेक पांडेय, एडवोकेट अनुराग गुप्ता,एडवोकेट सभया दुबे,मंगलजीत सिंह,एडवोकेट अनुभव रावत, सुलेखा पटेल,एडवोकेट मनु साहू, एडवोकेट निगार खान, एडवोकेट फातमा खातून,एडवोकेट लबी गुप्ता, व तमाम अधिवक्तागण न्यायाललीन कार्य से विरक्त रहे।

# 16 करोड रायसेन 30 करोड़ की लगभग सिलवानी बिजली विभाग की बकाया राशि

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

**रायसेन।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी रायसेन द्वारा बकयादार घरेलू और दुकानदारों से मार्च महीने के लक्ष्य को पार करने के लिए वसूली अभियान चलाया जा रहा है ।बिजली कंपनी के अमले द्वारा बिजली कनेक्शन काटो अभियान भी चलाया गया है। जिससे हड़कंप मचा हुआ है। रायसेन सिटी के प्रांजल शर्मा ने बताया कि कंपनी को करीब 16 करोड रुपए शहरी क्षेत्र से बकाया है वह राशि अभियान चला कर वसूली जाना है। सज प्रांजल शर्मा के साथ कंपनी के हमले ने गंज बाजार क्षेत्र में व्यापारियों से करीब 6 करोड रुपए वसूली साथ ही बाकायदा दुकानदारों के बिजली कनेक्शन काटे गए ।इन ब्बकायादारों से



अभियान से व्यापारियों में भी अफरा तफरी का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार को दोपहर सिटी के प्रांजल शर्मा की टीम ने बाकायदा दुकानदारों से करीब 6 करोड रुपए वसूले ।रोजाना 13 से 17 बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं ।कंपनी के बिजली अमले द्वारा यदि राशि जमा नहीं की जाती तो उनके बिजली कनेक्शन विच्छेद कर दिए जाते हैं। रायसेन से दूनी बकाया राशि सिलवानी तहसील की है 30 करोड़ 35 लख रुपए सिलवानी तहसील की बकाया राशि है इस समय टावर तोड़ तरीके से राशि वसूली अभियान चल रहा है अब देखना यह है कि रायसेन आगे रहता है या सिलवानी आगे रहती है।

# एसडीएम कार्यालय में बड़ा घोटाला! फाइल गायब, कार्रवाई की मांग

## 18 फरवरी को स्थ्ठरूने समूह के विरुद्ध की थी कार्रवाई

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो रिपोर्ट रीवा**

मनगवां एसडीएम कार्यालय में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। गंगेव जनपद शिक्षा केन्द्र अन्तर्गत शासकीय माध्यमिक शाला कठेरी में दो स्व सहायता समूह को हटाने के मामले की कार्रवाई की फाइल एसडीएम कार्यालय से गायब हो गई है। इस मामले में एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। समूह के सदस्यों ने बताया कि उन्होंने कई बार एसडीएम से मिलकर फाइल की जानकारी मांगी, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।



एसडीएम कार्यालय के बाबू ने बताया कि फाइल कार्यालय में नहीं है, लेकिन उन्हें नहीं पता कि फाइल कहां है। उन्होंने बताया कि हो सकता है कि फाइल बीआरसीसी गंगेव प्रदीप दुवेदी ले गये हों। इस मामले में एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। समूह के सदस्यों ने बताया कि वे इस मामले को लेकर उच्च अधिकारियों से मिलेंगे और न्याय की मांग करेंगे।

## एमपी में आज से फिर लुढ़केगा पारा

# 2 से 3 डिग्री की गिरावट होगी; भोपाल-ग्वालियर में बादल छाएंगे

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में शुक्रवार से दिन-रात का पारा फिर से लुढ़केगा। मौसम विभाग ने तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना जताई है। भोपाल-ग्वालियर में बादल छा सकते हैं, जबकि इंदौर, उज्जैन में आसमान साफ रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, फरवरी के आखिरी दिनों में मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। वर्तमान में दक्षिण पाकिस्तान और राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम है। वहीं, उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में भी मौसम बदला है। इधर, प्रदेश में गुरुवार को पारे में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। दिन का तापमान 30 डिग्री से ज्यादा ही रहा। सबसे ज्यादा 34 डिग्री खरगोन में दर्ज किया गया। वहीं, सिवनी, मंडला, गुना, खंडवा और रतलाम में पारा 33 डिग्री के पार पहुंच गया। दमोह, खजुराहो, सागर, धार, नर्मदापुरम में तापमान 31 डिग्री या इससे अधिक ही दर्ज किया गया। भोपाल में 31.6 डिग्री, इंदौर में 30.6 डिग्री, ग्वालियर में 28.8 डिग्री और उज्जैन में 31.4 डिग्री रहा। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिली। हालांकि, शुक्रवार



से पारे में गिरावट होने लगेगी। गुरुवार को मुरैना और भिंड में हल्की बारिश भी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, 24 फरवरी को उत्तर-पश्चिम भारत में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। जिसका असर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। मौसम वैज्ञानिक प्रमेंद्र कुमार रैकवार ने बताया, फरवरी में कई वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होते हैं। अबकी बार भी ऐसा ही है। इस वजह से पारे में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। फिलहाल बारिश होने के आसार नहीं है। प्रदेश में पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें, तो फरवरी महीने में रातें ठंडी और दिन गर्म रहते हैं। बारिश का ट्रेंड भी है। इस बार भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पार रहेगा, जबकि रात में 10 से 14 डिग्री के बीच रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, फरवरी में सबसे ज्यादा ग्वालियर ठिठुरता है। पिछले साल यहां न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री तक पहुंचा था, लेकिन इससे पहले 5 डिग्री के नीचे ही रहा है। जबलपुर में दिन में गर्मी और रात में ठंड रहती है। इस बार शुरुआती दो महीने यानी, नवंबर और दिसंबर में कड़ाके की ठंड पड़ी। ठंड ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। नवंबर की बात करें तो भोपाल में 36 साल का रिकॉर्ड टूटा। इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर में भी पारा सामान्य से 7 डिग्री तक नीचे रहा।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पीएम मोदी को थ्री लेयर सिक्योरिटी

**भोपाल।** भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 को लेकर प्रशासन की तैयारी पूरी हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी सुबह 10 बजे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में जीआईएस का शुभारंभ करेंगे। वीवीआईपी के लिए थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। पहली लेयर में एसपीजी कमांडों, दूसरी लेयर में आईपीएस और तीसरी लेयर में सुरक्षा में तैनात पुलिस जवान मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान 25 आईपीएस सहित करीब साढ़े पांच हजार पुलिस जवान सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। इसकी निगरानी एडीजी स्तर के अधिकारी करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को अधिक पुख्ता करने लिए एक दर्जन ड्रोन और 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे कार्यक्रम स्थल से लेकर शहर के चप्पे-चप्पे की निगरानी करेंगे। कार्यक्रम स्थल और एयरपोर्ट पर ड्रोन बैन रहेगा। पीएम मोदी के अलावा करीब दो दर्जन देशों के राजनयिक और दर्जन भर से अधिक देशों के उद्योगपति भी भोपाल आने वाले हैं। सुरक्षा की कमान गुरुवार को एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) ने अपने हाथ में ले ली है। तैयारियों को लेकर एसपीजी ने भोपाल पुलिस के साथ गुरुवार शाम मीटिंग की।

# हमीदिया में आज भी हुआ चिकित्सा महासंघ का प्रदर्शन

**भोपाल।** प्रदेशभर के सरकारी डॉक्टर अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में आज, 21 फरवरी को प्रदेश के अलग-अलग अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टर्स ने प्रतीकात्मक रूप से अमानक दवाइयों की होली जलाकर विरोध दर्ज कराया। राजधानी भोपाल के हमीदिया हॉस्पिटल में भी डॉक्टर्स ने अमानक दवाईयों की सांकेतिक होली जलाई। चिकित्सा महासंघ के संयोजक डॉ राकेश मालवीय ने बताया कि अमानक हम उन दवाइयों को मानते हैं, जिनमें मौजूद दवा की पोटेंसी कम होती है। मान



लीजिए कि हमें पैरासिटामोल 500 मिलीग्राम चाहिए, लेकिन यदि उसमें केवल 300 मिलीग्राम ही हो, तो ऐसी दवा का मरीज को कोई लाभ नहीं मिलेगा। ऐसी दवाइयों को अमानक कहा जाता है। डॉ राकेश मालवीय ने बताया कि, हाल ही में, पिछले साल सितंबर-अक्टूबर में हजारों जीवनरक्षक दवाइयां और मल्टीविटामिन तक अमानक पाई गई। ये दवाइयां मध्य प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में उपयोग की जा रही थीं, जहां लाखों लोग इलाज करवाने आते हैं। हमने इस मुद्दे को बहुत प्रमुखता से उठाया, लेकिन इस गंभीर अपराध पर आवश्यक आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के बजाय, केवल कुछ दवाइयों को कुछ समय के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया गया।

## भोपाल के डेम में मिला युवक का शव

**भोपाल।** भोपाल के हथाईखेड़ा डेम में युवक का शव मिला है। दो दिन पहले वह पिता से विवाद कर घर से निकला था। डेम के करीब ही युवक की स्कूटी भी मिली है। पुलिस इसे सुसाइड केस मानकर चल रही है। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक गौरव चौकसे (36) पुत्र लीलाकिशन चौकसे माता मंदिर पठार आनंद नगर ठेकेदारी करता था। 19 फरवरी को उसका पिता से विवाद हुआ था। मृतक के भाई दीपक ने बताया कि पिता और भाई के बीच लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था।

# केंद्र और प्रदेश की सरकार अमृत सरोवर को लगा पलीता

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

**सिलवानी।** अमृत सरोवर योजना 80 परसेंट केंद्र सरकार 20त्न प्रदेश सरकार के द्वारा मनरेगा के माध्यम से जारी की गई है जिससे मजदूरों को कम मिले लेकिन हकीकत कुछ और है । पूर्व में ही ग्राम पंचायत चिचोली में कागजों पर सात तालाब कागजों पर खुदे थे। जिसकी आज तक जांच नहीं हुई और यही अधिकारी थे आखिर जांच न होने का परिणाम है कि लोग गलती पर गलती कर जा रहे हैं। जनपद पंचायत के ग्राम देवरी मंढ़िया ग्राम पंचायत एवं ग्राम पंचायत खमरिया मानपुर में शासन की योजना के अनुसार अमृत सरोवर का निर्माण ऐसे स्थल पर पंचायत के द्वारा कराया गया है। जहां पर उसका कोई भी उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस तालाब के निर्माण में पंचायत ने 16.31 लाख रुपए खर्च करना बताया गया है। इतनी राशि खर्च करने के बाद भी बारिश का पानी एक भी बूंद उक्त तालाब में नहीं रूक सका है।

ग्राम पंचायत देवरी मंढ़िया व ग्राम पंचायत खमरिया मानपुर ने ऐसे स्थल पर तालाब का निर्माण



करवाया है। जहां पर बारिश के पानी का संरक्षण तक नहीं हो सका है। इस तालाब के दोनों ओर मिट्टी की पार अवश्य निर्मित की गई और पानी को रोकने के लिए सीसी क्रांकीट का कार्य भी करवाया गया। फिर भी पानी नहीं रूक रहा है। इस पर पंचायत चुप्पी साधे हुए है। इस निर्माण कार्य स्थल का किसी वरिष्ठ अधिकारी के द्वारा अवलोकन तक नहीं किया गया। इसके कारण उक्त निर्माण कार्य में पलीता लगा है। कुछ ग्राम पंचायतों में महिला जनप्रतिनिधियों की आड़ में पति सक्रिय-यहां ग्राम पंचायत में पंच से लेकर सरपंच तक महिलाएं निर्विरोध निर्वाचित होकर आ गई। मगर यहां पर महिला सशक्तिकरण नजर ही नहीं आ रही है। महिला जनप्रतिनिधियों की आड़ में उनके पति हर जगह पर सक्रिय है। जिनके निर्देशन में अमृत तालाब का निर्माण कार्य पूरा हुआ। मगर इस तालाब की हालत ऐसी हो गई है कि उसमें बारिश का पानी नहीं रूकता है वर्तमान समय में ठंड का मौसम अभी निकला है। इसके बाद भी इस तालाब में पानी तक मौजूद नहीं है। जिस मकसद से अमृत सरोवर का निर्माण करवाया गया है। वह मकसद पूरा ही नहीं हो रहा है इसके निर्माण में जो भी राशि खर्च की गई है। वह पूरी तरह से अनुपयोगी साबित हो रही है।

# सतपुड़ा ताप विद्युत गृह एमपीजीसीएल सारनी में संजय अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान शिबू विश्वकर्मा**

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नगरपालिका सारनी के पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री संजय अग्रवाल को सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, एमपीजीसीएल सारनी में विधायक प्रतिनिधि के पद पर नियुक्त किए जाने पर उन्हें हार्दिक बधाइयां। इस अवसर पर दीपक हूरमाड़े, सोहन कसारे, लालू और योगेश ने श्री संजय अग्रवाल को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं तथा उनकी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त



की है। साथ ही, उन्होंने क्षेत्रीय विकास एवं जनहित में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने के लिए माननीय विधायक महोदय के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया है।

# रीवा जिले में फल-फूल रहा अवैध अबॉर्शन का घिनौना खेल

## स्वास्थ्य मंत्री के जिले में ही बेटियों का हो रहा गर्भ में कत्ल

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो रिपोर्ट रीवा**

स्टिंग ऑपरेशन में बड़ा खुलासा ङ्क सिर्फ 14,000 में अबॉर्शन की डील! झोलाछाप महिला डॉक्टर ने की अबॉर्शन की खुली बात 600 बीमारियों की एक ही इलाज डॉक्टर जयप्रकाश हमारे देश में हर बीमारी के अलग-अलग डॉक्टर होते हैं लेकिन यह झोला छाप डॉक्टर 600 बीमारियों का अकेला खुद इलाज करता है और जब इसकी झोला छाप बीवी हमारे अंडर कवर रिपोर्टर के कैमरे में कैद हुई तब पता चला कितना खिलौना कृत्य करती है यह महिला मध्य प्रदेश सरकार ने अवैध गर्भपात (अबॉर्शन) पर सख्त रोक लगा रखी है, लेकिन रीवा जिले में यह गोरखधंधा धड़ल्ले से चल रहा है। सौगंध धरा की अंडरकवर टीम ने जब इस काले कारोबार की तह तक जाने की कोशिश की, तो चौंकाने वाला सच सामने आया।

**कहां हुआ खुलासा? :-**

रीवा जिले के रायपुर तहसील अंतर्गत रामपुरवा हटवा गांव में डॉ. जयप्रकाश नामक डॉक्टर अपनी क्लीनिक चला रहा है। जब हमारी अंडरकवर रिपोर्टर ने वहां पहुंचकर जानकारी लेनी चाही, तो जो सच सामने आया, वह बेहद



डराने वाला था।

**20,000 का सौदा सिर्फ 14,000 में :-**

डॉ. जयप्रकाश खुद क्लीनिक में मौजूद नहीं थे, लेकिन उनकी पत्नी वहां पर डील करने के लिए तैयार थीं। बातचीत में उन्होंने साफ कहा- वैसे तो ?20,000 लेती हूं, लेकिन आपसे ?14,000 ही लूंगी और आपका काम हो जाएगा। रिपोर्टर को देखकर शक होने पर डॉक्टर की पत्नी ने महिला मरीज (जो अबॉर्शन करवाना चाहती थी) से फोन पर बात की। लेकिन रिपोर्टर पहले से ही तैयार थे! सुबह से टाइम देना पड़ेगा, नॉर्मल हो जाएगा, कोई दर्द नहीं होगा। ?14,000 में पूरा इलाज और दवाइयां मिलेंगी।

**स्वास्थ्य विभाग की आंखें बंद :-**

हाल ही में संजीवनी हॉस्पिटल के तिवारी का स्टिंग ऑपरेशन हुआ था, जो शहर में अवैध अबॉर्शन का बड़ा सरगना था। इसके बाद रीवा सीएमएचओ ने आनन-फानन में जांच कमेटी गठित की, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हुई। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला स्वयं रीवा जिले से हैं। जब उनके ही जिले में बेटियों को गर्भ में मारा जा रहा है, तो कैसे सफल होगा हमारा उद्देश्य किसी की छवि खराब करना नहीं, बल्कि समाज में हो रहे इस अमानवीय अपराध को उजागर करना है।

**अब देखना यह है कि :-**

क्या प्रशासन इस बार नींद से जागेगा, या फिर भ्रष्टाचार की चादर ओढ़कर सोता रहेगा?

# मृत्युन्जय सिंह की ताना शाही का कहर



अमरपाटन मे Gi grup एक सिक्योरिटी संस्था है जिसके फील्ड ऑफिसर मृत्युन्ज सिंह जी है सिक्योरिटी गार्डो के पेमेंट मे इनकी ही सबसे बड़ी हेरा फेरी है ज़ब कम्पनी आई थी तो 12000.00 रूपये महीने मे बताया गया था लेकिन मृत्युजय सिंह जी अपने फील्ड अफसर बनने के चक्कर मे बेतन 10000.00 करबा दिया 7 इनकी तानाशाही कितने लोगो को रोड मे लाकर खड़ा दिया। पैसा मागने पर उनको घर बैठा दिया गया जिन्होंने इनके कहने के अनुसार काम किया वह आज भी मौजूद है जिन्होंने बिरोध किया वे घर बैठे है गार्डो को अक्टूबर माह से बेतन नहीं मिला है इनका घर कैसे चलेगा और मृत्युजय सिंह जी फील्ड मे गार्डो के पास जाकर बोलते है की कोई भी पूछे तो बोल देना की पेमेन्ट हों गयी है

# डोंगरियां टोला सिद्ध बाबा की पहाड़ियों में होंगे 11 मुखी हनुमान जी विराजमान

**अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट केसरिया हिंदुस्तान**

**अमलाई।** बरगवां की पावन भूमि जहां स्वयं विराजमान ख्याति प्राप्त दक्षिण मुखी मनोकामना पूर्ति बरगवां नाथ हनुमान जी महाराज विराजमान है वहीं दूसरी ओर प्राकृतिक धरोहर एवं एक सुंदर वातावरण को आलोकित करती पहाड़ियों के ऊपर 11 मुखी हनुमान जी महाराज का भव्य एवं विराट मंदिर निर्माण कार्य अंतिम चरणों में शीघ्र ही मंदिर के अंदर 11 मुखी हनुमान जी होंगे विराजमान। विदित हो कि डोंगरिया टोला नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 5 में सिद्ध बाबा पहाड़ी जहां पर स्वयं पूर्व से भगवान शिव शंकर का मंदिर विद्यमान है और महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर मेला का आयोजन भी निरंतर कई वर्षों से किया जा रहा है इसी तारतम्य में



श्रद्धालु भक्तजनों के द्वारा नाग पंचमी के दिन भी भगवान शिव शंकर की पूजा अर्चना करने के लिए तांता लगा रहता है। धार्मिक भावनाओं को एवं संरक्षण दृष्टिगत रखते हुए भक्त जनों की मांग पर कई वर्षों से यह निर्माण कार्य एक विराट एवं भव्य मंदिर की तैयारी में संपन्न होने जा रहा जहां पर भगवान शिव के 11 में रुद्र अवतार अंश 11 मुखी हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी मंदिर तक पहुंचाने के लिए नगर परिषद के द्वारा सीधी निर्माण कार्य भी पूर्ण कराया जा चुका है इससे पूर्व भक्त जनों के द्वारा आधा निर्माण कार्य प्रारंभ में कराया जा चुका था जिसको पूर्णता प्रदान कर दी गई अब बड़ी सहजता से लोगों को 11 मुखी हनुमान जी महाराज के दर्शन सहजता से हो सकेंगे।

सिद्ध बाबा पहाड़िया धार्मिक आस्था एवं पर्यटन के लिए एक ऐसा उपयुक्त स्थान है जहां पर पहुंचने के बाद ऐसे आत्मक संतुष्टि का अनुभव किया जा सकता है जैसे लगता हो की स्वयं भगवान की चरणों में पहुंच गए हो और इस स्थान को लेकर एक किम बदांती भी कही जाती है की सिद्ध बाबा की पहाड़ी में किसी सिद्ध पुरुष का निवास स्थान है जिनके द्वारा ब्रह्म मुहूर्त में पहाड़ से होकर सोन नदी की यात्रा अपने स्नान ध्यान के लिए अपनी नित्य क्रिया एवं दैनिक दिनचर्या के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है।और इस बीच इनके द्वारा ख्याति प्राप्त दक्षिण मुखी मनोकामना पूर्ति हनुमान जी की भी आराधना और पूजा की जाती ततपश्चात पुन~ अपने स्थान सिद्ध बाबा पहाड़ी में आकर विराजमान हो जाते हैं। यह स्थान हमारी पुरातन एवं सनातन धर्म आस्था के साथ कई ऐसे सभ्यता एवं परंपराओं का उद्गम स्थल है जहां पर तरह-तरह के कहानी और किस्सा को लेकर यादगार बनाती हैं जो की आस्था का एक सर्वोत्तम केंद्र बिंदु है। इस स्थान को लेकर पूर्व कल से एक चर्चा यह भी की जाती है कि यहां पर आज से कई दशक पूर्व सफेद शेरों का अड्डा भी रहा है जिसका प्रमाण रीवा रियासत काल महाराजाधिराज गुलाब सिंह से जुड़ी एक कहानी भी बुजुर्गों के द्वारा बताई जाती है।

## आखिर अमरपाटन एलएनटी विभाग के कर्मचारियों के ऊपर कब होगी कार्यवाही

**सतना मनीष शुक्ला**

एलऔरटी अमरपाटन मे इंजीनियर अरविन्द यादव, सुपरवाइजर श्लोक तिवारी और आशीष त्रिपाठी की दादागिरी बरकरार है यहाँ पर सुपरवाइजर अपने रिस्तेदारो को भर्ती करबाने के चक्कर मे ऑपरेटरो के ऊपर नाजायज दबाब बना कर काम चलाया जाता है ऑपरेटरो से 3-4 टंकी जबरदस्ती चालवाई जाती है और ना चलाने पर घर बैठने की बात कह दी जाती है जबकि 1 टंकी मे पूरी तरह से सप्लाई देने मे 5-7 घंटे लगते है पहले टंकी मे पानी भरना फिर सप्लाई करना द्य जो पेमेन्ट मिलती है उसका आधा पैसा पैट्रोल मे खर्च हों जाता है पेमेन्ट 98000 महीने मिलती है पूरे 30 दिनों का द्य माननीय मैहर कलेक्टर महोदय जी से अनुरोध है की या हमारी पेमेन्ट बड़वाई जाए या फिर हमको 1टंकी चलाने को दी जाए अब देखना यह की मैहर कलेक्टर इस बिषय पर कब अमल किया जायेगा

# सुपर ओवर में भोपाल ने छिंदवाड़ा को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई

## भोपाल के गुरविंदर ने 50 गेंदों पर 87 रनों की नाबाद शानदार पारी खेली

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान- पुरषोत्तम साहू**

**दमोह।** प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय महाविद्यालय में चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट पुरुष टूर्नामेंट में आज दो मैच खेले गये। पहला मैच रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के बीच खेला गया जिसमें भोपाल ने जबलपुर को 4 विकेट से पराजित कर सेमिफाइनल में जगह बनायी। सेमिफाइनल मैच भोपाल और छिंदवाड़ा के बीच खेला गया जिसमें सुपर ओवर में भोपाल ने छिंदवाड़ा को 5 रन से पराजित कर फाइनल मुकाबले में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। पहला मैच में जबलपुर ने टास जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया शुरुआत में बल्लेबाजों ने धुंआधार रन बटोरे लेकिन बाद के बल्लेबाज कुछ ज्यादा करिश्मा नहीं दिखा सके और पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर की जगह 18 ओवर में ही 135 रन बनाकर धराशाई हो गई। टीम ने 11चौके और 5 छक्के लगाए। साहिल लोधी ने 19 गेंद पर शानदार 32 और सुमित पटेल ने 15 गेंद पर 24 रन बनाकर सर्वाधिक रनों का योगदान दिया। वहीं भोपाल ने 19.3 ओवर में लक्ष्य को पूरा कर जबलपुर को 4 विकेट से पराजित किया। इस मेच में भोपाल टीम के गुरविंदर सिंह ने 4 छक्के और 8 चौकों की मदद से 50 गेंदों में 87 रन की नाबाद पाली खेली। भोपाल टीम की तरफ से 4 छक्के और 8 चोके मारे गये। जबलपुर के इल्ज़ाम ने 4 ओवर में 41 रन देकर सर्वाधिक 2 विकेट लिये। सेमीफाइनल मैच में छिंदवाड़ा ने पहले बल्लेबाजी की और 15.2 ओवर में 10 विकेट खो कर 127 रन बनाकर भोपाल को 128 रन बनाने का लक्ष्य दिया। अभिषेक ने 24 गेंद पर 40 रन बनाए। वहीं भोपाल के खिलाड़ियों ने भी अच्छी बल्लेबाजी कर 20 ओवर में 127 रन बनाए और मैच टाई हो गया। जीत हार के लिए सुपर ओवर खिलाया गया। भोपाल की ओर से 1 ओवर में एक विकेट पर 10 रन बनाए वहीं छिंदवाड़ा की तरफ एक ओवर में एक विकेट पर 5 रन ही बटोर पाते। इस प्रकार भोपाल ने सेमिफाइनल मैच जीतकर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

# जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत

**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा एक तरफ जहां जल संरक्षण की दिशा में तरह तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन धरातल पर पानी कहीं नहीं दिख रहा है। गर्मी आते ही नदियां सूखने की स्थिति में आ गई है।जिन नदियों में पानी बचा है उनमें विद्युत मोटर पाइपों के माध्यम से खेतों में सिंचाई जारी है। जिस कारण से नदियां सूखने से आसपास के हैंडपंपो ट्यूबबेलों का जमीनी जल स्तर काफी नीचे पहुंचने लगा है। समय रहते समुचित प्रयास नहीं किए गए तो नदियों में पानी भी नहीं बचेगा। मवेशियों को भी पीने पानी नहीं मिल पाएगा। तेंदूखेड़ा के अंतर्गत



आने वाले ग्राम खमरिया बरांझ नदी भी अब सूखने लगी हैं। वहीं गुटोरी के समीप पाड़ाझिर नदी पर वर्षों पूर्व बने स्टॉप डैम पर गेट न होने तथा नदी का कटाव हो जाने के कारण बरसाती पानी बह जाता है। ऐसी स्थिति में नदी में पानी नहीं बच रहा है। समीपी ग्राम इमझिरा नदी का लगातार कटाव होने के कारण पाट काफी चौड़ा होता चला जा रहा है। क्षेत्र के कृषकों का कहना है कि बिजली की समस्या के चलते ट्यूबबेलों के माध्यम से पानी को लेकर काफी परेशानी होती रही है यहां तक की मवेशियों को पानी पिलाने के लिए भी परेशान होना पड़ता था। उक्त नदी पर स्टाप डेम बन जाता है तो काफी लाभ क्षेत्रीय किसानों को मिलता ।गौरतलब रहे कि इमझिरा के समीप खमरिया सहित विभिन्न स्थानों पर बरांझ नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने की मांग लम्बे समय से जारी है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने पूर्व में भी योजना समिति की बैठक में मांग रखी थी।

बरांझ नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने को लेकर क्षेत्रीय लोगों द्वारा समय-समय पर मांग की जाती रही है।ठंड के मौसम में ही जलस्त्रोत जबाब देने लगते हैं ।प्रमुखता से रखी थी। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीणों क्षेत्रों गुजरने वाली विभिन्न क्षेत्रीय नदियों पर स्टाप डेम बनाया जाना काफी लाभकारी सिद्ध होगें ।बशतें उन्हें बनाये जाने की पहल होना जरूरी है। संबंधित विभाग यदि इस दिशा में कोई ठोस पहल करे तो भी कुछ हद तक खेतों को पानी के साथ ट्यूबबेल के गड्ढों और घरेलू हैंडपंपों कुओं में पर्याप्त पानी रह सकता है। एक तरफ पानी की समस्या को लेकर आये दिन परेशानी का आलम देखा जाता है । ऐसे समय में छोटे-छोटे स्टाप डेम से किया गया जल संरक्षण लोगों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा।

# फर्जी एसडीएम का फूटा भांडा कैस हुआ दर्ज

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, अंकित ठाकुर की रिपोर्ट**

**देवास /कांतापुर।** फर्जी SDM पर, कार्यवाही करो, आदिवासी समाज गाय काटने, का लाझन नहीं सहेगा इस प्रकार के नारों से भीर एक बार गुंजा देवास कांतापुर थाना,,देवास जिले के थाना कांतापुर में आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए प्रशासन का रवैया बहुत ही शर्मनाक है यह आज देखने को मिला फर्जी स्छरू बनकर लोगों से पैसे लूट कर व डरा धमका कर पैसे खाने वाली भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष सरिता मालवीय के ऊपर ए फायर करने के लिए पूरा आदिवासी समुदाय एकत्रित हुआ करीबन दोपहर 12~00 आए और पुलिस प्रशासन से ए फायर की मांग की पर उन्होंने प्रकरण दर्ज



नहीं किया समय ज्यादा होने के कारण आदिवासी समुदाय ने धरना प्रदर्शन किया व फर्जी एसडीएम पर कार्यवाही करो के नारे भी लगाए

**बड़ी मस्कत के बाद रात 8.00 बजे :-**

आरोपी सरिता मालवीय के ऊपर st-sc एक्टरों सीटी एक्ट व संगीन धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया।आदिवासी समुदाय का कहना है कि आदिवासी समाज को अपनी मां और उसके बझड़े को अपने बेटे की तरह मान कर उनकी सेवा करता है, और आधुनिकता के इस दूर में गाय को अपने दैनिक जीवन में संजोकर रखा हुआ है।और उसी गाय की हत्या कर उसके मांस बेचने का जो इल्ज़ाम जो पूरे समाज के ऊपर लगाया गया है जिस की हम बहुत ही निंदा करते है,और हमारी भावनाएं आहत हुई हैं इस लिए हम सभी आदिम जाति आदिवासी समाज भी थाने पहुंचे है।

# टंट्या मामा क्रिकेट टूर्नामेंट में आलीराजपुर पुलिस टीम ने जीता खिताब

**हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान**

**आलीराजपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा चांदपुर के नेतृत्व में टंट्या मामा रात्रि कालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का गुरुवार को समापन हुआ। छह छह ओवर के इस नौ दिवसीय टूर्नामेंट का शुभारंभ 12 फरवरी को चांदपुर के आंबा डबेरी फाटक पर हुआ था जिसमें जिले की कुल 26 धुरंधर टीमों ने हिस्सा लिया था। फाइनल मुकाबला ब्लैक पैंथर व आलीराजपुर पुलिस टीम के बीच हुआ। खिताबी मुकाबले में दोनों टीमों के बीच बहुत ही शानदार मुकाबला देखने को मिला। खिताबी मुकाबले में आलीराजपुर पुलिस टीम ने ब्लैक पैंथर टीम को पराजित कर खिताब अपने नाम किया।



विजेता आलीराजपुर पुलिस टीम को विधायक प्रतिनिधि रोशन जग्गू पचाया द्वारा प्रथम पुरस्कार नकद 15,555 रुपए से पुरस्कृत किया गया। वहीं उपविजेता ब्लैक पैंथर टीम को पंकज भदू पचाया द्वारा द्वितीय पुरस्कार नकद 10,555 रुपए से सम्मानित किया गया तथा सोरवा मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति रंगला देशला पचाया द्वारा कट्ठीवाड़ा टीम को तृतीय पुरस्कार नकद 5,555 रुपए से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिलीप चौहान, जिला पंचायत सदस्य अमनसिंह भिंडे, आलीराजपुर एसडीओपी अश्वनी कुमार, कट्ठीवाड़ा मंडल अध्यक्ष जयराज ठाकुर, सुनील पचाया, रितेश पचाया, पंकज पचाया, मुकाम पटेल, गणेश भिंडे, सरदार डुडवे, बाबू हरवाल आदि के साथ समस्त युवा साथी उपस्थित रहे।

## माल गाड़ियों से खुले में बिना त्रिपल ढके कोयले का परिवहन से समस्या स्टेशन पर यात्रियों की परेशानी

**केसरिया हिंदुस्तान सिंगरौली सरई**

माल गाड़ी में कोयला से भरे वैगनों को तिरपाल से ढके बिना ही परिवहन किया जा रहा है। ऐसे में आए दिन कोयला की चोरी,आगजनी आदि हो रही है। फिर भी गंतव्य स्थान से रवाना होने पर नियमानुसार सिंगरौली जिले से कैमोर,उत्तर प्रदेश, हरियाणा,जम्मू कश्मीर,राजस्थान, पंजाब,व अन्य कई सिटी सहित अन्य स्थानों पर भारी संख्या में मालगाड़ी के वैगनों में कोयला भरा जाकर भेजा जाता है। सिंगरौली मेहदैया बरगावां गोंदवाली गजराबहरा सरई से एक दिन में करीब दर्जनों से अधिक मालगाड़ी गुजरती है। जिसमें मात्र एक या दो-दो मालगाड़ी के वैगनों को तिरपाल से ढका रहता है। मगर शेष मालगाड़ी बिना तिरपाल ढके ही संचालित होती है। ऐसे में कोयला में आग की घटनाएं होती रहती है।

# बिना डिग्री इलाज कर रहे फर्जी डॉक्टर, मरीजों की जान से कर रहे खिलवाड़

बड़वानी से रघुनाथ सेन नगर सहित पाटी विकासखंड में हजारों मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले बिना डिग्री वाले फर्जी चिकित्सक हजारों मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे है। इसके बाद भी प्रशासन और जिम्मेदार मेडिकल महकमा फर्जी चिकित्सकों पर कार्रवाई से बच रहा है। बड़वानी शहर सहित सहित पाटी, चेरवी, बोकराटा, गंधावल, सिलावद, आदि क्षेत्रों में सैकड़ों झोलाछाप चिकित्सक बिना अनुमति अवैध क्लीनिक का संचालन कर रहे है। नर्सिंग एक्ट को ठेंगा दिखाकर कथित डॉक्टर अपनी दुकान चला रहे हैं। वे अपनी कमाई के लिए लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य महकमे सहित प्रशासन को अवैध क्लीनिक संचालन की जानकारी तो है लेकिन वे कार्रवाई से बचते हैं। नर्मदा बचाओ आंदोलन से जुड़े राहुल यादव ने बताया कि बड़वानी और पाटी विकासखंड के हर गांव में फर्जी डॉक्टर अपनी क्लीनिक खुलेआम चला रहे है। शहरी क्षेत्रों में भी बिना लाइसेंस के कई क्लीनिक संचालित हो रहे हैं। यहां तक की फर्जी डिग्री या बिना डिग्री के आधार पर भी लोगों का उपचार किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को जांच करने तक की फुर्सत नहीं है। अवैध रूप से संचालित किए जाने वाले अस्पतालों में इंजेक्शन और सलाइन लगाने के साथ ही गंभीर बीमारियों तक का इलाज किया जा रहा है। इस पूरे खेल में मेडिकल एसोसिएशन भी चिकित्सकों के भरोसे लाखों रुपयों की दवाई खपा अपनी कमाई करने में लगी है। मेडिकल माफिया इतना सक्रिय है कि दवाइयों मरीजों को देते समय परिणामों की चिंता नहीं की जा रही है। क्षेत्र में इन दिनों फर्जी डॉक्टरों की बाढ़ सी आ गई है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कई चिकित्सक ऐसे है जिन्होंने पढ़ाई तो बीएचएमएस या अन्य पेथी में की है, लेकिन वे मरीजों का इलाज एलोपेथिक दवाइयों से कर रहे है। इनके पास मेडिकल की डिग्री तो हो सकती है, लेकिन इनके द्वारा अन्य पेथी में इलाज किया जा रहा है। शहर के कई क्षेत्रों में खुले क्लिनिक हर छोटी और बड़ी बमारी का इलाज कर रहे हैं। कुछ चिकित्सक तो अपने यहां लोगों को भर्ती कर इलाज भी कर रहे है। सूत्रों की माने तो वर्तमान में बड़वानी शहर में ही 50 से अधिक क्लीनिक संचालित हो रहे है, लेकिन अधिकतर ने जिला प्रशासन सहित अन्य वैधानिक अनुमति देने वाली संस्थाओं से अनुमति नहीं ली है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई नहीं करते सतीश डुडवे ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र में जगह-जगह झोलाछाप डॉक्टर अपने क्लीनिक संचालित कर मरीजों की जांच के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इन कथित डॉक्टर पर कार्रवाई न होने से झोलाछाप डॉक्टरों के दवाखानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस ओर ध्यान न दिए जाने पर अब ग्रामीण खुद आगे जाकर कार्रवाई की मांग करने लगे हैं। उन्होंने बताया कि जिले के पाटी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम बोकराटा में भी झोलाछाप डॉक्टरों के 7 से 8 क्लीनिक संचालित हो रहे है। इनके द्वारा मरीजों का उपचार किया जा रहा है। बोकराटा में गरीब व खेती मजदूरी करने वाले लोग रहते हैं। इन झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा गरीब बीमार लोगों से मनमाने रुपए ऐंठे जा रहे हैं और इनके द्वारा इंजेक्शन बोतल लगाकर गोली दवाई दी जा रही है इसकी वजह से गांव में कई लोगों को शारीरिक नुकसान भी हो रहा है। हमने इन क्लिनिको पर जाकर देखा तो पता चला कि उक्त झोलाछाप डॉक्टरों के पास ना तो किसी तरह की कोई डिग्री है और ना ही लाइसेंस है जब उनसे इलाज करने की डिग्री एवं लाइसेंस के संबंध में जानकारी ली तो वह कहने लगे कि उसके पास कुछ नहीं है इस प्रकार से उक्त झोलाछाप डॉक्टर लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। एसडीएम भूपेंद्र रावत ने बताया कि बिना डिग्री इलाज करने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। डॉ मुकेश बंडोड पीएसी बोकराटा ने बताया कि हमने अभी कुछ दिन पहले ही क्लिनिको को चेक किया था और समय-समय पर हमारे द्वारा लगातार चेक किया जाता है। कुछ क्लीनिकों में अनियमितताएं पाई गई थी जिन्हें हमने बंद करने के निर्देश दिए थे मगर आपके द्वारा फिर से मामला संज्ञान में लाया गया है। हम फिर से इन क्लिनिको की जांच करेंगे। इन लोगों के पास जो डिग्री है उसके अनुसार इन लोगों को सलाइन चढ़ाने की अनुमति नहीं है।

# पटवारी संघ ने दिया ज्ञापन अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

**आलोट** प्रदेश के समस्त पटवारी अन्नदाता किसानों के हित में शासन की महत्वपूर्ण योजना राजस्व महा-अभियान 3.0 को पूर्ण निष्ठा के साथ सफल करने हेतु कार्य निष्पादित किया है। यह कि प्रदेश के समस्त पटवारी लगातार मेहनत कर के किसानों की भूमि की आधार द्र्यङ्कष्ट अपनी क्षमतानुसार की जा रही है। स्थानीय सर्वेयरों एवं ष्टस्ष्ट सेन्टर के माध्यम से किसानों को सूचित कर लगातार कैंप आयोजित करके फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है. किंतु इसके क्रियान्वयन में आने वाली व्यवहारिक कठिनाईयों एवं समस्याओं पर भी सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाए। अव्वल आने की अंधी दौड़ में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की जाने वाली दंडात्मक कार्यवाहियों एवं मानसिक प्रताड़नाओं से पटवारी की रक्षा की कए एवं उस घर रोक लगाई जाए। शासन-प्रशासन का यह जिम्मेदार कर्मचारी पटवारी अपने अन्य समकक्षीय संवर्ग के कर्मचारियों की तुलना में हमेशा से ही उपेक्षा का शिकार रहा है। पटवारियों की समस्याएँ मांगे निम्नानुसार है-

1. फार्मर रजिस्ट्री व आधार - चङ्कष्ट राजस्व विभाग में उपयोग हो रहे विभित्र साफ्टवेयर व एप्प में लगातार आ रही तकनीकी त्रुटियों की वजह से फार्मर रजिस्ट्री एवं द्र्यङ्कष्ट कार्य में प्रगति अपेक्षानुरूप नहीं हो पा रही है। उपयोग किये जा रहे ऐप एवं सॉफ्टवेयर यूजर फ्रेंडली न होना, पर्याप्त टेस्टिंग न होना, साइट का कभी भी बंद हो जाना एवं प्रशिक्षण का अभाव है। साथ ही कई ग्रामिण क्षेत्रों में नेटवर्क की वजह से भी उक्त कार्य में पटवारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जब पटवारियों द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को उक्त तकनीकी समस्याओं एवं नेटवर्क की समस्या से अवगत करवाया जाता है तो उनका निराकरण न कर अधिकारी अन्य जिलों में कार्य कैसे हो रहा है, यह कह कर टाल देते है। कई जिलों में रात्रिकालीन केम्प अधिकारियों द्वारा मनमर्जी से बलाऐ जा रहे है। प्रदेश में 33 प्रतिशत महिला पटवारी होकर उनकी सुरक्षा एवं उनकी पारिवारिक जिम्मेदारियों की रष्टिगत रखते हुए रात्रिकालीन कैम्प के आदेश पूर्णत: अव्यवहारिक एवं तानाशाहीपूर्ण है जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए।

2. गिरदावरी की तकनीकी समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए जिओ टैग के स्थान पर जिओ फेस किया जाने ताकि

समय सीमा में कार्य पूर्ण किया जा सके।

3-विभाग में उपयोग होने वाले वेबसाइट एवं ऐप उपयोग हो रहे सॉफ्टवेयर एवं ऐप को यूजर फ्रेंडली व बग फ्री बनाया जाये, जिससे कार्य में सुगमता हो।

4-पटवारियों को प्रशिक्षण का अभाव यह कि पटवारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण की व्यवस्था हो। वाले शोषण से मुक्ति मिल सके।

5. स्वामित्व योजना का कार्य पूर्ण कर देने के बावजूद पटवारी इस कार्य हेतु निर्धारित 1500 रूपये प्रति ग्राम की मानदेय राशि के भुगतान के इन्तजार में है।

कृषि संगणना, एवं सिंचाई संगणना का कार्य पूर्ण करने के बाद भी पटवारी इस कार्य हेतु निर्धारित मानदेय राशि के भुगतान के इन्तजार में है।

7- पटवारियो की गोपनीय चरित्रवाली शासन द्वारा आधुनिक डिजिटल तकनीक का उपयोग कर वर्ष 2019 से प्रशासन के निर्देशानुसार पटवारी संवर्ग की गोपनीय चरित्रवाली को ऑनलाइन किया गया है।

परन्तु स्तरहीन सॉफ्टवेयर, एवं तकनीकी समस्याओ के कारण मध्य प्रदेश के समस्त पटवारियो की गोपनीय चरित्रावली वर्ष 2019 से नही लिखी गयी है। जिसके परिणाम स्वरुप पटवारियो का 10 वर्ष उपरान्त लगने वाला समयमान लगाने हेतु तहसील स्तर पर शोषण किया जा रहा है।

पटवारियो की गोपनीय चरित्रावली का कार्य वर्ष 2019 आर्थत 6 वर्षो से शासन प्रशासन द्वारा पूर्ण नही किया गया जो कि प्रशासन की विफलता एवं कार्य के प्रति लापरवाही को स्पष्ट प्रदर्शित करता है। प्रांतीय पटवारी संघ यह मांग करता है कि पटवारी संवर्ग की गोपनीय चरित्रावली के सॉफ्टवेयर में हो रही लापवाही के प्रति जबाबदेही तय कर इस कार्य को 3 दिवस में पूर्ण करे जिससे पटवारी संवर्ग को शोषण से मुक्ति मिल सके।

8- पटवारियों को तकनीकी संसाधन लैपटाप व मोबाईल फोन उपलब्ध करवाऐ जाने के संबंध में वर्ष 2017 के पश्चात् नियुक्त प्रदेश के पटवारियों को शासन द्वारा आज दिनांक तक मोबाईल फोन की राशि उपलब्ध नहीं करवाई गई है। साथ ही प्रदेश के समस्त पटवारियों को वर्ष 2017 में प्रति पटवारी मोबाईल फोन क्रय करने हेतु 7300 रूपये की राशि दी गई थी वह फोन भी वर्षों पूर्व खराब हो चुके है। प्रदेश के नवनियुक्त 4000 पटवारियों के पास लैपटॉप, मोबाईल व ष्टत्र स्ढ्ढरूउपलब्ध नहीं है।

प्रांतीय पटवारी भोपाल शासन से यह मांग करता है कि कृषकों के कार्य सुविधापूर्वक तरीके से करने हेतु प्रदेश के समस्त पटवारियों को उच्च गुणवत्ता वाले तकनीकी सुविधा से लैस आधुनिक मोबाइल फोन एवं लैपटॉप उपलब्ध करवाये जाए। लैपटॉप की राशि 50000 रूपये से बढ़ाकर 75000 रूपये तथा मोबाइल फोन की राशि 7300 रूपये से बढ़ाकर 20000 रूपये की जाए ।

यह कि पटवारियों को प्रशिक्षण एवं संसाधानो का अभाव, कार्य करने के उपरान्त भी भत्तों का भुगतान लम्बी अवधि से न होने, कारण बताओं सूचना पत्र, वेतन वृद्धि रोके जाना, निलम्बित किए जाने जैसी दण्डात्मक कार्यवाहियां प्रदेश के कई जिलों में अधिकारीगण कर रहे है, जिससे प्रदेश के पटवारियों में गहन रोष व्याप्त है।

यह कि वर्तमान में प्रदेश में भू अभिलेख का समस्त कार्य ऑनलाइन हो चुका है, फार्मर रजिस्ट्री एवं द्र्यङ्कष्ट के कार्य ष्टस्ष्ट लॉगइन, स्थानीय सर्वेयर, किसान द्वारा स्वयं लॉगइन कर किया जाना है। अत: जब समस्त कार्य ऑनलाइन है फार्मर रजिस्ट्री एवं द्र्यङ्कष्ट के कार्य में पटवारी पर निर्भरता नहीं है। उसके बाद सॉफ्टवेयर एवं ऐप में तकनीकी समस्या हैं जिनका निराकरण नहीं किया जाता है। इस स्थिति में प्रगति न होने पर पटवारी कार्यवाही व दंड उचित नहीं है।

अत: श्रीमान अनुरोध है कि पटवारियों की उक्त समस्याओ एवं मांगो का 03 दिवस के भीतर निराकरण किया जाए एवं प्रदेश के जिन जिलों में अधिकारीयों द्वारा मनमाफिक तरीके से पटवारियों की वेतन वृधि रोके जाना व निलंबित किये जाने जेसी कार्यवाही की गयी है उसे अविलम्ब निरस्त किया जाए अन्यथा की स्थिति प्रांतीय पटवारी संघ भोपाल चरणबद्ध आन्दोलन हेतु बाध्य होगा जिसकी समस्त जवाबदेही शासन. प्रशासन की होगी।उक्त ज्ञापन आलोट पटवारियों ने दिया जिसमें गोविंद व्यास, कृष्णसिंह राजपूत,प्रदीप पटेरिया, विजयसिंह, चंदशेखर मईडा, रवि व्यास, सतीश विश्वकर्मा, दीपक डामोर, अनीता सोलंकी,त्रिलोक धमानिया, व अजय चौहान उपस्थित थे।



## राज्यमंत्री श्री पटैल ने विधायक निधि से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में मानव शव रखने हेतु डीप फ्रीजर एवं मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए वॉटर कूलर यू.वी. प्यूरीफायर कराया उपलब्ध

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**दमोह** - प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटैल ने जनकल्याण की दृष्टि से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में अपनी विधायक निधि से मानव शव रखने हेतु डीप फ्रीजर एवं मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए वॉटर कूलर यू.वी. प्यूरीफायर के साथ उपलब्ध कराया है। डीप फ्रीजर के अस्पताल में उपलब्ध होने से मानव शव को अधिक समय तक रखा जा सकता है। उसके साथ ही वॉटर कूलर यू.वी.प्यूरीफायर अस्पताल में उपलब्ध होने से गर्मी के दिनों में मरीज एवं उनके परिजनों को साफ एवं ठण्डा पानी उपलब्ध रहेगा।

## साहू समाज की बैठक संपन्न, आगामी मां कर्मा देवी जयंती समारोह को लेकर होंगे विविध कार्यक्रम आयोजित

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार संवाददाता भानु प्रताप राय



### 25 मार्च को भव्य युवक युवती का परिचय सम्मेलन भी किया जाएगा

गोटेगांव स्थानीय परस गार्डन में विगत दिवस साहू समाज एवं महिला मंडल एवं साहू समाज उत्थान मंडल के तत्वाधान में भगवानदास बीडी साहू की अध्यक्षता में आगामी 25 मार्च को साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मां कर्माजी की जयंती समारोह का आयोजन किया जाना है जिसे लेकर गोटेगांव नगर साहू समाज ने समस्त एवं अन्य ग्रामों के स्वजातीय बंधुओं को सूचना कर बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी कार्यक्रम को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के उपरांत बैठक मे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी तदुपरांत कार्यक्रम स्थल पहुंचकर मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं 75 वर्ष की आयु के प्रबुद्धजनों का सम्मान वहीं मुख्य रूप से युवक युवती का परिचय सम्मेलन के साथ-साथ विभिन्न संस्कृतिक विविध कार्यक्रमों पर सर्वसहमति से प्रस्ताव पारित कर अन्य आयोजन किए जाने हैं जिन्हें लेकर विस्तृत बात की गई, बैठक में बड़ी संख्या नगर सहित विभिन्न ग्रामों से पहुंचे स्वजातीय बंधु उपस्थित थे

## संकट कटे मिटे सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलबीरा

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार संवाददाता भानु प्रताप राय ??

श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में रामभक्त हनुमान जी महाराज की महाआरती पंडित ओमप्रकाश मुखरईया जी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ *श्री आनंद अग्रवाल बंटी भैया जी** द्वारा पूजन अर्चन किया गया संकट मोचन जी हनुमान जी का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों ने सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति श्री हनुमान चालीसा श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब है कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा प्रत्येक मंगलवार को हनुमान लला की संगीतमय महाआरती विगत डेढ़ वर्षों से भी अधिक समय से एवं 81 वें सप्ताह से निरंतर जारी साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति के सदस्यो द्वारा भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई शंकर राय,राजा पटेल,दीपक ठाकुर, कृपाल झरिया, रोहित यादव, पवन यादव, राजा यादव ,अमन साहू, जित्तू यादव,जय विश्वकर्मा ,विजय विश्वकर्मा, ऋतिक चौकसे ,रोहित यादव, अभिषेक राय, अनुज नामदेव नामदेव, आदर्श केवट, महेंद्र मेहरा, शिव नेम, निखिल संगोटिया, मुकुल ठाकुर, सीताराम रजक, एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहेएवं नन्हे मुन्ने बच्चे उपस्थिति रही

# अविवादित नामांतरण के प्रकरण समय सीमा में निराकृत किये जायें-डीएम

### मार्च तक राजस्व वसूली का लक्ष्य पूर्ण करें, फार्मर रजिस्ट्री में गति बढायें

### कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001




कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिये कि सभी राजस्व अधिकारी अविवादित नामांतरण के प्रकरण समय सीमा में निराकृत करें। नियमित रूप से राजस्व न्यायालयों में बैठकर राजस्व मामलों की सुनवाई करें तथा प्रकरणों का निराकरण का सुनिर्श्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री में गति बढाने तथा मार्च तक राजस्व वसूली का लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिये।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने अविवादित नामांतरण की राजस्व न्यायालयो वार समीक्षा करते हुए कहा कि 13 न्यायालयो में से प्रेमसर वृत्त की प्रगति सबसे अधिक 93.73 प्रतिशत है, जबकि गसवानी की प्रगति सबसे कम 79.44 प्रतिशत है। अविवादित बंटवारे में भी गसवानी का प्रतिशत 61.11 है। उन्होने निर्देश दिये कि सभी न्यायालय 80 प्रतिशत से अधिक निराकरण सुनिश्चित करें तथा अविवादित नामांतरण के मामलो में 100 प्रतिशत निराकरण समय सीमा में किया जायें। उन्होने कहा कि सभी प्रकार राजस्व मामलों के निराकरण में प्रेमसर उपतहसील का कार्य प्रशंसनीय है।

उन्होंने निर्देश दिये कि सर्पदंश एवं अन्य प्राकृतिक मृत्यु के मामले हो अथवा अग्नि, दुर्घटना के, इन प्रकरणो में त्वरित रूप से आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जायें, तथा फार्मर रजिस्ट्री, खसरे की ई-केवायसी, पीएम किसान सम्मान निधि जैसे राजस्व कार्यो को प्राथमिकता एवं तेज गति के साथ संपादित करें। फार्मर रजिस्ट्री का अभी 45.88 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। प्रतिदिन पटवारियों के कार्यों की समीक्षा की जाये तथा हल्का क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण किया जाये।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने विभिन्न शासकीय विभागों को भूमि आवंटन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि आवंटित की गई भूमियों को राजस्व रिकार्ड में अमल किया जायें। इसके साथ ही लंबित भू अर्जन के 14 प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने तहसीलदार विजयपुर को निर्देश दिये कि स्वामित्व योजना अंतर्गत शेष रहे चार ग्राम काठोन, सुनवई, गोहटा एवं गसवानी में प्रक्रिया पूर्ण कर अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही की जाये।

बैठक में एसडीएम श्योपुर श्री मनोज गढवाल, कराहल श्री बीएस श्रीवास्तव, विजयपुर श्री अभिषेक मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, श्री विजय शाक्य एसएलआर श्री मुन्ना सिंह गुर्जर सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

शासकीय भवनों, परिसरों की रंगाई-पुताई के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि शासकीय भवनों एवं परिसरों की रंगाई-पुताई संबंधित विभागों के माध्यम से कराई जाये। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान एसडीएम अवलोकन करें तथा आवश्यकता अनुसार भवनों एवं परिसरों की रंगाई-पुताई के लिए विभागीय अधिकारियों को अवगत करायें। इसके अलावा उन्होंने डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी शहरी विकास अधिकरण श्री संजय जैन को निर्देशित किया कि शहर में स्थित सभी शासकीय भवनों एवं परिसरों की पुताई के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराते हुए रंग-रोगन कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने शहर में साफ-सफाई के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि शहर में सुबह शाम विशेष रूप से साफ-सफाई कराई जाये, तथा सड़को को स्वच्छ रखा जाये।




# भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ हुई

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

श्री कुबरेश्वर धाम महादेव मंदिर आलोट पर आज दिनांक 21 फरवरी से दिनांक 27 फरवरी तक होने वाली भागवत कथा के प्रारंभिक अवसर पर प्रात: 10ः00 बजे मंदिर प्रांगण से भव्य पोथी एवम कलश यात्रा प्रारंभ हुई नगर के प्रमुख मार्ग से होती हुई कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पर पहुंची कलश यात्रा में बैंड बाजे ढोल धमाके व211 कलश के साथ महिलाओं ने एक ड्रेस में निकलकर सनातन धर्म के प्रति अपनी जागरूकता दिखाई पोथी कलश यात्रा में भगवान नारद मुनि एवं शंकर भगवान ब्रह्मा जी विष्णु जी वह भोलेनाथ के आकर्षक झांकियां चल रही थी वही विशेष आकर्षण बजरंगबली की झांकी रही पोथी का लाभ सुरेश झाला विक्रमगढ़ द्वारा लिया गया भागवत जी उठाने का लाभ मदनलाल चौहान टेलर बड़नगर वालों ने लिया वहीं महिलाएं बड़ी संख्या में नाचती गाती हुई आगे चल रही थी बग्गी में विराजित परम पूज्य पंडित श्री दीपक जी उपाध्याय का जगह-जगह आलोट नगर की जनता ने स्वागत किया कुबरेश्वर धाम महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष होने वाले इस आयोजन में नगर के सभी महानुभाव पर चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं वहीं शिवरात्रि को विशेष सिंगर के साथ आरती भी की जाएगी 21 फरवरी से 27 फरवरी तक होने वाली कथा में गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह भी किया जा रहा है जिसके साथ तुलसी विवाह का भी आयोजन किया जा रहा है यह जानकारी समिति के सदस्य ने दी कुबरेश्वर धाम मंदिर समिति नगर के सभी धर्मालु जनों से सादर सादर निवेदन करती है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर तन मन धन से सहयोग देकर आयोजन को सफल बनाएं आलोट जावरा अगर बायपास रोड पर स्थित तेजाजी महाराज के पास कुबरेश्वर धाम महादेव मंदिर जो कि विगत 2 वर्ष पहले ही बनाया गया है जहां पर प्रतिदिन शाम को ठीक 7ः00 बजे वह सुबह 7ः00 बजे विशेष आरती होती है जिसका विशेष

# शासकीय भूमि पर कूट रचना! आखिर कब जागेगा मैहर प्रशासन

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




मैहर ग्राम भदनपुर दक्षिण पट्टी में शासकीय भूमि को निजी संपत्ति में तब्दील करने का खेल बड़े ही सुनियोजित तरीके से रचा गया। आराजी क्रमांक 1067/4, जो हस्तलिखित खसरे में स्पष्ट रूप से शासकीय थी, लेकिन जैसे ही कंप्यूटरीकरण हुआ, यह जादुई तरीके से निजी संपत्ति में बदल गई! सवाल यह है कि यह चमत्कार हुआ कैसेदेशभर में कोई भी एजेंसी इस गोरखधंधे की परतें खोलने में सक्षम नहीं दिख रही, लेकिन मैहर प्रशासन इस घोटाले को देखकर भी अनदेखा कर रहा है। कूट रचना करने वालों पर स्नङ्घक्र दर्ज करने की हिम्मत आखिर जिला प्रशासन कब दिखाएगा क्या प्रशासन की कलम केवल गरीबों के झोपड़े गिराने तक सीमित रह गई है

10 साल पहले रोपा गया भ्रष्टाचार का बीज आज वटवृक्ष बन चुका है। भू-माफियाओं को राजस्व अधिकारियों ने अपनी नर्सरी में तैयार किया और अब उनकी जड़ें इतनी गहरी हो गई हैं कि प्रशासन खुद को असहाय महसूस कर रहा है।प्रश्न तो यह भी उठता है कि क्या सरकारी सिस्टम खुद इन भूमाफियाओं का साझेदार बन गया है या फिर प्रशासन किसी बड़े आदेश का इंतजार कर रहा है कि जब घोटाला पूरी तरह से पुराना और धुंधला पड़ जाए, तब कार्रवाई का दिखावा किया जाएमैहर की जनता को यह जानने का हक है कि आखिर सरकारी ज़मीन को निजी संपत्ति में बदलने वाले कौन लोग हैं और वे कौन-कौन से अधिकारी थे, जिन्होंने अपनी कलम से सरकारी ज़मीन को भूमाफियाओं की झोली में डाल दिया जब तक इन सवालों के जवाब नहीं मिलते और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई नहीं होती, तब तक प्रशासन की भूमिका भी संदिग्ध बनी रहेगी!

## अतिथि शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल तक बढ़ाई गई

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

राजगढ - प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था में रिक्त पदों के विरूद्ध सत्र 2024-25 में अतिथि शिक्षकों की सेवाएं ली गई हैं। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस शैक्षणिक वर्ष में विद्यालय में व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिये अतिथि शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दी हैं। इस संबंध में संचालनालय ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी संकूल प्राचार्य और शाला प्रभारियों को निर्देश जारी किये गये हैं।

# शादी टूटने से नाराज युवती ने उठाया आत्मघाती कदम, हुई मौत

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

रीवा से सटे मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में एक हृदयविदारक घटना घटी है, जिसने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। बताया जाता है कि अंशु विश्वकर्मा, पुत्री राम उजागर विश्वकर्मा, उम्र 18 वर्ष, की शादी उत्तर प्रदेश के धरमगंज गांव निवासी अपने रिश्तेदार से तय हुई थी. दोनों की शादी अप्रैल माह में होनी थी, लड़की और लड़के के बीच बातचीत भी शुरू हो गई थी, जिससे दोनों एक-दूसरे के प्रति भावनात्मक रूप से जुड़ने लगे थे.

हालांकि, इस शादी को लेकर एक अलग मोड़ आया, जब लड़की के चाचा ने दोनों के संबंधों को लेकर आपत्ति जताई और शादी से इंकार कर दिया. यह निर्णय अंशु के लिए किसी सदमे से कम नहीं था। परिवार के इस फैसले से वह तनाव में रहने लगी और मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई.

घटना 20 फरवरी को दोपहर 12ः00 बजे की है, जब अंशु अपने घर में अकेली थी. अत्यधिक तनाव और निराशा में उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया. जब परिजनों को इस घटना की जानकारी हुई, तो वे तुरंत उसे गंभीर हालत में मऊगंज सिविल अस्पताल ले गए. डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन शाम 7ः00 बजे इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही मऊगंज पुलिस अस्पताल पहुंची और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु मरचुरी में रखवा दिया था जहां आज पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया है. पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और लड़की के परिजनों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है. पूछताछ के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि, शादी को लेकर लड़की और लड़का दोनों सहमत थे, लेकिन परिवार की आपत्ति के कारण यह रिश्ता टूट गया. पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि, क्या लड़की पर किसी प्रकार का मानसिक दबाव डाला गया था, जिससे उसने यह घातक कदम उठाया, इस घटना ने पूरे गांव को गहरे शोक में डाल दिया है.पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और लड़की के परिजनों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है.

# एक मार्च से प्रारंभ होगा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य

## कलेक्टर ने तैयारियों की समीक्षा की कहा किसानों को न हो असुविधा

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**राजगढ** - कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आगामी एक मार्च से प्रारंभ होने वाले समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को गेहूं विक्रय में कोई असुविधा न हो

शुक्रवार को आयोजित जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने कहा समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के इच्छुक सभी किसान नजदीकी उपार्जन केंद्र पर अपना पंजीयन अवश्य कराएं। पंजीयन कराने के लिए गिरदावली होना जरूरी नहीं है। गिरदावली कार्य की धीमी गति पर कलेक्टर ने असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि अगले दो दिनों में समूचे जिले में गिरदावली का कार्य पूरा कर लिया जाए। किसानों के रकबे के सत्यापन के कार्य में भी ढ़िलाई ना बरती जाए। कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसीदारों को निर्देशित किया कि वे पंजीयन केन्द्रों का निरीक्षण जरूर कर लें। बैठक में उपार्जन केन्द्रों के निर्धारण पर भी चर्चा की गई। साथ ही कहा गया की मौजूदा सीजन में गेहूं की अधिक आवक का अनुमान है इसके दृष्टिगत उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण एवं आवश्यकता अनुसार उपकेन्द्रों की स्थापना की कार्रवाई अभी से कर ली जाए। कलेक्टर ने उपार्जित होने वाले गेहूं के भंडारण एवं परिवहन के लिए तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि भंडारण की सुनियोजित प्लांनिंग अभी से कर ली जाए। इसके अलावा पर्याप्त बारदाना की भी व्यवस्था रहे। उपार्जन केन्द्रों पर तौल कांटे बैनर सिलाई मशीन स्टेंसिल इलेक्ट्रिानिक उपकरण तिरपाल फर्स्ट एड बाक्स इत्यादि के समुचित प्रबंध रहे। तौल कांटे नापतौल विभाग से आवश्यक रूप से सत्यापित हों। कलेक्टर ने किसानों एवं वेयरहाउस के भुगतान व्यवस्था की भी बैठक में जानकारी लीं।

उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन अवधि में कृषि उपज मंडियों में भंडारित गेहूं का भी सत्यापन कर लिया जाए। साथ ही बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के मंडियों से गेहूं का परिवहन नहीं हो। जिले में पडोसी राज्य से विक्रय हेतु गेहूं की आवक की स्थिति न बने इसके लिए सीमावर्ती प्रवेश मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाए। बैठक में सहकारी कृषि नागरिक आपूर्ति निगम आपूर्ति विभाग कृषि उपज मंडी भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों सहित समिति सदस्य उपस्थित थे। बैठक में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, खण्ड स्तरीय उपार्जन समितियों के सदस्य भी वर्चुअली जुडे।

# रीवा नगर निगम ने 6 दुकानें सील की संपत्ति कर बकाया होने पर की कार्रवाई, 15 करोड़ से अधिक की राशि बकाया

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**रीवा।** रीवा नगर निगम ने बकाया कर वसूलने के लिए वसूली अभियान शुरू कर दिया है। जहां गुरुवार को नगर निगम क्षेत्र में बड़े बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 6 प्रतिष्ठानों को सील किया गया है। बताया गया कि संपति कर की 15 करोड़ से अधिक राशि अभी भी बकाया है। जिसे वसूलने के लिए अब निगम ने कमर कस ली है। जहां गुरुवार से नगर निगम के कर्मचारी संपति कर वसूलने के लिए सड़कों पर उतर गए हैं।

नगर निगम आयुक्त सौरभ सोनवड़े ने बताया कि यह कार्यवाही कई बार कहने के बाद भी संपत्ति कर जमा ना करने पर की है। वार्ड क्रमांक 34 में मो. हनीफ पिता रहीम का 68,720 रुपए संपत्ति कर बकाया था। जिसे जमा न करने पर चार प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया। बकायादारों में मथुरा दास का 10 हजार रुपए और कन्हैयालाल का भी 10 हजार रुपए कर बकाया था। जिन पर भी कार्रवाई की गई है। इसी तरह धीरेंद्र, ज्ञानेंद्र, राजेंद्र, वीरेंद्र और उमेश वर्मा से 30 हजार रुपए का बकाया कर जमा कराया गया है। शांति देवी से 20 हजार रुपए मौके पर ही बकाया कर राशि जमा कराई गई है। अन्य बकायादारों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। बाकी के बकायादार अगर निर्धारित समय सीमा में कर नहीं जमा कराते तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

**समय पर जमा करें बकाया बिल :** सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी और राजस्व अधिकारी रावेंद्र सिंह ने बताया कि निगम आयुक्त के निर्देशानुसार वसूली अभियान लगातार जारी रहेगा। सभी करदाताओं से अपील की गई है कि वे समय पर अपना सभी प्रकार का बकाया कर भुगतान कर किसी भी प्रकार की कार्यवाही से बचें।

# भारत-मिस्र स्पेशल फोर्सेज ने अभ्यास के दौरान किया सायक्लोन -3 का कठिन प्रशिक्षण

राजीव जोशी, केसरिया हिंदुस्तान



**बीकानेर।** भारत-मिस्र स्पेशल फोर्सेज अभ्यास सायक्लोन का तीसरा संस्करण राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहा है। यह 14 दिवसीय सैन्य अभ्यास 23 फरवरी को समाप्त होगा। डिफेंस पीआरओ कर्नल अमिताभ शर्मा के अनुसार यह उच्च-तीव्रता वाला अभ्यास भारत और मिस्र के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी का प्रमाण है, जो सैन्य सहयोग को मजबूत करता है और दोनों देशों की विशिष्ट बलों के बीच पारस्परिक कार्यकुशलता को बढ़ाता है।

कंटिजेंट्स ट्रेन हार्ड पर केंद्रित अभ्यास में, दोनों देशों की सेनाएँ कठिन युद्ध प्रशिक्षण और सामरिक अभ्यास कर रही हैं, जिसका उद्देश्य जॉइंट ऑपरेशन क्षमताओं को मजबूत करना है। इस अभ्यास का प्रमुख लक्ष्य पारस्परिक कार्यकुशलता को बढ़ाना, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करना और स्पेशल फोर्सेज के अभियानों में युद्धकला, तकनीकों और प्रक्रियाओं (टीटीपीज) की आपसी समझ को बढ़ाना है।

इस अभ्यास में क्लोज क्वार्टर बैटल (सीक्यूबी) ड्रिल, सर्वाइवल तकनीक, कॉम्बैट मेडिकल स्किल्स और डिमोलिशन ट्रेनिंग का जॉइंट प्रशिक्षण दिया गया। इन उच्च तीव्रता वाले अभ्यासों का उद्देश्य सैनिकों की क्षमता को बढ़ाना था, ताकि वे रेगिस्तानी और अर्ध-रेगिस्तानी इलाकों में जटिल परिस्थितियों में प्रभावी तरीके से प्रतिक्रिया कर सकें।

डिफेंस के मुताबिक प्रशिक्षण सत्रों में तेजी, सहनशक्ति और सटीकता पर ध्यान केंद्रित किया गया, ताकि दोनों दल वास्तविक युद्ध स्थितियों में एकजुट होकर बिना किसी रुकावट के काम कर सकें। क्लोज़ क्वार्टर बैटल प्रशिक्षण महत्वपूर्ण यह है कि यह सैनिकों की क्षमता को बढ़ाता है, ताकि वे सीमित और शहरी वातावरण में कम रिएक्शन समय में दुश्मनों से निपट सकें। सर्वाइवल प्रशिक्षण मॉड्यूल कठोर परिस्थितियों में ऑपरेशन जारी रखने और शत्रुतापूर्ण वातावरण में स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए आवश्यक कौशल हैं। युद्ध क्षेत्र में आकस्मिक दुर्घटना प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कॉम्बैट मेडिकल कौशल प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है, जबकि डेमोलिशन प्रशिक्षण सैनिकों को दुश्मन की किलेबंदी को तोड़ने और निष्क्रिय करने के लिए तैयार करता है।

डिफेंस पीआरओ के अनुसार सायक्लोन-3, 48 घंटे के वेलिडेशन फेज के साथ समाप्त होगा, जिसमें दोनों दल जॉइंट रूप से आतंकवाद विरोधी (सीटी) अभियान करेंगे। अंतिम चरण का उद्देश्य सैनिकों की क्षमता को उच्च चुनौतीपूर्ण माहौल में रणनीतिक योजनाएं बनाने और उन्हें लागू करने के लिए परखा जाएगा। इस चरण में सैनिक जॉइंट सामरिक ड्रिल्स, काल्पनिक खतरों को निष्क्रिय और अपने सीखे हुए कौशल को रियल ऑपरेशनल माहौल में लागू करेंगे।

वेलिडेशन अभ्यास का उद्देश्य वास्तविक युद्ध स्थितियों को सामने लाना है, ताकि सैनिकों की निर्णय लेने और मिशन को पूरा करने की क्षमताओं को निखारा जा सके । अलग-अलग ऑपेर्शनल तरीकों को एकजुट करके, दोनों सैन्य दल उभरते सुरक्षा खतरों के प्रति अपनी अनुकूलन क्षमता को बढ़ाएंगे।

अभ्यास सायक्लोन-3, भारत और मिस्र के बीच निरंतर रक्षा सहयोग और आतंकवाद विरोधी अभियान तथा क्षेत्रीय सुरक्षा के प्रति साझी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस जॉइंट सैन्य अभ्यास के दौरान किया गया कड़ा प्रशिक्षण दोनों देशों की स्पेशल फोर्सेज की उच्च स्तर की प्रोफेशनलिज्म क्षमता, दृढ़ता और रणनीतिक तत्परता को दर्शाता है।

भारतीय और मिस्र की स्पेशल फोर्सेज का कठिन प्रशिक्षण असाधारण अनुशासन, टीमवर्क और अनुकूलन क्षमता का प्रदर्शन हैं । उनका ऑपरेशन में उत्कृष्टता के प्रति अडिग समर्पण यह दर्शाता है कि वे चुनौतीपूर्ण वातावरण में जॉइंट ऑपरेशन्स के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जैसे-जैसे यह अभ्यास समाप्ति की ओर बढ़ेगा, सायक्लोन-3 के दौरान सीखी गई सीख और बनाए गए रिश्ते भविष्य के जॉइंट ऑपरेशन्स के लिए एक मजबूत आधार के रूप में काम आयेंगें, जो क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा प्रयासों में अधिक तालमेल सुनिश्चित करेंगे। सायक्लोन-3 का सफल आयोजन भारतीय सेना की उत्कृष्टता, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और युद्ध तत्परता के प्रति अडिग प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगा और भारत की सैन्य साझेदारियों में वैश्विक लीडर के रूप में स्थिति को और मजबूत करेगा।

# सामान्य परिवार भी हवाई यात्रा का आनंद ले सकेगा-राज्यमंत्री श्री लोधी

### नोहलेश्वर महोत्सव का हुआ शुभारंभ आज से नोहटा में पहुंचा हेलीकॉप्टर

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह** - जिले की जबेरा विधानसभा के अंतर्गत नोहटा में नोहलेश्वर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा। इस महोत्सव में देश के मुख्य कलाकारों सहित क्षेत्रीय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है एवं मेले में विभिन्न प्रकार की सामग्री आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस सबंध में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव में मुख्य रूप से हेलीकॉप्टर से हवाई यात्रा भी एक मुख्य आकर्षण का केंद्र है जिसका शुभारंभ आज 22 फरवरी 2025 से किया जाएगा। एडवांस बुकिंग 500 से अधिक अभी तक हो चुकी है, आज महोत्सव के समीप हेलीकॉप्टर आगमन हुआ जिसको देखना बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी पहुंच रहे हैं। राज्यमंत्री श्री लोधी ने बताया इस महोत्सव को हम नित नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों को हेलीकॉप्टर की सुविधा मुहैया कराई है जिससे कि सामान्य परिवार भी हवाई यात्रा का आनंद ले सकेगा।

# सभी धर्मों और समुदायों के बीच आपसी सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है - कलेक्टर श्री बालागुरू के.

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




आगामी महाशिवरात्री, होली उत्सव, रंगपंचमी, गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्रारंभ, चेती चांद, ईद-उल-फितर, राम नवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, डॉ अंबेडकर जयंती, गुड फ्राइडे, परशुराम जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, इदुल-जुहा आदि त्योहारों को हर्षोल्लास एवं शान्ति पूर्वक मनाने के लिए कलेक्टर श्री बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी सभी पर्वों पर सीहोर नगर तथा जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक समारोह के दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई ।बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि सभी धर्मों और समुदायों के बीच आपसी सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगामी त्योहारों एवं महत्वपूर्ण अवसरों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। जिले में किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि किसी भी विवाद की स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचित करें ताकि समय पर उचित कदम उठाया जा सके। हम सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि समाज में एकता और शांति बनी रहे। सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक जानकारी को बिना सत्यापन के साझा न करें। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और जिले में शांति बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने सभी से शांति, सौहार्द और सहयोग की अपील करते हुए कहा कि समाज में अमन-चैन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रशासन, पुलिस और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से ही हम अपने जिले को सुरक्षित और समृद्ध बना सकते हैं।

# कलेक्टर श्री कोचर के द्वारा बालिका कामिनी को पोषण सामग्री की प्रदान

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने दमोह नगर के राजेंद्र प्रसाद वार्ड बजरिया 5 के आंगनबाड़ी केंद्र 97 में पहुंचने पर बालिका कामिनी वर्षा बसोर का समक्ष में शारीरिक माप एवं वजन किया गया, बालिका मध्यम कुपोषित श्रेणी में आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज है, बालिका को उचित पोषण सुविधा मिले इस हेतु कलेक्टर श्री कोचर ने बालिका कामिनी को कलेक्टर कार्यालय में पोषण सामग्री प्रदाय की, जिसमें सोया बड़ी, सत्तू, गुड़, चना, मूंगफली, आंवला केन्डी, खजूर जैसी पोष्टिक सामग्री प्रदाय की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन"

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दिनांक** 21.02.2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. उदय डोलस के मार्गदर्षन में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर 'भारतीय भाषाएं एवं भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का प्रारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्कृत के आचार्य डॉ. गोविंद मसूरे ने स्वस्ति वाचान किया। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्रषासनिक अधिकारी डॉ. आमिर एजाज ने मुख्य अतिथि पंडित शैलेष तिवारी जी का स्वागत किया गया। डॉ. मौली थॉमस ने प्रषानीक अधिकारी डॉ. आमीर एजाज का तथा डॉ. गोविंद मसूरे ने डॉ. शीलचन्द्र गुप्ता का सम्मान किया। तत्पष्चात प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री विनय मणि त्रिपाठी ने कार्यक्रम की रूपरेखा तथा भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ की कार्यप्रणाली पर प्रकाष डाला।

कार्यक्रम के प्रथम वक्ता के रूप में डॉ. रामकृपाल राय, प्राचार्य सर्वोदय किसान पी.जी.कॉलेज कौड़ीराम, गोरखपुर ने अत्यंत ही सौंदर्य पूर्ण ढंग से भारतीय भाषा के इतिहास, भाषा की व्यापकता तथा जनसमूह में योगदान का विवरण दिया। बालकृष्ण भट्ट के वचनों को माध्यम से प्रोण् राय ने बताया कि भारतीय साहित्य जन समूह का हृदय है। उनके वक्तव्य में प्रमुखता से बताया गया कि समय के अनुसार भाषा का विकास जरूरी है तथा संपूर्ण विश्व को ज्ञान देने के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा हमेशा अग्रसर रही है। कार्यक्रम की अगले चरण में द्वितीय वक्ता डॉण् ममता तिवारी, सह. प्राध्यापक, हिन्दी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा मातृभाषा के प्रति भाव तथा संवेदना को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने मातृभाषा को हृदय से जुड़ी तथा विद्या और ज्ञान ब्रह्म का स्वरूप बताया। डॉण् तिवारी ने अपने वक्तव्य में भारतीय ज्ञान के व्यापक स्वरूप तथा भारतीय मूल्य के परिपेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परंपरा की भूमिका के महत्व पर जोर दिया। शास्त्र और शास्त्र का ज्ञान प्राचीन काल से भारतीय वेदों में अन्तर्निहित हैं।

# कैंसर रोगियों को प्रदान की 2 लाख रूपये की सहायता राशि

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दो कैंसर रोगियों को उपचार के लिए 1-1 लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान अंतर्गत शासन द्वारा यह राशि स्वीकृत की गई थी। आज रोगियों के परिजनों को उपचार हेतु उक्त राशि उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान अंतर्गत शासन की ओर से स्वीकृत की गई राशि श्री महावीर मीणा निवासी ग्राम कुहांजापुर और श्री रणवीर मीणा ग्राम मकडावदा को उपचार हेतु प्रदान की गई।

# शासकीय ग्रीन आईटीआई छिंदवाड़ा में युवा संगम मेला कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ संपन्न

( मारुति लाल विश्वकर्मा )



कार्यक्रम क़ी शुरुआत मुख्य अतिथि छिंदवाड़ा महापौर विक्रम आहाके एवं कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह क़ी उपस्थिती में हुआ जिसमे शासकीय ग्रीन आई टी आई छिंदवाड़ा में 18 कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित हुये जिसमे प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिस के लिए कुल 600 अभ्यर्थियों द्वारा पंजीयन कराया गया, जिसमें से 224 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन कंपनी द्वारा किया गया।

अंतव्यवसायी योजना के अंतर्गत 02 हितग्राहियों को स्वीकृत लोन के चैक मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर द्वारा वितरित किये गये तथा जिन प्रतिष्ठानों द्वारा अधिक से अधिक बच्चों को प्लेसमेंट, अप्रेंटिस एवं सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत संलग्न किया है उनके प्रतिनिधियों को मोमेंटो देकर मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही कंपनी द्वारा चयनित 15 अभ्यर्थियों को हिंदुस्तान यूनिलीवर एनआईआईटी के द्वारा आफर लेटर प्रदान किये गये।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को अपना स्किल बढ़ाने हेतु पूरी मेहनत व लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं अपना लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। जिला नोडल प्राचार्य सी.बी. उइके द्वारा जिले में संचालित नियमित व्यवसाय व योजना के संबंध में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार एवं स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर होने हेतु प्रोत्साहित किया गया कार्यक्रम समाप्ति पर कैप्टन स्वामीप्रसाद सूर्यवंशी प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# पंजाब पुलिस ने अमृतसर से 5 किलो हेरोइन सहित चार नशा तस्कर किये काबू

## गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक आरोपी सप्लायरों को गैर-कानूनी पैसे ट्रांसफर करने के लिए हवाला रैकेट चला रहा था: सीपी अमृतसर गुरप्रीत भुल्लर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब

**अमृतसर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार नशों के खिलाफ चल रही मुहिम के दौरान, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने दो विभिन्न मामलों में चार नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 5.06 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। यह जानकारी आज यहां पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान गुरजंट सिंह उर्फ कालू निवासी गांव बचीविंड, अमृतसर; जगजीत सिंह निवासी गांव राणियां, अमृतसर; साहिल कुमार उर्फ साहिल निवासी गांव घरियाला, तरन तारन और रिंकू निवासी बस्ती दूने वाली, गुरुहरसहाए, फिरोजपुर के रूप में हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति पाकिस्तान आधारित नशा तस्करों के संपर्क में थे। ये नशा तस्कर अमृतसर के विभिन्न इलाकों में सप्लाई करने के लिए सीमा पार से नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए ड्रोन का उपयोग कर रहे थे। उन्होंने आगे



बताया कि इस संबंध में पुलिस स्टेशन छावनी और सदर अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। डीजीपी ने बताया कि इस मामले के अन्य संबंधों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियों और बरामदगियों की संभावना है।

पहले मामले के संबंध में चलाए गए ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए, कमिश्नर ऑफ पुलिस (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डीसीपी हरप्रीत सिंह मंडेर, एडीसीपी सिटी-2 हरक्मल कौर और एसीपी वेस्ट शिवदर्शन सिंह की निगरानी में पुलिस स्टेशन छावनी की पुलिस टीमों ने विशेष ऑपरेशन चलाया और गुरजंट कालू और जगजीत सिंह के रूप में पहचाने गए संदिग्धों को माहल बाईपास क्षेत्र से गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 3.067 किलो हेरोइन बरामद की।

उन्होंने बताया कि इसी तरह इंस्पेक्टर अमोलकदीप सिंह की अगुवाई में सीआईए स्टाफ-1 की पुलिस टीमों ने आगे की जांच के दौरान दो अन्य आरोपियों - जिनकी पहचान साहिल कुमार और रिंकू के रूप में हुई है - को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 2 किलो हेरोइन बरामद की।

सीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी रिंकू नशीले पदार्थों के व्यापार से कमाए गए गैर-कानूनी पैसे को विभिन्न सप्लायरों को ट्रांसफर करने के लिए एक बड़ा हवाला नेटवर्क चला रहा था। उन्होंने आगे बताया कि इस संबंध में और जांच जारी है।

# मदरसा नुरुल हुदा मुज़ाहिदपुर में हर्षोल्लास के साथ किया गया सालाना जलसे का आयोजन

## दीनी तालीम के साथ-साथ दुनिया की तालीम भी है जरूरी 9 हाफिज जमशैद

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
सहारनपुर ब्यूरो चीफ जाती राम



**सहारनपुर** मुजफ्फराबाद मदरसा नुरुल हुदा मुजाहिदपुर में वार्षिक जलसे का आयोजन किया गया जलसा कार्यक्रम में काफी बच्चों ने कुरआन पाक हिफ्ज़ करने की सफलता प्राप्त की जिनकी दस्तारबंदी (सम्मान समारोह) पूरे अदब और एहतराम के साथ की गई। जलसे में नामी इस्लामी विद्वानों और उलेमा-ए-किराम ने शिरकत की और अपने प्रेरणादायक तकरीरों से माहौल को रोशन किया। आयोजित जलसे की अध्यक्षता हजरत मौलाना मोहम्मद उमर साहब ने की मौलाना उमर साहब ने कहा कुरआन एक पाक किताब है इसे याद करना दुनिया और आखिरत दोनों में सफलता की कुंजी है। इसी तरह, हाफिज जुमशैद साहब ने छात्रों को कुरआन के साथ-साथ दीन-ए-इस्लाम की अन्य शिक्षाओं को भी अपनाने की सलाह दी।मुकरीर बयान मौलाना शगीर साहब ने किया उन्होंने कहा कि सभी को साथ लेकर चलना चाहिए और लड़कों के साथ-साथ लड़कियों को भी तालीम हासिल करनी चाहिए सभी विद्वानों ने जलसे में शिरकत कर इस्लामी तालीम की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने हाफिज़ बनने वाले छात्रों को मुबारकबाद पेश की और उन्हें बताया कि कुरआन को याद करना एक बहुत बड़ी नेमत है, जिसे अमल में लाना और दूसरों तक पहुंचाना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इस मौके पर मोलाना मुजिब्बुर रहमान नदवी मदरसा मोहतमिम हाफिज मोहम्मद जुमशैद साहब कारी मोहतरम साहब जलसे में मौजूद रहे। जलसे की शोभा बढ़ाने के लिए मदरसा उस्ताद मौलाना अब्दुल मुत्तलिब कारी शहजाद आलम ने रात दिन एक करके जलसे को कामयाब बनकर अपनी मेहनत का परिचय दिया

# मुकंद लाल स्कूल में मनाई गई फेयरवेल पार्टी

## हमारे जीवन में शिक्षा का होना बहुत जरूरी है :डॉ विमल शर्मा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
सहारनपुर ब्यूरो जाती राम

**पठेड़-** मुकंद लाल पब्लिक स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानाचार्य सेठपाल सैनी, राजेश सैनी, पूर्व प्रधान बबलू सैनी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुकंद लाल पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने भी अपनी सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा अपनी प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया । वही कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ



समाजसेवी डॉ.विमल शर्मा , राजेश सैनी , प्रधानाचार्य सेठपाल सैनी ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को आशीर्वाद दिया कि सभी छात्र छात्राएं आगामी बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंकों से पास होकर मुकंद लाल पब्लिक स्कूल का नाम रोशन करे। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व प्रधान बबलू सैनी, बिजेंद्र कुमार, राहुल कुमार,मुकेश कुमार ,रीता, दीपा, उपेक्षा, काजल, शिवानी, ललिता, आशु, आदि विद्यालय के अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे।

वही दूसरी ओर विद्यालय में साईबर सिक्योरिटी की एक कार्यशाला का आयोजन भारत इंस्टीट्यूट टेक्नालॉजी मैनेजमेंट चिलकाना के द्वारा भी किया गया जिसमें इंस्टीट्यूट की निदेशक कविता रानी ने सभी छात्र छात्राओं को साईबर सिक्योरिटी के बारे में बताकर होने वाली ऑनलाईन ठगी से बचने के टिप्स दिए ओर बताया कि किसी भी व्यक्ति को अपना पासवर्ड या मोबाइल या ईमेल आदि का इस्तेमाल न करने दे जिससे हम सुरक्षित रह सकते है।।

# दिनदहाड़े हमले में महिला की हत्या, पति और पड़ोसी गंभीर घायल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
संवाददाता वीरू गौतम

**पीलीभीत-** जिले के थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया गांव में दिनदहाड़े हुई एक सनसनीखेज वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। तीन हमलावरों ने घर में घुसकर एक महिला, उसके पति और पड़ोस के युवक पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति और पड़ोसी युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**हमले के दौरान मची अफरातफरी :** प्राप्त जानकारी के अनुसार, हमला उस समय हुआ जब पड़ोस का युवक घर में दूध देने आया था। हमलावरों ने अचानक महिला और उसके पति पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान वहां मौजूद पड़ोस के युवक पर भी हमलावरों ने ताबड़तोड़ वार किए। महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल पति और पड़ोसी युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**पुलिस जांच में जुटी :** घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एएसपी विक्रम दहिया मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने बताया कि घटना की पूरी जांच की जा रही है और जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**इलाके में दहशत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल :** इस वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हमलावरों की पहचान कर ली गई है और पुलिस जल्द ही इस मामले में बड़ा खुलासा कर सकती है।

**क्या है मामला? :** फिलहाल पुलिस घटना के पीछे के कारणों की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में आपसी रंजिश की आशंका जताई जा रही है, लेकिन पुलिस हर पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार कर इस वारदात का खुलासा किया जाएगा। इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस के लिए यह एक बड़ी चुनौती है कि जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए।

# खनन अधिकारी ने अबैध खनन का भंडाफोड किया

## अबैध खनन की शोशल मीडिया पर जमकर वीडियो वायरल

केसरिया हिन्दुस्तान
इसरार व्यूरो पीलीभीत



**पीलीभीत- बरखेड़ा।** कस्बे बड़े पैमाने पर अबैध खनन का काला कारोबार किया जा रहा है। जिसका वीडियो शोशल मिडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वही किसी व्याकि ने अबैध खनन का धर्म काटा करा रही ट्रेक्टर ट्रालियो का विडियो बनाकर शोशल मीडिया पर वायरल कर दिया उसके बाद राजस्व विभाग और खनन विभाग हरकत मे आया उसके बाद गाजीपुर कुंडा मे देवहा नदी पर अधिकारियो की गाड़िया दौड़ने को मजबूर दिखाई दी। वही खनन अधिकारी सुभाष सिंह सरकारी अमले के साथ खनन प्वाइंट पर पहुंच कर छापा मारा लेकिन अधिकारियो की भनक खनन माफियाओ को लगने से आधा दर्जन ट्रेक्टर ट्राली मौके से भागने मे कामयाब रही वही खनन अधिकारी ने मौके से एक जेसीबी चालक सहित पकड़ लिया और थाना पुलिस के हवाले कर दिया। वही शोशल मिडिया पर अबैध खनन की वायरल वीडियो के चलते खनन अधिकारी ने अबैध खनन का भंडाफोड किया। वही वायरल बिडियो मे बताया जा रहा है। यह जो ट्राली है। यह लोग बहुत बड़े खनन माफिया है। प्यारेलाल मंडल व कई लोग है। अबैध खनन का करोबार थमने का नाम ही नही ले रहा है।

# मेरठ में बने मिनी सचिवालय : सीएम योगी से सुनील भराला ने की मुलाकात

## बोले- कुछ लोग महाकुंभ को बदनाम कर रहे

**लखनऊ।** पूर्व राज्यमंत्री सुनील भराला ने शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की7 मुलाकात के बाद भराला ने कहा कि इस बार का महाकुंभ 144 साल का योग लेकर आया है। ऐसे योग में भारत की आधी आबादी लगभग 60 करोड़ श्रद्धालुओं को संगम में स्नान करने का अवसर मिला। महाकुंभ की अत्यंत सुंदर व्यवस्था के लिए सीएम योगी का आभार व्यक्त करता हूं 7 मुख्यमंत्री ने दिव्यकुंभ में अनवरत 40 दिनों से राष्ट्रीय परशुराम परिषद के महाशिविर से लगभग 1 लाख परिवारों में भगवान परशुराम की मूर्ति और चालीसा वितरण के साथ विष्णु भगवान के छठवें अवतार भगवान परशुराम के परशुराम महायज्ञ के लिए विशेष बधाई दी जा रही है। भराला ने आगे कहा कि जो लोग महाकुंभ को बदनाम कर रहे हैं, वह सनातनी नहीं हो सकते। महाकुंभ की बेहतर व्यवस्था के कारण ही देश के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां आ रहे हैं। महाकुंभ सनातनियों की श्रद्धा व आस्था से जुड़ा है। सच यह है कि महाकुंभ समरसता और आस्था का संगम है, जहां जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र के भेदभाव को खत्म करके सभी श्रद्धालु एक साथ जुड़ते हैं। लेकिन ये नकारात्मकता फैलाने वाले वही लोग हैं। जिन्होंने जीवन भर सरकार से वीवीआईपी ट्रीटमेंट लिया है, ये वही लोग हैं जो नकारात्मकता पैदा करके भारत और सनातन के विरोध में सदैव खड़े रहते हैं और दुष्प्रचार करने में मशगूल रहते है। सरकार महाकुंभ को ऐतिहासिक बनाने के लिए संकल्पित है। विपक्ष की आलोचनाओं को दरकिनार करते हुए कहा कि यह आयोजन सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति का गौरव है और इसे भव्य रूप से मनाने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। प्रशासन और सुरक्षा में लगे कुछ मुगल सोच रखने वाले अधिकारियों



द्वारा श्रद्धालुओं के प्रति दुर्व्यवहार किया गया। ऐसे दूषित मानसिकता वाले अधिकारियों के वजह से सनातनी श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। जिसके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जो लोग महाकुंभ को बदनाम कर रहे हैं, वह सनातनी नहीं हो सकते हैं। महाकुंभ की बेहतर व्यवस्था के कारण ही देश के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां आ रहे हैं। महाकुंभ सनातनियों की श्रद्धा और आस्था से जुड़ा है। प. सुनील भराला ने ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश के विकास को नई गति देगा और सभी वर्गों के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस बजट में गरीबों के कल्याण, अन्नदाता किसानों की समृद्धि, युवाओं के रोजगार और महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े प्रावधान किए गए हैं, जिससे उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाया जा सके। प्रदेश के इस ऐतिहासिक बजट से उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। साथ ही सुनील भराला ने मुख्यमंत्री से युवाओं के रोजगार के लिए मेरठ में उद्योग लगाने तथा मिनी सचिवालय बनाने की की माँग की। भराला ने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्रयागराज दिव्य कुम्भ में गंगा जी का 'जल मल संक्रमित' बताना बड़ा षड्यंत्र है। यह रिपोर्ट पर्यावरण मंत्रालय में बैठे अधिकारियों की सोची समझी साजिश है। ये अधिकारी कांग्रेस व सपा के मानसिकता के है ऐसे अधिकारियों की जाँच कराना आवश्यक हैय् गंगा हमेशा पवित्र थीं पवित्र है पवित्र रहेगी।

# एफसीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर 6 लाख की ठगी, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम

पीलीभीत = जिले के सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में एक युवक से एफसीआई (फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) में नौकरी दिलाने के नाम पर 6 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ठगी के शिकार युवक ने जब न्याय की गुहार लगाई, तो कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 19 फरवरी 2025 को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के सोंधा गांव निवासी एक युवक को लखनऊ और देवरिया जिले के दो लोगों ने एफसीआई में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। ऊँची पकड़ और प्रभावशाली संपर्कों का हवाला देते हुए उन्होंने युवक से 6 लाख रुपये ऐंठ लिए। लेकिन जब काफी समय बीतने के बाद भी नौकरी नहीं लगी और आरोपी टालमटोल करने लगे, तब ठगे गए युवक ने न्यायालय का सहारा लिया।पीड़ित युवक ने अदालत में याचिका दायर कर न्याय की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। आदेश के अनुपालन में सेहरामऊ उत्तरी थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मामले के सामने आने के बाद इलाके में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए नागरिकों को सतर्क रहना चाहिए। सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी होती है और किसी भी तरह की ऊँची पकड़ या दलालों के चक्कर में पड़कर पैसे देना भारी नुकसान पहुंचा सकता है। पुलिस ने भी लोगों से अपील की है कि वे ठगों के झांसे में न आएं और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।


स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए : डीएम

**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित 50 लाख रूपये से अधिक लागत की समस्त परियोजनाओं एवं सड़कों के निर्माण तथा अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिजों में रेलवे के स्तर से कार्य लंबित हैं, उन्हें संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र पूर्ण कराया जाये। पूर्ण परियोजनाओं को निर्धारित प्रक्रिया का पालन कराते हुए शीघ्र हस्तांतरित कराए जाने के भी निर्देश दिये। धीमी प्रगाति वाली संस्थाओं को कार्य की प्रगाति में सुधार के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि परियोजनाओं पर कार्य चल रहा हैं, उसको समयावधि में पूर्ण किया जाये। अन्यथा की स्थिति संबंधित कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कार्यवाही



की जायेगी। साथ ही कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिन विभाग से समस्या उत्पन्न हो, उसे बैठक के दौरान ही निस्तारित किया जाये।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सी0एम0आई0एस0 पोर्टल पर भौतिक सत्यापन एवं वित्तीय सत्यापन की फीडिंग ससमय कराए जाने हेतु निर्देश भी दिये ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो। धीमी प्रगति वाली योजनाओं में सुधार हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि अनारम्भ कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएं 01 वर्ष से अधिक लम्बित हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये परियोजनाएं शीघ्र पूर्ण कराये। उन्होंने निर्देश दिये कि नैमिषारण्य क्षेत्र में कराये जा रहे कार्यों को ससमय पूर्ण कराया जाये तथा परिक्रमा मार्ग से सम्बन्धित मार्गों को विशेष प्राथमिकता दी जाये। नई सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये एवं निर्माण कार्यों के साथ-साथ सभी सड़कों पर सड़क सुरक्षा मानकों के अनुसार संकेतक आदि भी स्थापित कराए जाये। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनूप श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी तिलक सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन

*सीतापुर। जिला सेवायोजन कार्यालय, सीतापुर द्वारा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खैराबाद सीतापुर के प्रांगण में 21 फरवरी.2025 को प्रात: 10.00 बजे एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि मेले में प्रतिभाग करने हेतु स्कैनर का प्रयोग कर पंजीकरण कर लें।अथवा बेबसाइट https://rojgaarsangam.up.gov.in/ पर अपना पंजीयन अवश्य कर लें जिससे किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो।*

# 07 वांछित/वारण्टी गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी के लिये टीम गठित कर निर्देश दिये गये हैं।उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण थाना थानगांव, लहरपुर, हरगांव, कमलापुर, तालगांव की पुलिस टीमों द्वारा मा. न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल 07 वांछित/वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया है। थाना थानगांव पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार- थाना थानगांव पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 014/2025 धारा 74/296/115(2)/117(2) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट में वांछित रवि यादव पुत्र पेशकार यादव निवासी ग्राम सरैंया भटपुरवा थाना



थानगांव को गिरफ्तार किया गया थाना लहरपुर पुलिस द्वारा 03 वारंटी गिरफ्तार- थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 01/18 में वारंटी सुभाष कबाड़ी पुत्र पुत्तूलाल नि0 ग्राम पिंडुरिया थाना लहरपुर अ0सं0 199/11 में वारंटी हरिकरन पुत्र रामऔतार नि0 ग्राम टांडाकला थाना लहरपुर, अ0सं0576/04 में वारंटी पुनीत पुत्र रामगुलाम नि0 ग्राम भदफर कोतवाली लहरपुर को गिरफ्तार किया गया,थाना हरगांव पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार- थाना हरगांव पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 033/2025 धारा 115(2)/352/351(2)/191(2)/191(3)/105 बीएनएस में वांछित बालगोविन्द पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम बबरापुर थाना हरगांव को गिरफ्तार किया गया ।थाना कमलापुर पुलिस द्वारा 01 वारंटी गिरफ्तार- थाना कमलापुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 246/2011 में वारंटी फारूख पुत्र शरफूद्दीन निवासी स्टेशन रोड कमलापुर थाना कमलापुर को गिरफ्तार किया गया थाना तालगांव पुलिस द्वारा 01 वारंटी गिरफ्तार- थाना तालगांव पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 186/2024 में वारंटी कुसमा देवी पत्नी अमरचन्द निवासी ग्राम परसेण्डी थाना तालगांव को गिरफ्तार किया गया पुलिस द्वारा कुल07 वांछित/वारण्टी गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई ।

## अपनी आयकर आगणन शीट कार्यालय कोषागार में प्रस्तुत करे

**सीतापुर ।** वरिष्ठ कोषाधिकारी ने कोषागार सीतापुर से पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त पेंशनरों को सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 समापन की ओर है। ऐसे सभी पेंशनर जो आयकर की श्रेणी में आते है। दिनांक 20 फरवरी 2025 तक अपनी आयकर आगणन शीट के साथ पैन कार्ड की छायाप्रति एवं बचत का प्रमाण (एल0आई0सी0, शिक्षण शुल्क, पी0एल0आई0, एन0एस0सी0 इत्यादि) कार्यालय कोषागार सीतापुर में अवश्य प्रस्तुत कर दें। आयकर कटौती की श्रेणी में आने वाले ऐसे पेंशनरों द्वारा यदि समय से आयकर आगणन शीट प्रस्तुत नहीं की जायेगी तो माह फरवरी-2025 से उनकी पेंशन रोक दी जायेगी।

# विद्या धन सर्वनाम प्रधानम विद्या का धन सब धनो में श्रेष्ठ है विद्या मनुष्य का आभूषण है : सुनील वर्मा

**सीतापुर।** परसेंडी सरस्वती बल विद्या मंदिर पारासरायमे आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील वर्मा नि.विधायक लहरपुर के द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती पूजन किया सुनील वर्मा नि.विधायकने कार्यक्रम में आए हुए सभी अभिभावकों एवं छात्रों को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां विद्या धन सर्वनाम प्रधानम विद्या का धन सब धनो में श्रेष्ठ है विद्या मनुष्य का आभूषण है जिसके माध्यम से संपूर्ण देश में व्यक्ति का नाम जाना और पहचाना जा सकता है आज इस क्षेत्र के लिए सरस्वती



विद्या मंदिर वरदान साबित हो रहा है जिससे हजारों बालक नाम रोशन कर रहे हैं कार्यक्रम में विभिन्न बच्चों के के द्वारा एकांकी नाटक नृत्य के माध्यम से सभी का मनमोहित किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रबंधक श्री कृष्ण पाल सुरेश गुप्ता जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा सीतापुर मनोज कुमार त्रिवेदी जिला सहसंयोजक मीडिया बीजेपी सीतापुर संजय भार्गव जिला सह संयोजक पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ भाजपा सीतापुरमुन्नालाल पाल प्रधान दसेलिया श्रवण लोधी प्रधान कैमहरा वजीरपुर अनूप श्रीवास्तव मंडल निअध्यक्ष भाजपा परसेंडीश्री कृष्ण पाल पूर्व प्रधान ओम प्रकाश शुक्ल प्रधान राही संजय शुक्ला भाजपा नेता कृष्ण मुरारी शुक्लासहित सैकड़ो लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गयी

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत गांव जजौर स्थित आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च में बुधवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में शिवाजी महाराज के वीरता, प्रशासनिक कौशल और राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को शिवाजी के आदर्शों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। छात्रों द्वारा नाटक, भाषण और कविता पाठ के माध्यम से शिवाजी महाराज के शौर्य और प्रशासनिक नीतियों का जीवंत चित्रण किया गया। इसके अलावा, एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों और गणमान्य अतिथियों ने छात्रों को शिवाजी महाराज की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह, प्रचार्या डॉ. स्तुति वर्मा, उपनिदेशक डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. अब्दुल रब खान, विभागाध्यक्ष डॉ. राहुल शर्मा, रजिस्ट्रार रोहित सिंह, अध्यापक अनुपम शर्मा, राजीव कुमार, ऋषभ शुक्ल, अनुभा, नशरा शमी, रीता, रेहान, अबरार , प्रीति, तिलक राज, प्रवीन, अरुण आदि मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय आमन्त्रण कबड्डी का आयोजन

**सीतापुर ।** जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि खेल निदेशालय, उ0प्र0 के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय, सीतापुर द्वारा आयोजित करायी जा रही राज्य स्तरीय आमन्त्रण कबड्डी (महिला सीनियर वर्ग) प्रतियोगिता के अन्तिम दिन दिनांक 20.02.2025 के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा जी रहे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के चेयर मैन विनोद कुमार यादव एवं



उ0प्र0 कबड्डी खेल संघ के निर्णायक, आशीष सिंघानियां प्रबन्धक सिघांनिया एजूकेशनल इस्टीटयूट् सीतापुर, राज शर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक, जिला खेल कार्यालय, सीतापुर के खेल प्रशिक्षक सुरेन्द्र कुमार लाल, विवेक सिंह, अरूण गौतम, मंयक आनंद, देवेन्द्र कुमार व खेल कार्यालय महमूदाबाद के प्रशिक्षक जय शंकर एवं समस्त स्टाफ व खिलाड़िगण आदि उपस्थिति थे। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें सीतापुर, कानपुर, वाराणसी, गाजीपुर, महाराजगंज, जौनपुर, गोरखपुर, लखनऊ, आयोध्या, आगरा शामिल रहीं। उन्होंने बताया कि आज के परिणाम पहला सेमीफाइनल मैच वाराणसी बनाम जौनपुर के मध्य खेला गया, जिसमें वाराणसी ने 39-23 विजय प्राप्त की एवं दूसरा सेमीफाइनल मैच गाजीपुर बनाम कानपुर के मध्य खेला गया, जिसमें गाजीपुर ने 35-12 से विजय प्राप्त की। फाइनल मैच वाराणसी बनाम गाजीपुर के मध्य खेला गया जिसमें वाराणसी ट्राईब्रेकर के माध्यम से विजय प्राप्त की।

# कमला देवी शिक्षण संस्थान मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**ऐलिया, सीतापुर।** विकास खण्ड ऐलिया के देवई ग्राम सभा के कमला देवी शिक्षण संस्थान में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के प्रबंधक अनुज कुमार सिंह ने पूजन किया ।अनुज कुमार सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी




अभिभावकों एवं छात्रों को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां विद्याधन सर्वनाम प्रधानम विद्या का धन सब धनो में श्रेष्ठ है विद्या मनुष्य का आभूषण है जिसके माध्यम से संपूर्ण देश में व्यक्ति का नाम जाना और पहचाना जा सकता है ।आज इस क्षेत्र के लिए कमला देवी शिक्षण संस्थान वरदान साबित हो रहा है । कार्यक्रम में विभिन्न बच्चों के द्वारा एकांकी नाटक नृत्य के माध्यम से सभी का मनमोहित किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत कुमार सिंह,हरिओम , अनिल उदयभान समस्त स्टॉप उपस्थित रहा।

# पत्रकार को पितृशोक, दी गई श्रद्धांजलि

**गोंदलामऊ,सीतापुर।** पत्रकार रोहित त्रिपाठी के पिता विनोद त्रिपाठी (56 वर्ष) ने गुरुवार को अंतिम सांस ली। वह काफी समय से बीमार थे। उनका इलाज लखनऊ स्थित मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। वह एक उन्नत सील किसान थे। वह विकास खंड गोंदलामऊ क्षेत्र के संदना गांव के रहने वाले थे।वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़कर इस दुनिया



से चले गए। वह बहुत मृदुभाषी थे, पत्रकार आलोक त्रिपाठी, अखिलेश मिश्रा, मदन पाल सिंह, संजय अर्कवंशी, राजेन्द्र अवस्थी, सुनील सिंह अर्कवंशी, भाजपा के संदना अध्यक्ष सुरेंद्र अवस्थी, कल्ली मंडल अतुल, गोंदलामऊ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुनेंद्र अवस्थी, दिलीप मिश्रा, विजय त्रिपाठी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग सामिल हुए

# युवक की अचानक हृदय गति रुक जाने से मौत



**सिधौली- सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत गांव भण्डिया गुरुवार को शादी समारोह में खाना बनाने आए एक(25 ) वर्षीय युवक नल पर हाथ धोने गया अचानक हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई। कोतवाली के भण्डिया गांव में गुरुवार को मुन्ना सांई की पुत्री की बारात ( शादी) समारोह में रोटी पकाने गया था। मेहताब (25) वर्ष पुत्र अब्दुल रजाक निवासी फिरोजपुर थाना कोतवाली सिधौली बताते हैं कि गुरुवार को सुबह जब वह खाना बनाने की तैयारी कर रहा था तभी लघुशंका कर नल पर हाथ धोने गया था इसी दौरान अचानक नल पर गिर गया आनंन- फानन में लोग उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लेकर आए जहां पर डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया है।

# तीन दिवसीय राइफल शूटिंग का आयोजन

**सीतापुर ।** जिला राइफल एसोसिएशन सीतापुर के तत्वाधान में तीन दिवसीय राइफल शूटिंग का आयोजन 11वी वाहिंनी पी0ए0सी0 सीतापुर के बटरेंज पर आयोजित किया गया, जिसमें जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा द्वारा हवा में गुब्बारें फोड़कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।तत्पश्चात जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा, प्रशिक्षु आई0ए0एस0 नितिन सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नंद तिवारी द्वारा टारगेट पर निशाना लगाकर शूटिंग की गयी। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आये हुये सभी प्रतिभागियों एवं अन्य उपस्थित जनों का अभिवादन करते हुये कहा कि जिला रायफल क्लब एक महत्वपूर्ण संस्था है, जिसके माध्यम से जनपद में शूटिंग



कम्पटीशन और उसको मोटीवेट करने व उसको प्रमोट करने के लिये आवश्यक है, उसमें कम्पटीशन आर्गेनाईज कराये जाते है। लोगों को इसमें जोड़ा जाता है, यह एक हर्ष का विषय है। कोविड के कारण अन्य कारणोंवश पिछले 5-6 सालों से यह आयोजित नही हो पा रहा था, काफी लम्बे अन्तराल के बाद यह शूटिंग कम्पटीशन आयोजित हुयी है और इसमें प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों, आयोजित करने वाले सभी सदस्यों, जिन्होंने इसमें सहयोग किया, उन सभी को धन्यवाद दिया। सभी को शुभकामनाएं दीं देते हुये कहा कि आप सभी इसमें अच्छा पार्टीसिपेट करें, जिससे आपको नेशनल लेवल पर पार्टीसिपेट करते हैं, उसमें आप सभी की प्रतिभा निखर कर आये।

# शाकाहारी बनें और नशीले पदार्थों से दूर रहें : संत पंकज महाराज

**सीतापुर ।** जनजागरण हेतु भ्रमण पर निकले जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज महाराज कल सायंकाल अपनी यात्रा के 68वें पड़ाव ग्राम बेहटा पाकौरी में श्री वेदप्रकाश भटनागर के खेत पर पधारे। यहां देर सायंकाल तक पूर्व से प्रतीक्षारत स्थानीय भाई-बहनों ने पुष्पवर्षा, कलश, दीप प्रज्वलित आरती थाल तथा बाजे-गाजे के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। अपने सत्संग सम्बोधन में संस्थाध्यक्ष ने कहा कि जन्म-जन्मान्तरों के जब पुण्य उदय होते हैं तब हमको आपको यह मनुष्य शरीर प्राप्त होता है। ''मिली नर देह यह तुमको बनाओ काज कुछ अपना। पचो मत आय यहि जग में जानियो रैन का सपना।।'' अरे नर, नारियों! इन आंखों से जो कुछ भी हमे दिखाई देता है वह सब माया की छाया है। हम रात में स्वप्न देखते हैं, वह हमको सच मालूम होता लेकिन जब आंख खुलती है तो हमारा भ्रम टूटता है कि वह तो स्वप्न था। इसी तरह से घर मकान, बेटी, बेटे, नाते रिश्तेदार यह सब हमारे लिये दस-बीस, सौ, पचास साल का स्वप्न है। जब हमारी मौत होती है तो यह सब छूट जाता है तो हमें प्रतीत होता है कि भाई यह तो वास्तव में स्वप्न था। अब कुछ भी साथ नहीं जा रहा। महात्मा समझाते हैं कि मनुष्य शरीर से बढ़कर कोई योनि नहीं है क्योंकि इसी मनुष्य शरीर में परमात्मा से मिलने का एक मात्र दरवाजा है। उस दरवाजे का भेद केवल सन्त महात्मा ही जानते हैं। जिसे पाने के लिये सबसे पहले जरूरी है कि पहले आप मानवतावादी बनें। मानव धर्म और कर्म को अपनायें। मानव धर्म क्या है? कि इन्सान, इन्सान के काम आवे। एक-दूसरे की नि:स्वार्थ भाव से सेवा करे। सत्य, दया, अहिंसा, परोपकार आदि गुणों को अपने जीवन में उतार करके और किसी



सन्त महात्मा की खोज करके उनके बताये रास्तों पर चल करके उस मालिक की भक्ति करके अपनी जीवात्मा का कल्याण करा लें। यही इन्सान का सबसे बड़ा मानव धर्म है लेकिन आज इस कलिकाल में ये दुनिया के लोग विषय विकारों में, शराबों और कबाबों में, मांस और मदिरा में सुख ढूढ़ने की कोशिश कर रहे। ये चरित्र पतन जैसे कार्यों को अपना करके ये अवाम, ये जनमानस कैसे सुखी हो सकती है? पहले आप चरित्र जैसे धन को इक्ट्ठा करें क्योंकि चरित्र ही सब कुछ है। चरित्र ही मानव धर्म की पूंजी है।

महाराज ने कहा कि मनुष्य के खून में मांसाहार आदि से जब पशुओं-पक्षियों के मांस का बेमेल खून मिल जायेगा तो तरह तरह की बीमारियां आयेंगी। हमारे गुरु महाराज परम सन्त बाबा जयगुरुदेव महाराज ने 60-70 वर्ष पूर्व कहा है कि ''नई-नई बीमारी होगी, एक की दवा सौ में न मिलेगी। तब तुम कैसे बचोगे यार जयगुरुदेव की बानी। सुनते जाना नर और नारि जयगुरुदेव की बानी।।'' इसलिये हमारी आप लोगों से अपील है कि आप सब शाकाहारी बनें और नशीले पदार्थों से दूर रहें। ताकि एक अच्छे समाज का निर्माण हो और ''सब नर करहिं परस्पर प्रीती।'' का वातावरण बन सके।

उन्होंने वर्तमान में युवा पीढ़ी को नशों की गिरफ्त में फँसते जाने पर चिन्ता व्यक्त करते हुये कहा कि यह हमारे आपके सबके चिन्ता का विषय है कि इन देश के युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचायें। यही नवजवान बच्चे देश की धरोहर हैं। इसलिये हमारी आप सबसे अपील है कि यदि एक अच्छा समाज बनाना है तो इन बच्चों को नशों से बचाना है। इस अवसर पर गोपीचन्द, ओम प्रकाश, बुद्धि सागर अवस्थी, प्रधान शुभम भटनागर, कामता प्रसाद मौर्य, कृष्ण मोहन, आशाराम यादव, रगण सिंह वर्मा, कनौजी लाल, उमा शंकर वर्मा, माखन द्विवेदी, शिव कुमार, खन्नू लाल, जगमोहन लाल आदि उपस्थित रहे। सत्संग के बाद जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव हेतु ग्राम दुगनिया ब्लाक सकरन के लिये प्रस्थान कर गई।

# अम्बेडकर नगर महोत्सव मीडिया पड़ताल में जुटी, कहां कहां से आया चंदा होगा खुलासा

## महोत्सव जरूरी की ग्राम पंचायतों का विकास

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो चीफ रविन्द्र वर्मा**

**अम्बेडकर नगर।** अम्बेडकर नगर महोत्सव की भव्यता के गुणगान महोत्सव शुरू होने से पहले ही किए जाने लगे। कौन कौन राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय कलाकार आयेंगे कौन नाचेगा कौन गाएगा इसका तो बहुत वर्णन हो रहा है। लेकिन इसके आयोजन का खर्च कौन उठा रहा है कहां से पैसा आएगा यह किसी अखबार या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नहीं बताया जा रहा है। अम्बेडकर नगर महोत्सव के नाम पर ग्राम पंचायतों से एक मोटी रकम निर्धारित कर चंदा वसूलने का आदेश किस अधिकारी ने दिया यह कहीं नहीं छप रहा है। जबकि मुख्य खबर तो यही होनी चाहिए थी।आखिर किन किन ग्राम प्रधान और सचिव चंदे की रकम देते कहां से है। सचिव अपने 40 हजार के वेतन से देता है या प्रधान अपने पांच हजार मानदेय से देता है। अधिकारियों को सब पता है अधिकारी जान बूझ कर नीचे वाले कर्मचारियों से भ्रष्टाचार कराते हैं।

ग्राम पंचायत के विकास का रुपया महोत्सव में चंदा लेकर नृत्य करने वाले पर उडाया जायेगा फिर उसी महोत्सव में जिला अधिकारी मुख्य अतिथि बन कर आगे की लाइन में सोफे पर बैठ कर कुछ पत्रकारों से फोटो खिंचवाकर अखबारों में छपवाकर अपनी छवि चमकाएंगे।जबकि महोत्सव में खर्च रुपए का सच बहुत ही काला और बदसूरत होगा। समस्या यह है कि सच सामने लाए कौन? जानते तो सब है। पर बोलता कोई नहीं।

**महोत्सव के पूरे कार्यक्रम पर वसूले गए चंदे पर मीडिया की तिरछी नजर :-**

मीडिया पड़ताल में जुटी हो रहे हैं चौंकाने वाले खुलासे विश्वासुत्रों से मिली जानकारी अनुसार किस –



किस विभाग द्वारा चंदा वसूला गया जैसे कि चीनी मील मिझौडा अकबरपुर, उद्योग विभाग नगर पंचायत व नगर पालिका, विकास विभाग, नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन टांडा, अल्ट्रा टेक, आदि मिडिया पड़ताल में जुटी हुई है और कौन-कौन से विभाग वसूले गए चंदे को लेकर अम्बेडकरनगर की जनता में तरह – तरह की चर्चा हो रही है।

**मिडिया में खबर प्रकाशित होने के उपरांत जनता में चर्चा कैसे होगा ग्राम पंचायतों का विकास :-**

कुछ मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद जनता में अम्बेडकर नगर महोत्सव के बारे में तरह तरह की चर्चा रही है।कुछ लोग तो जिला अधिकारी के ईमानदारी पर भी सवाल उठा रहे हैं यह चर्चा हो रही है कि विकास के रुपए को महोत्सव पर उड़ाया जा रहा है । कुछ लोगों ने तो कहा अगर ऐसे ही रहा है तो ग्राम पंचायत में विकास कोसों दूर होता रहेगा एवं मुख्यमंत्री का योगी आदित्यनाथ के मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा हैं। कुछ लोगों ने यह भी कहा जिलाधिकारी विकास के रूपए को पानी में बहा दिया जैसे झील का सौंदर्यीकरण की बात उठाई। महादेव घाट गांगा सफाई पर भी जिक्र किया लोगों के मन में तरह-तरह की बातें सामने निकल कर आ रही है आखिर उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जो विकास के लिए रुपए दे रहे हैं उसका कैसे जिलाधिकारी अंबेडकर नगर दुरुपयोग कर रहे हैं। फिलहाल जिसने भी यह अम्बेडकरनगर विकास महोत्सव का परम्परा बनाया है या रुपया कमाने का अच्छा तरीका बनाया। तबसे लेकर आज तक अम्बेडकरनगर विकास महोत्सव के नाम पर सभी विभागों से चंदा वसूली किया जाता है। यह किसी को नहीं पता होता है की कितना चंदा वसूली हुआ और खर्चा होने के बाद बचा या नहीं। फिलहाल खोज पड़ताल जारी रहेगा.......

# ग्राम प्रधान का कार्य कर रहे सफाई कर्मचारी, फर्जी पैसा निकालने का भी आरोप

## रोशनगढ़ ग्रामसभा में जमकर भ्रष्टाचार

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** सफाई कर्मचारी ग्राम प्रधान का प्रतिनिधि बनकर पूरा कार्यभार देख रहा है। अकबरपुर विकासखंड के ग्राम सभा रोशनगढ़ की प्रधान महिला है और उनके पति सरकारी सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं, महिला प्रधान आज तक कभी ब्लॉक पर नहीं दिखाई पड़ी है और न ही क्षेत्र में विकास कार्य को देखा जाता है, सारा कार्य सफाई कर्मचारी उनके पति के द्वारा किया जा रहा है। साथ ही ग्राम सभा में जमकर भ्रष्टाचार भी किया जा रहा है। पीड़ित पंकज कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस




में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण पंकज कुमार का आरोप है ग्राम पंचायत रोशनगढ़ में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है सरकारी धन का दुरुपयोग बिना किसी भी प्रकार का बिल और कार्य का नाम स्पष्ट के बावजूद पैसा निकाला जा रहा है। दिलीप के घर से वीरेंद्र के घर तक कोई नाली नहीं बनी है आईजीआरएस पर नाली बना हुआ दिखाया गया है जिसमें पेमेंट भी निकाल लिया गया है। ग्राम सभा में कार्य प्रधान पति अनिल कुमार के देखरेख में होता है जो की सफाई कर्मचारी के पद पर कार्य कर रहे हैं प्रधान रंजना मौर्य के देखरेख में नहीं होता है, नियमों की अनदेखी की जा रही है। बिना सचिव के सिग्नेचर के पेमेंट निकाला जाता है न ही मोहर लगाया जाता है। साथ ही जय मां दुर्गा ट्रेडर्स कहीं पर नहीं है फिर भी उसके नाम से भुगतान किया जा रहा है। पूरे मामले की जांच किसी सक्षम अधिकारी से कराए जाने की मांग करते हुए जे.ई. अशोक कुमार यादव पर फर्जी शिकायत निस्तारण करने का भी आरोप लगाया है साथ ही जांच करने की मांग भी की है।

## बैंक शाखा प्रबंधक व दो अन्य पर केस

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** बिना उत्तराधिकार निर्धारण हुए भाई के खाते में धनराशि भेजे जाने के मामले में न्यायालय के निर्देश पर केस दर्ज किया गया है। पीड़ित ने अपने भाई, भतीजे और शाखा प्रबंधक को आरोपी बनाया है।कोतवाली आलापुर के ग्राम निभा निवासी गुरु प्रसाद गुप्त ने न्यायालय में वाद दायर कर बताया था कि उनके पिता राम प्रसाद गुप्त का निधन मई 2024 में हो गया था। गुरुप्रसाद के मुताबिक पिता ने अपनी चल अचल संपत्ति का वारिस उन्हें घोषित किया था। निधन के समय पिता के खाते में 16.67 लाख रुपये जमा थे। 18 मई को बैंक को रुपये न निकालने के संबंध में पत्र भी भेजा था, जिस पर बैंक ने उत्तराधिकार प्रमाणपत्र लाने की बात कही थी।इस बीच कूटरचित दस्तावेज से सात सितंबर 2024 में भाई त्रिलोकी प्रसाद को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा रामनगर से 1.74 लाख रुपये का केसीसी दिया गया।

# साइबर फ्रॉड को लेकर वित्तीय सलाहकार ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** ब्लॉक भीटी ग्राम पंचायत धर्मगंज में चलाया गया जन जागरूकता अभियान ग्रामीणों को साइबर ठगी को लेकर किया गया जागरूक यह जन जागरूकता अभियान रिजर्व बैंक इंडिया आरोह फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहा है कैसे हो जाते हैं हमारे साथ साइबर ठगी जाने –

1 – बिना किसी चिन्ह पहचान के अपना कोई पर्सनल डॉक्यूमेंट या पर्सनल ओटीपी ना करें शेयर

2 – अगर किसी भी अनजान नंबर से आपके पास कॉल आते हैं या वीडियो कॉल आते हैं तो ऐसी कंडीशन में कॉल को रिसीव ना करें

3 – अगर किसी अनजान नंबर से आपके पास फोन आता है और आपके रिश्तेदारों की आवाजों में बात करता है तो रहे सावधान ऐसी कंडीशन में आपके साथ फ्रॉड हो सकते हैं

और इसके साथ-साथ बैंकिंग की तौर पर चलाई जा रही योजना के बारे में ग्रामीणों को दी गई जानकारी

**कौन सी योजना कैसे देगी लाभ :-**

अटल पेंशन योजना 18 से 40 वर्ष तक इस योजना का लाभ ले सकते हैं अगर आप इस योजना को लेते हैं तो 60 साल पूरे होने के बाद आपको बैंक की थ्रू 1000 से लेकर ?5000 तक पेंशन दिए जाएंगे और इसके साथ अगर आपकी मृत्यु होती है या पेंशन आपकी पत्नी या पति को दिए जाएंगे और आप दोनों के न रहने पर आपके बच्चों को 170000 से लेकर 850000 लख रुपए दिए जाएंगे इसके साथ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का अगर आप लाभ लेते हैं तो किसी भी कंडीशन में अगर आपकी मृत्यु होती है तो आपकी नॉमिनी यानीकि आपके परिवार को 200000 का सहयोग बैंक के द्वारा किया जाएगा। और इसके साथ अगर आप प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा लेते हैं अगर आपके साथ किसी प्रकार की कोई दुर्घटना होती है तो आपकी नॉमिनी और परिवार को 200000 दिए जाएंगे इस शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और बैंकिंग सेवाओं व ऑनलाइन लेन-देन की सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की। और ऐसे ही अलग-अलग योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को लगातार किया जा रहा है जागरूक यह जन जागरूकता अभियान बैंक सखी रेनू, लीलावती की अध्यक्षता में किया गया। आरोह फाउंडेशन इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने का कार्य कर रहा है।

# होटल, ढाबा, रेस्टोरेन्ट में निर्धारित रेट लिस्ट चस्पा करवाने के निर्देश

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 द्वारा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रवर्तन कार्यवाही में 2939 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। 327 छापे की कार्यवाही में 417 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किये गये। इस अवधि में 270 जाँच रिपोर्ट प्राप्त हुयी। जिसमें 152 खाद्य पदार्थ मानक के विपरीत पाये गये। अभियोजन कार्यवाही के अन्तर्गत 228 वाद न्यायालय में योजित किये गये। न्यायालय द्वारा उक्त अवधि में 247 वादों का निर्णय किया गया। जिसमें कुल 6981000 का अर्थदण्ड अधिरोपित कराया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 माह जनवरी 2025 तक 2262 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुये 354 छापे की कार्यवाही में 458 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किये गये। 421 जाँच रिपोर्ट प्राप्त हुयी। 253 खाद्य पदार्थ मानक के विपरीत पाये गये। अभियोजन कार्यवाही के अन्तर्गत 389 वाद न्यायालय में योजित किये गये। न्यायालय द्वारा इस अवधि में 260 वादों का निर्णय किया गया। जिसमें कुल 7330000 का अर्थदण्ड लगाया गया।

सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 ने बताया कि जिले में एक स्ट्रीट फूड हब प्रस्तावित है। समिति के अध्यक्ष ने जिला पूर्ति विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर तहसीलवार 26 से 28 फरवरी तक खाद्य लाइसेंस पंजीकरण कैम्प का आयोजन करने का निर्देश दिया। खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण वृद्धि निर्देश दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी लाइसेंस पंजीकरण वृद्धि हेतु कैम्प का आयोजन करने हेतु कहा।

अयोध्या धाम में स्थित समस्त खाद्य प्रतिष्ठान होटल, ढाबा, रेस्टोरेन्ट इत्यादि को निर्धारित रेट लिस्ट चस्पा करवाने के निर्देश दिये गये। ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध एवं उचित दाम का भोजन/पेय पदार्थ प्राप्त हो सके और वह अच्छा संदेश लेकर जायें। आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को उपजिलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। औषधि निरीक्षक को अयोध्या धाम में स्थित समस्त मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण कर नकली दवाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। आगामी होली के दृष्टिगत केमिकल युक्त रंग गुलाल न प्रयोग किये जाने हेतु औषधि निरीक्षक को प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में उप जिलाधिकारी, सोहावल, रुदौली, मिल्कीपुर, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायती राज्य अधिकारी, जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन योजना, जिला सूचना अधिकारी, औषधि निरीक्षक, संबंधित विभागों के प्रतिनिधि, व्यापारिक एवं उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि के रूप में विजय गुप्ता एवं शिव बक्श सिंह तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# समाचार पत्र वितरण करने वाले राम तीरथ की धर्मपत्नी का निधन

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** दशकों से न्यौरी से समाचार पत्र वितरण करने वाले राम तीरथ की धर्मपत्नी अशरफा देवी का बृहस्पतिवार की रात्रि में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना प्राप्त होने पर पत्रकारों सहित समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार तिघरा दाउदपुर निवासी अशरफा देवी पत्नी राम तीरथ उम्र लगभग 50 वर्ष का बृहस्पतिवार की रात्रि में आकस्मिक निधन हो गया। वह लगभग बीते एक महीने से अस्वस्थ चल रही थी।उनके निधन की



सूचना प्राप्त होने पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं अयोध्या मंडल संरक्षक शरीफ मसूदी, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, तहसील अध्यक्ष आलापुर योगेंद्र यादव, पत्रकार रुद्र प्रताप सिंह, पत्रकार अनीस मसूदी, पत्रकार रोहित पाठक सहित अनेक लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। अशरफा देवी का अंतिम संस्कार शुक्रवार को चहोड़ाघाट पर कर दिया गया। उनको मुखाग्नि उनके पति राम तीरथ ने दिया। अंतिम संस्कार के अवसर पर ग्राम प्रधान दाउदपुर वेद प्रकाश उर्फ पिंटू, जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह, भाजपा नेता अरविंद सिंह उर्फ मंटू गुलाबचंद, रवि, राजेंद्र, गौतम, सुरेंद्र सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## अयोध्या में 2.49 लाख किसानों की सम्मान-निधि पर खतरा

# फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराने वालों को नहीं मिलेगी 19वीं किस्त, 24 फरवरी को होगी जारी

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** रजिस्ट्री के लिए किसानों को नजदीकी जनसेवा केंद्र पर खतौनी और आधार कार्ड की छायाप्रति लेकर जाना होगा। रजिस्ट्री के लिए किसानों को नजदीकी जनसेवा केंद्र पर खतौनी और आधार कार्ड की छायाप्रति लेकर जाना होगा। अयोध्या में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। जिले के करीब 2 लाख 49 हजार 600 किसानों को यह किस्त नहीं मिल पाएगी। इसकी वजह है फार्मर रजिस्ट्री न कराना। उपनिदेशक कृषि अयोध्या पी0के कनौजिया के अनुसार, जिले में कुल 4 लाख 26 हजार किसान सम्मान निधि के लाभार्थी हैं। अब तक केवल एक लाख 53 हजार किसानों ने ही फार्मर रजिस्ट्री कराई है। यह रजिस्ट्री सभी किसानों के लिए अनिवार्य है।

फार्मर रजिस्ट्री के बिना किसानों को सम्मान निधि और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। रजिस्ट्री से किसानों की भूमि का पूरा विवरण एक जगह उपलब्ध होगा। इससे भूमि विवाद भी कम होंगे। रजिस्ट्री के लिए किसानों को नजदीकी जनसेवा केंद्र पर खतौनी और आधार कार्ड की छायाप्रति लेकर जाना होगा। किसी समस्या के लिए लेखपाल या कृषि विभाग के कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं। रजिस्ट्री कराने से किसानों को कई लाभ मिलेंगे। इनमें रसोई गैस, खाद, बीज और कृषि यंत्रों पर सब्सिडी शामिल है। डिजिटल केसीसी से दो लाख रुपये तक का लोन बिना दस्तावेज के उसी दिन मिल सकेगा। किसानों की मुख्य समस्या आधार कार्ड और खतौनी में नामों का अलग-अलग होना है। कुछ किसानों के मिले-जुले खाते हैं और खतौनी अलग न होने से भी दिक्कत आ रही है। इन समस्याओं के समाधान के लिए किसानों को तहसील और ब्लॉक के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

# नवांगत पुलिस अधीक्षक पर भरोसा जताते हुए एक बार फिर लगाई न्याय की गुहार

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** नवांगत पुलिस अधीक्षक पर भरोसा जताते हुए एक बार दोबारा पीड़िता ने शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पूर्व में जिलाधिकारी समेत पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दे चुकी है। लेकिन आज तक उसे न्याय नहीं मिला। आपको बता दें शौचालय तोड़कर जबरन जमीन पर कब्जा कर लिया गया है । पीड़िता ने तत्समय स्थानीय थाने पर शिकायती पत्र दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। मामला सम्मनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंजूपुर नेवादा गांव का है। गांव निवासिनी लौगा देवी पत्नी पूर्णमासी का आरोप है। आबादी की जमीन पर 50 वर्षों से उसका कब्जा है 2009-2010 में ग्राम प्रधान के द्वारा इसी पर शौचालय का निर्माण कराया गया था। 17 दिसंबर 2024 की रात पीड़िता के घर पर कोई नहीं था वह अपने ननद के घर गई थी मौका देख इसी बीच विपक्षीगण धर्मेंद्र शुक्ला और उनकी पत्नी द्वारा उसके शौचालय को तोड़कर जमीन को अपने कब्जे में कर लिया गया। 18 दिसंबर 2024 को जब वापस घर लौटी तो देखा की शौचालय गिराकर और जमीन विपक्षीगण के द्वारा अपने कब्जे में कर लिया गया था।

# राज्य स्तरीय ओपन महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** ख े ल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय, अम्बेडकरनगर द्वारा राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में दिनांक 21 से 23 फरवरी, 2025 तक ओपन राज्य आमंत्रण महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक, अम्बेडकरनगर श्री गिरीशचन्द्र सिंह द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथि का स्वागत जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य द्वारा किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्राउण्ड में खेल रहे यही खिलाड़ी हमारे देश के भविष्य हैं। जो जीतेगा उसके लिए शुभकामनायें एवं जो किसी कारणवश नहीं जीत सका उसको आगे के लिए शुभकामनायें। निदानकर्ता के



रूप में मौजूद क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, आजमगढ़ श्री सिराजुद्दीन द्वारा भी खिलाड़ियों से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव जिला ओलम्पिक संघ एवं कार्यक्रम संयोजक डा0 हनुमान प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता का पहला मैच जनपद सिद्धार्थनगर एवं जनपद बलिया के बीच 03सेट में खेला गया। जिसमें सिर्द्धाथनगर ने बलिया की टीम को दो सेट में 25-8 एवं 25-19 के अन्तर से हराकर अगले चरण में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में श्री रामजीत, देवेन्द्र यादव, बलराज सिंह, सईद अहमद खान, अनीश राय, रमाकान्त पाण्डे, शिव शंकर यादव, संजय कुमार, विनय राजभर उदयराज, शिवाजीत सिंह, सुश्री जुगनू ने निभायी। इस अवसर पर आशाराम वर्मा कोषाध्यक्ष जिला ओलम्पिक संघ, कार्यालय सहायक अनुपम प्रजापति, वीरेन्द्र निषाद, समस्त प्रशिक्षक सुमेधा यादव, अदनान अहमद, देशपाल सिंह, अभिषेक उपाध्याय, अमित चौरसिया, शिल्पी गौतम, देशपाल सिंह एवं अन्य खेल प्रेमी उपस्थित थे। अन्त में क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्या ने बताया कि बचे सभी मैच कल दिनांक 22 फरवरी, 2025 को खेले जायेंगे।

## फर्जी दस्तावेज के सहारे हड़पी जमीन, पांच पर केस

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** थाना क्षेत्र भीटी में फर्जी दस्तावेज के सहारे पांच लोगों ने दूसरे की जमीन हड़प ली। हालांकि, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने दावे को खारिज कर दिया। मामले में सीओ के निर्देश पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।कोतवाली अकबरपुर के मिर्जापुर निवासी प्रदीप पांडेय ने क्षेत्राधिकारी भीटी लक्ष्मीकांत मिश्र को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि भीटी के ग्राम पिगिरियावां के माता बदल, राम जगत व उधरना के हौसला प्रसाद ने पिगिरियावां गांव स्थित मृतक रामबरन का फर्जी वारिस बनकर राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ करते हुए अपने नाम जमीन की वरासत करा ली थी। इस जमीन की वारिस मृतक रामबरन की तीन पुत्रियां हैं।इस मामले में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी के न्यायालय में मुकदमा भी दाखिल किया गया था। इसमें सुनवाई करते हुए न्यायालय ने माता बदल की ओर से दाखिल किए गए प्रार्थना पत्रों को साक्ष्यों के आधार पर निराधार बताते हुए आदेश जारी किया था। आरोप ये भी है कि 18 जनवरी 2025 को विपक्षियों के परिवार के शशिकांत उर्फ पप्पू, हरिश्चंद्र उर्फ साधू ने प्रदीप पांडेय को जान से मारने की धमकी भी दी थी।

# अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन,एसडीएम को सौंपा ज्ञापन,रखी मांग



केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद के अलीगंज बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एकत्रित होकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है।बार एसोसिएशन अलीगंज के अध्यक्ष शेष तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपा है।बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ के निर्देश पर आज अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी अलीगंज विपिन मोरल को लिखित ज्ञापन सौंपा है।अधिवक्ताओं अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने,परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त कोई समाहित न किया जाए।परिषदों के सदस्यों सुझाए गए संशोधन को तुरंत समाप्त किया जाए,उत्तर प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं के दस लाख का मेडिक्लेम,और दुर्घटना बीमा दिया जाए,सहित तमाम मांगो को ज्ञापन का माध्यम से मांगे रखी हैं। ज्ञापन सौंपने बालों में बार एसोसिएशन अलीगंज के अध्यक्ष शेष तिवारी,अधिवक्ता दिनेश दीक्षित,सुघर सिंह,प्रमोद मिश्रा,प्रमोद सक्सेना,अनिल अवस्थी,अरुण कश्यप मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मारा बांके बिहारी डेयरी पर छापा, लाईसेंस किया रदद

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** जिलाधिकारी महोदय, मथुरा के निर्देशानुसार आगामी त्योहार शिवरात्रि एवं होली पर्व के दृष्टिगत जनपद मथुरा में आम जनमानस को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु आज सहायक आयुक्त (खाद्य) धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा स्थानीय पुलिस बल के साथ निषादराज तिराहा, नौहझील पर संचालित बांके बिहारी डेयरी पर छापा डाला गया।

छापामार कार्यवाही के दौरान उक्त प्रतिष्ठान में स्किम्ड मिल्क पाउडर एवं रिफाइण्ड पामोलीन ऑयल का प्रयोग कर पनीर का निर्माण करते हुए पाया। उक्त बांके बिहारी डेयरी से पनीर, घी, स्किम्ड मिल्क पाउडर एवं रिफाइण्ड पामोलीन ऑयल का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया तथा पनीर निर्माण में प्रयुक्त किये जा रहे अपमिश्रक लगभग 26,000 रूपये मूल्य का 163 कि0ग्रा0 स्किम्ड मिल्क पाउडर, 45,000 रूपये मूल्य का 238 कि0ग्रा0 रिफाइण्ड पामोलीन ऑयल एवं 66,000 रूपये मूल्य का 120 कि0ग्रा0 घी को मौके पर सीज कर खाद्य कारोबारकर्ता की अभिरक्षा में सौंपा गया। उक्त डेयरी के परिसर में बिक्री हेतु भंडारित लगभग 90 कि0ग्रा0 दूषित पनीर को मौके पर गड्ढा खुदवा कर नष्ट कराया गया। उक्त बांके बिहारी डेयरी को जारी खाद्य अनुज्ञप्ति को निलम्बित कर खाद्य कारोबार पर रोक लगा दी गयी है। पारसौली रोड, बाजना स्थित ऋषि डेयरी से भी पनीर का एक नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सचलदल में राम नरेश, धर्मेन्द्र सिंह एवं भरत सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

**कृष्णानगर से लेकर भूतेश्वर तिराहे तक अरदाल दाल और बूंदी के लड्डुओं के लिए 7 सैम्पल** : मथुरा शहर के कृष्णा नगर क्षेत्र से अरहर दाल का एक नमूना एवं भूतेश्वर तिराहा से बूंदी के लड्डू का एक नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण राणा द्वारा संग्रहित किया गया। उक्त सभी 07 खाद्य नमूनों को जॉच हेतु राजकीय प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जॉच रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि के उपरान्त सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। समस्त डेयरी संचालकों/ विनिर्माताओं को निर्देशित किया जाता है कि डेयरी उत्पादों के निर्माण में शुद्ध व गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का प्रयोग कर स्वच्छ तथा स्वास्थ्यकर दशाओं में ही खाद्य पदार्थ का निर्माण करें। यदि कोई भी डेयरी उत्पाद खोआ, पनीर, घी आदि का विनिर्माता रिफायण्ड ऑयल या अन्य किसी अपमिश्रक का प्रयोग करते हुए पाया गया तो उसके विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# शुक्लागंज से जयपुर के लिए निशान लेकर रवाना हुए श्याम प्रेमी

## करीब आधा दर्जन युवक साइकिल से तय करेंगे 1500 सौ किलोमीटर का लंबा सफर



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
अश्वनी शेखर(ब्यूरो उन्नाव)

शुक्लागंज उन्नाव/शुक्लागंज के अलग अलग इलाकों से करीब आधा दर्जन युवक जयपुर खाटू श्याम मंदिर में अपनी हाजरी लगाने के लिए रवाना हुए। बताते चलें उन्नाव जिले के गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अलग अलग इलाकों से आधा दर्जन नवयुवक श्याम प्रेमी राजधानी मार्ग स्थित गोपीनाथ पुरम श्याम मंदिर से श्याम बाबा का निशान लेकर करीब 750 किलोमीटर साइकिल से रवाना हुए श्याम प्रेमियों को उनके परिजनों ने जयकारों और ढोल ताशे गाजे बाजे के साथ मुंह मीठा करा कर खाटू श्याम मंदिर जयपुर के लिए रवाना किया युवकों ने बताया कि सभी श्याम प्रेमी शुक्लागंज से करीब चार दिनों का लंबा सफर तय करते हुए जयपुर खाटू श्याम मंदिर में अपनी हाजरी लगाएंगे उसके तत्पश्चात आसपास के अन्य तीर्थस्थलों के दर्शन कर सभी श्याम प्रेमी एकसाथ अपने ग्रह जनपद शुक्लागंज गंगाघाट उन्नाव के लिए वापस हो जाएंगे इस तरह खाटू श्याम मंदिर जयपुर जाने और वापस आने में सभी श्याम प्रेमी करीब 1500 सौ किलोमीटर तक का सफर तय करेंगे,शुक्लागंज के गोपीनाथ पुरम खाटू श्याम मंदिर से साइकिल चला अभिषेक सविता, अभय सविता,विवेक शर्मा, छोटू बाजपेई,सानू गौतम, शिवम् मिश्रा आदि श्याम प्रेमी श्याम नाम की जयकार लगाते हुए जयपुर खाटू श्याम मंदिर के लिए रवाना हुए

## एक सरकारी विद्यालय ऐसा भी

# मथनिया गांव के सरकारी विद्यालय ने की मिसाल कायम

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से प्रदीप शर्मा झांसी



जिला मुख्यालय से सबसे दूर स्थित गुरसराय ब्लॉक का प्राथमिक विद्यालय मथनिया,,इस विद्यालय में शासन द्वारा नियुक्त एकेडमिक रिसोर्स पर्सन श्री अवधेश तिवारी अनुश्रवण के लिए विद्यालय पहुंचे तो पाया कि विद्यालय में 47 बच्चों का नामांकन है और विद्यालय में 46 बच्चे उपस्थित मिले और सबसे प्रमुख बात थी कि सारे बच्चे फुल यूनिफॉर्म में दिखे , जब उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुधांशु शर्मा से इस उपलब्धि के बारे में पूंछा तो उन्होंने बताया कि वह बराबर अभिभावकों के संपर्क में रहते है , विद्यालय में मासिक बैठक का आयोजन कराते है, और जब इससे भी बात नहीं बनती तो वह बच्चों को लेने उनके घर चले जाते है,जिसका आज यह परिणाम देखने को मिला है,, जब ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी श्री मनोज लाक्षाकार जी से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने सराहना करते हुए बताया कि मथनिया गांव का एक भी बच्चा प्राइवेट स्कूल में नहीं पढ़ता,इसका श्रेय उन्होंने विद्यालय के समस्त स्टाफ तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा सरकारी विद्यालयों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को दिया।

# हर्ष फायरिंग और हत्या में वांछित आरोपी को पुलिस ने पांच दिनों बाद अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर भेजा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**अश्वनी शेखर( ब्यूरो उन्नाव )**

शुक्लागंज उन्नाव/गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत रजवा खेड़ा गांव में बीती 16 फरवरी दिन रविवार की देर शाम को तिलक समारोह में युवक द्वारा अवैध तमंचे से हर्ष फायरिंग करने के दौरान पास खड़े अन्य युवक के सीने में गोली जा लगी जिसपर घायल युवक को परिजनों ने आनन फानन में अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया

बताते चलें 16 फरवरी दिन रविवार को गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के डेरावाला पीपर खेड़ा गांव निवासी रवि निषाद पुत्र जगदीश उम्र करीब 25 वर्ष अपनी बहन की नन्द का तिलक लेकर ग्राम राजवाखेड़ा कोतवाली गंगाघाट निवासी डोरी लाल के घर गया था जहां पर रात्रि करीब 9 बजे तिलक चढ़ाते समय जीतू पुत्र राम विलास उम्र 33 वर्ष निवासी रजवा खेड़ा गांव थाना गंगाघाट ने अवैध तमंचे से हर्ष फायरिंग की फायरिंग करने के दौरान पास खड़े रवि के सीने में गोली जा लगी जिस पर रवि गंभीर रूप से घायल हो गया यह देख तिलक में मौजूद अन्य लोगों ने रवि को अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने रवि को मृत घोषित कर दिया हर्ष फायरिंग में युवक की मौत होने की घटना की जानकारी होते ही उन्नाव सीओ समेत गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गई रवि की मौत की खबर सुनते ही जीतू मौके से तमंचा सहित फरार हो गया जिस पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गंगाघाट पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए दबिस डाल रही थी करीब पांच दिनों बाद शुक्रवार को रवि को गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत जाजमऊ चौकी प्रभारी राहुल सिंह,राजेंद्र सिंह,सुधीर दुबे,राजेंद्र सेन यादव आदि पुलिस कर्मियों ने मुखबिर की सूचना पर मय अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा



# मुड़िया हुलास में नौ दिवसीय यज्ञ का आयोजन

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

पीलीभीत-बरखेड़ा। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 30 वां श्री शतचण्डी महा यज्ञ एवं मानस वेदांत संत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे यज्ञाध्यक्ष सुनील अवस्थी व्यास जी के सानिध्य में जल यात्रा निकाली गई।जल यात्रा में गांव वि क्षेत्र के सैकड़ो लोग शामिल हुए महिलाए अपने सिर पर कलश लेकर जल यात्रा में शामिल हुई जल यात्रा गांव मुड़िया हुलास से कबूलपुर देवहा नदी तक गई वही से कलशों में जल लेकर सभी श्रद्धालु वापस लौट कर यज्ञ शाला पहुँचे वहाँ पर मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया गया तथा श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ के हिस्सा लिया वही यह जानकारी ग्राम प्रधान सीमा राज पाठक ने दी है।

# विजयी प्रत्याशियों को मिला निर्वाचन प्रमाण पत्र

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**बलौदाबाजार।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत प्रथम चरण में हुए मतदान एवं मतगणना पश्चात विजेता घोषित किये गए अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। जिला पंचायत कार्यालय बलौदाबाजार में गुरुवार को सीईओ जिला पंचायत एवं रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री दिव्या अग्रवाल ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 की विजयी प्रत्याशी शशि आनंद बंजारे, क्षेत्र क्रमांक 2 से दीप्ति गोविन्द वर्मा क्षेत्र क्रमांक 3 से डॉ मोहन लाल वर्मा क्षेत्र क्रमांक 4 से ईशान वैष्णव एवं क्षेत्र क्रमांक 6 से अमर कुमार ध्रुव को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। विदित है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत प्रथम चरण में जनपद पंचायत सिमगा एवं भाटापारा निर्वाचन क्षेत्र में जिला पंचायत सदस्य के 7 पदों के लिए 17 फ़रवरी 2025 को मतदान हुआ था।

# महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में लगा केएम का निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प

## केएम के चिकित्सकों ने अध्ययनरत बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण, स्वस्थ रहने के दिए टिप्स

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** केएम मेडीकल एंड हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने नन्हें-मुन्हें बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा के साथ स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। विदित रहे कि कृष्ण मोहन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी पूर्व से ही शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते रहे है। उनके द्वारा ग्रामीण अंचलों में निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प लगाकर लोगों को स्वस्थ जीवन प्रदान करने की मुहीम आपके गांव आपके द्वार के तहत आज केएम चिकित्सक कान्हा की नगरी के हर एक गांव में पहुंच रहे है। इसी श्रृंखला में केएम अस्पताल की प्रचार प्रसार टीम ने गिरधरपुर कॉलौनी स्थित महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में प्रधानाचार्य व प्रबंधक के सहयोग से अध्ययनरत बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। जिसमें दंत विभाग के डा. अरूण कुमार, मेडीसन विभाग के डा. अमान मलिक ने स्कूल के प्रबंधक व आरएसएस के नगर कार्यवाहक धर्मेन्द्र सिंह, शिक्षक शिक्षिकाओं के सहयोग से सैकड़ों बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं छोटी मोटी बीमारियों की निःशुल्क दवा भी मुहैय्या कराई। स्वास्थ्य कैम्प में चिकित्सकों ने मुख्य रूप से बदलते मौसम में बीमार बच्चे एवं दांतों की समस्याओं सहित अन्य बीमारियों की जांच की। महर्षि विद्या मंदिर स्कूल के प्रबंधक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि आज के निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया तथा अभिभावकों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने इस पुनीत कार्य के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी की प्रशंसा एवं आभार जताया है। कैम्प में सहयोग करने वाले मार्केटिंक मैनेजर आमीन खांन, हरेन्द्र सिंह कुंतल, कान्हा, नर्सिंग की भारती वर्मा, लैब व ब्लड बैंक इंचार्ज जसवंत सिंह आदि रहे।

# दिल्ली का फेल शिक्षा मॉडल पंजाब में ना लाए आप :औजला

## शिक्षा मंत्री होने के बावजूद स्कूलों में चेकिंग कर रहे सिसोदिया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब



सांसद गुरजीत सिंह औजला ने मनीष सिसोदिया की ओर से पंजाब के स्कूलों के किए जा रहे दौरों पर एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में करारी हार के बाद अब आम आदमी पार्टी के नेताओं की पंजाब पर नजर है। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस को पीछे करते हुए खुद दौरा करना बेहद गलत है।

सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर पहले से ही आरोप लगते रहे हैं कि वह अरविंद केजरीवाल के इशारों पर काम करते हैं और पंजाब के रिसोर्सेस को वहां प्रयोग करते रहे हैं अब जब दिल्ली में हार हो चुकी है और लोगों ने नकार दिया है तो फिर अन्य विभागों में भी दिल्ली के आम आदमी पार्टी के सीनियर नेता हस्तक्षेप कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर उनके शिक्षा के मॉडल बेहतरीन होते तो दिल्ली में ऐसी हार ना देखनी पड़ती। उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया दिल्ली के शिक्षा में तो सुधार ला नहीं पाए और पंजाब के मंत्रियों को नीचा दिखाने के लिए यहां हस्तक्षेप कर रहे हैं। सांसद औजला ने कहा कि शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस को इस तरह के हस्तक्षेप के बाद खुद ही इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि दिल्ली में चुनावों से पहले अप्रत्यक्ष रूप से दिल्ली के मंत्री पंजाब के लिए फैसले लेते थे लेकिन अब लगता है कि सारे फैसले प्रत्यक्ष रुप से वह लेंगे तो फिर पंजाब के मंत्रियों का वजूद क्या ही रह जाएगा।

सांसद गुरजीत औजला ने कहा कि पंजाब के स्कूलों में आम आदमी पार्टी की ओर से पहले ही सिर्फ बिल्डिगों को बदल कर अपनी प्रशंसा की जा रही थी और अब भी जब नया सेशन शुरु होने वाला है तो फिर से दौरे शुरु हो गए हैं जबकि सारा सेशन इन्हें समस्याए सुलझाने का समय नहीं मिला। बच्चों को किताबे लेट मिलना, मिड डे मील का खराब निकलना और कई स्कूल बिना टीचर्स के चलने जैसे कई मुद्दे हैं जिन पर सरकार को और शिक्षा मंत्री को ध्यान देना चाहिए लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत मान अपने आकाओं को खुश करने में लगे हुए हैं और उन्हें पंजाब के विभागों की कमान सौंप रहे है जो कि सरासर गलत है और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए।

# आकाश नेताम को चुने गए गांव का मुखिया

केसरिया हिन्दुस्तान से दीनदयाल साहू



**दुधावा** - नरहरपुर ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम पंचायत दुधावा के मतदाताओं ने अपने बहुमूल्य मत देकर ग्राम पंचायत दुधावा के लिए आकाश नेताम को सरपंच चुने नवनिर्वाचित सरपंच की समर्थकों ने निकाली विजय रैली समर्थकों ने डीजे की धुन में अबीर गुलाल खेलते हुवे विजय रैली निकाली गई नवनिर्वाचित सरपंच का जगह जगह स्वागत किया गया सरपंच ने कहा कि यह जीत मेरी नही पूरी पंचायत की जनता की जीत है तथा गांव के विकास के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा और सब मिलजुल कर काम करेंगे। विजय रैली में नवनिर्वाचित वार्ड पंचों का भी ग्रामवासियों ने फुलमाला पहना कर स्वागत सम्मान किए गए। बता दें कि ग्राम पंचायत दुधावा के सरपंच पद के लिए छः प्रत्याशी मैदान में थे, इन सभी को मात देकर आकाश नेताम ने सरपंच पद पर विजय प्राप्त किया। इस विजय रैली में नवनिर्वाचित पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# राजस्व विभाग की मिलीभगत से नगर पंचायत में अवैध प्लाटिंग जोरों पर जिम्मेदार खामोश

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता
रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी



**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के जनपद अंतर्गत नगर पंचायत रामसनेही घाट क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का खेल बेलगाम हो गया है। यहां 95 प्रतिशत प्लाटिंग बिना नक्शा पास के की जा रही है। भूमाफिया किसानों से कम कीमत में जमीन खरीदकर बिना नगर पंचायत की अनुमति के प्लाटिंग कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। महारगंज, सुमेरगंज, भिटरिया, बेल्हा चौराहा और तहसील मुख्यालय गेट के सामने बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। पड़ोसी अयोध्या जिले के मवई और रुदौली से आये एक दर्जन से अधिक भूमाफिया इस काले धंधे में सक्रिय हैं।

इस अवैध प्लाटिंग कार्य में राजस्व विभाग की भी अहम भूमिका है। न तो कृषि भूमि को आवासीय में परिवर्तित किया जा रहा है । और न ही नियमानुसार स्टांप ड्यूटी का भुगतान किया जा रहा है। इस अवैध प्लाटिंग में न तो मानक का पालन हो रहा है और न ही नियमों का। प्लाट खरीदने वाले लोगों को झूठे वादों से फंसाकर रजिस्ट्री करा दी जाती है। खरीदारों को यह नहीं बताया जाता कि भविष्य में प्रशासन कभी भी उनके अवैध निर्माण को गिराने का नोटिस जारी कर सकता है। इस पूरे मामले में स्थानीय प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। जिससे भूमाफियाओं के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। जबकि प्लाटिंग के यह है नियम कि 30 फीट चौड़ी सड़क होनी चाहिए। पार्क होना चाहिए सीवेज सिस्टम होना चाहिए। कृषि जमीन को आवासीय में परिवर्तित होनी चाहिए। नगर के अधिशासी अधिकारी द्वारा उस भूमि का नक्शा अनिवार्य है। लेकिन यहां तो भूमाफिया किसानों से एग्रीमेंट कर सीधे प्लाटिंग करना चालू कर दे रहे हैं।

जब अवैध प्लाटिंग के भूमाफियाओं की इस हरकत की जानकारी उपजिलाधिकारी रामआसरे वर्मा को हुई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जायेगी। अधिशासी अधिकारी धीरज सिंह

ने कहा कि 6 माह पहले दो अवैध प्लाटिंग पर कारवाई भी की गई थी।अब इस मामले को गंभीरता से लिया जायेगा। किसान यूनियन धर्मेन्द्र गुट के प्रदेश अध्यक्ष मायाराम यादव ने कहा कि किसानों की खेती योग्य भूमि पर मानक विहीन अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध कारवाई नही की गई तो मजबूर आंदोलन करना पड़ेगा।

# एमडीए के हर जोन में अवैध निर्माण...खुलेआम बन रहीं बड़ी-बड़ी इमारतें... सरकार के राजस्व को लग रहा करोड़ों का चूना




**अंकित मुरादाबाद** विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता और सुपरवाइजर की मिली भगत से शहर में अवैध निर्माण धड़ल्ले से चल रहे हैं। अवैध निर्माण कर्ताओं से मिली भगत करने के बाद बाद बड़ी-बड़ी इमारतें शहर में बिना किसी रोक-टोक के तामीर हो रही हैं। अवर अभियंताओं और सुपरवाइजर का तालमेल जिस मकान स्वामी से ठीक नहीं बैठता तो उसके 50 मीटर भवन का भी नोटिस काटकर मकान स्वामी को अपनी पॉवर बता दी जाती है।

अभी कुछ दिनों पहले एमडीए के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार ने औचक निरीक्षण किया तो सड़क के किनारे ही बड़े-बड़े परिसर और फैक्ट्री का निर्माण पकड़ में आया हालांकि ऐसा ही हल मुरादाबाद के हर एक जोन में है फिर चाहे वो ताजपुर हो या काशीराम नगर,सिविल लाइंस क्षेत्र हो या मंडी चौक, ताजपुर हो अगवानपुर या फिर हो पाकबड़ा सभी जगह अवैध निर्माण की संख्या दहाईयों या सैकड़ो में नजर आएगी हालांकि विकास प्राधिकरण के अधिकारी इसे रोकने का प्रयास बखूबी कर रहे हैं लेकिन सफलता हाथ नहीं लग पा रही।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जहां जीरो टॉलरेंस पर काम करना चाहती है वहीं इसके विपरीत यहां अवैध निर्माण में रखी जाने वाली एक भी ईट बिना मोटी रकम के बड़ी दीवार में तब्दील नहीं हो सकती। ऐसे में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के लिए एक बड़ी चुनौती है कि शहर में हो रहे अवैध निर्माणों को रोका जाए और प्राधिकरण की धूमिल हो रही छवि को सही किया जाए।

**नहीं होती दोषियों पर कार्रवाई :** जब बड़ी-बड़ी इमारतें क्षेत्रों में बन जाती हैं उसके बाद कार्यवाही का खेल शुरू हो जाता है मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के द्वारा किसी भी जेई के खिलाफ ऐसी कार्रवाई नहीं की गई जो अवर अभियंताओं या सुपरवाइजरों के लिए एक नजीर बन जाए। दोषी पाए जाने के बाद भी उनके खिलाफ खड़ा रुक नहीं अपनाया जाता जिसके कारण दोषी अधिकारियों के हौसले बुलंद हो जाते हैं और सरकार की छवि को धूमिल करने का लगातार काम करते हैं।

**निरीक्षण में मिल चुके हैं निर्माणाधीन अवैध कॉम्प्लेक्स :** कुछ दिनों पहले सिविल लाइंस क्षेत्र में अवैध निर्माण की शिकायत के बाद निरीक्षण के लिए अधिकारी सड़कों पर उतरे थे निरीक्षण के दौरान बड़े-बड़े कंपलेक्सों का निर्माण होता पाया गया था जिसमें एमडीए के अधिकारियों की खूब किरकिरी भी हुई थी नाराज एमडीए उपाध्यक्ष ने अवर अभियंता के खिलाफ जांच करने के निर्देश भी दिए थे। ठीक उसी तरह लाकड़ी में भी अवैध निर्माण होते पाए गए हैं जिसमें अभी भी जांच चल रही है।

**शहर में जारी है अवैध निर्माण और प्लाटिंग :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और सचिव के क्षेत्र में निरीक्षण करने के उपरांत भी अवैध निर्माणों में कमी नहीं आई है बल्कि अवैध निर्माण की संख्या में तेजी के साथ इजाफा हो रहा है। सरकार भले ही इन अधिकारियों को तनख्वाह देती रहे लेकिन इन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि आज इनके खर्च इतने हो चुके हैं कि जब तक अवैध निर्माण न करायें तब तक इनके खर्चों की पूर्ति कर पाना संभव नहीं है।

# तहसील परिसर में सनसनी! रिश्वत के खेल का विरोध करने पर महिला बेहोश होकर गिरी

## तहसील कोर्ट में गिरी महिला, मदद के लिए कोई नहीं था मौजूद!

## परिजनों का आरोप 2 लाख रिश्वत नहीं देने पर फाइल में दिया गलत आदेश!



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से प्रदीप शर्मा झांसी**

जनपद के नायब तहसीलदार न्यायालय में आज उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक महिला मदीना अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि वहां कोई भी सरकारी कर्मचारी मौजूद नहीं था!

**परिजनों का बड़ा खुलासा :** मदीना के परिजनों ने तहसीलदार रामदत्त वर्मा पर सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा कि दाखिल-खारिज की फाइल में आदेश पारित करने के लिए 2 लाख की रिश्वत मांगी गई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस खतौनी में पहले से ही बंधक का दर्जा था, उसके बावजूद भी नायब तहसीलदार ने आदेश दे दिया!

**रिश्वत नहीं दी तो तहसीलदार ने लिया बदला? :** परिजनों ने आरोप लगाया कि जब रिश्वत नहीं दी गई, तो विरोध में गलत आदेश पारित कर दिया गया, जिससे महिला मानसिक रूप से परेशान हो गई और तहसील परिसर में बेहोश होकर गिर पड़ी।

**बड़ा सवाल ङ्क क्या प्रशासन लेगा कोई सख्त कदम?:** यह मामला सरकारी तंत्र में गहरी जमी भ्रष्टाचार की जड़ें उजागर करता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी फाइलों में दफन होकर रह जाएगा?

# बाबा नीव करोरी दशम स्मृति एवं स्थापना उत्सव का शुभारंभ

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद**



श्री राम बालाजी धाम बाबा नीव करोरी आश्रम ट्रस्ट के तत्वाधान में बाबा नीव करोरी दशम स्मृति एवं स्थापना दिवस उत्सव का शुभारंभ ग्राम उमरी सब्जीपुर पाकबड़ा मुरादाबाद में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ श्री पंच कुंडात्मक रूद्र महायज्ञ से किया गया जिसमें सर्वप्रथम सभी देवी देवताओं का आवाहन कर पंचांग पूजन किया गया उसके पश्चात मंडप प्रवेश किया गया मंडप प्रवेश करने के उपरांत मंत्रों द्वारा अग्नि मंथन कर अग्नि प्रज्वलित की गई जिसके पश्चात सभी यजमानों के द्वारा 1100 आहुतियां अर्पित की गई आचार्य डॉक्टर घनश्याम त्रिपाठी काशी बनारस से पधारे हुए आचार्य जी के द्वारा यज्ञ का शुभारंभ कर पूजन किया गया। इसके पश्चात संध्या काल में भव्य भजन संध्या पं राजकुमार गोस्वामी एंड पार्टी के द्वारा किया गया जिसमें सर्वप्रथम गणेश वंदना मां सरस्वती वंदना कर सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए गये और विनय चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया बिलासपुर के प्रसिद्ध गायक के के तिवारी के द्वारा राम नाम आधार जिन्हें वो जल में राह बनाते हैं जिन पर कृपा राम करें वह पत्थर भी तर जाते हैं अनेक भजन प्रस्तुत किए गए जिस पर सभी भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया और गायक राजकुमार गोस्वामी के द्वारा प्रसिद्ध भजन गुरुवर के श्री चरणों में अर्पित करते हुए भजन गया सारे तीरथ धाम आपके चरणों में है गुरुदेव प्रणाम आपके चरणो में एवं मनमोहक झांकियां के द्वारा भजन संध्या में गणेश जी की और रामलला की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही । संस्थापक अनिल कुमार शर्मा के द्वारा बताया गया कि यह पंच कुंडीय श्री पंचकुंडात्मक रुद्र महायज्ञ विश्व की शांति और अपने भारत वर्ष की उन्नति के लिए किया जा रहा है आज मुख्य यजमानों के द्वारा समस्त पूजन यज्ञ विधि विधान से किया गया ।कार्यक्रम में उपस्थित रहे राकेश गुप्ता शैलेंद्र प्रकाश गुप्ता विनीत गुप्ता प्रदीप गुप्ता गौरव अग्रवाल डॉ संदीप राज राजकुमार शर्मा देवेंद्र बिष्ट विवेक शर्मा संदीप गगनेजा विनोद राय राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल अश्वनी कुमार गुप्ता परीश सक्सेना पूनम शर्मा सीमा गुप्ता सरिता चौधरी आदि

# आज जिला कारागार मथुरा में महाकुंभ के जल प्रयागराज से गंगा जल मंगवाकर सभी पुरुष एवं महिला बंदियों को स्नान कराया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी**



परम यशवस्वी माननीय मुख्यमंत्री श्री आदित्य योगीनाथ जी की प्रेरणा एवं माननीय श्री दारा सिंह चौहान जी कारागार मंत्री के निर्देशानुपालन में आज जिला कारागार मथुरा में प्रयागराज से गंगा जल मंगवाकर सभी पुरुष एवं महिला बंदियों को स्नान कराए जाने हेतु महाकुंभ के जल को कारागार के टैंक में श्री अंशुमन जी जेल अधीक्षक के द्वारा डालकर उक्त जल को गंगा जल बनाया गया । इस अवसर पर माननीय कारागार मंत्री श्री दारा सिंह चौहान जी के द्वारा सबसे पहले आदर्श कारागार लखनऊ में स्नान प्रारंभ कराया गया उसके उपरान्त उत्तर प्रदेश की समस्त कारागारों में बंदियों को कुंभ स्नान कराया गया ।इस अवसर पर कारापाल श्री सुशील कुमार वर्मा, चिकित्साधिकारी डा0 उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, उपकारापाल सुश्री करूणेश कुमारी, श्री दुर्गेश प्रताप सिंह व श्री अनूप कुमार, लेखाकार श्री चूणामणि तिवारी, शिक्षाध्यापक श्री सुलेन्द्र चौधरी एवं फार्मासिष्ट श्री सुभाष चन्द्र द्विवेदी तथा अन्य कारागार कार्मिक उपस्थित रहे। जिला कारागार मथुरा के उक्त पलो के कुछ फोटो एवं वीडियो संलग्न है। कार्यालयः अधीक्षक जिला कारागार, मथुरा।

# राम जन्म का प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रोता

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से प्रदीप शर्मा झांसी**



**गुरसराय ( झाँसी )-** ऐतिहासिक हुल्की माता मंदिर पर नौ कुंडीय देवी दुर्गा महायज्ञ श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ,मेला,रामलीला,21 कन्याओं के सामूहिक विवाह सम्मेलन पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन महामंडलेश्वर साध्वी पुष्पांजलि गिरी जी ने श्रोताओं को राम जन्म की कथा का रसपान कराया ।प्रसंग सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे ।कथावाचक ने कहा कि पृथ्वी पर जब-जब असुरों का अत्याचार बढ़ा,तब-तब ईश्वर ने किसी न किसी रूप में अवतार लेकर असुरों का संहार किया ।जब धरा पर धर्म के स्थान पर अधर्म बढ़ने लगता है,तब धर्म की स्थापना के लिए ईश्वर को आना पड़ता है ।भगवान राम ने भी पृथ्वी लोक पर आकर धर्म की स्थापना की और लोगों का कल्याण किया ।कथा में उन्होंने राम जन्म का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब अयोध्या में भगवान राम का जन्म होने वाला था तब समस्त अयोध्या नगरी में शुभ शकुन होने लगे ।प्रभु राम का जन्म होने पर चारों ओर खुशी का माहौल हो गया ।इससे पहले संगीतमय भजन-कीर्तन के बीच आरती का कार्यक्रम हुआ ।जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिला महामंत्री बद्रीप्रसाद त्रिपाठी, निर्मल शर्मा,उमाशंकर विदुआ,अविनास गोस्वामी, पत्रकार सार्थक नायक, अखिलेश तिवारी छिरोंरा,आशुतोष गोस्वामी,संदीप श्रीवास्तव,सोम मिश्रा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की ।कथा की आरती पारीक्षत लक्ष्मी भैयालाल कुशवाहा ने की ।यज्ञ के मुख्य यजमान रागनी नीरज घोष रहे। कार्यक्रम में यज्ञाचार्य के रूप में प्रसिद्ध अंश महाराज बमनुआ रहे ।श्रीमद्भागवत कथा का मूल पाठ पं अभिनव शास्त्री महाराज ने किया ।इस अवसर पर बर्फानी बाबा,लाल बाबा,अध्यक्ष सुनील कुमार सेंन,लाखन यादव, जिला सचिव अश्विनी पश्तोर, अज्जू माते, आशुतोष छोटू वशिष्ठ,अमित यादव, अभिषेक शर्मा, श्याम जादूगर, मोहित भगतजी, रोहित सेंन,बंटी नौगाँव, सीताशरण कुशवाहा, मोंटी कुशवाहा, देवेंद्र कुमार, महेंद्र माते, मलखान कुशवाहा,विनेश कुमार, देवेंद्र कुमार,संजीव पांचाल,ि वनोद सेन, जयनारायण भगत जी,रविंद्र कुमार, विकास कुमार, आनंद घोष,हीरालाल कुशवाहा,अरविंद कुमार, दिनेश कुमार,कैलाश कुशवाहा,बल्लू माते,हरि भगवान,मलखान,सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तों का जनसैलाब मौजूद था।

# पशुपालकों ने पशु स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं शिविर का लाभ उठाया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी**



मथुरा आई. सी. ए. आर. के एस. सी. सब प्लान के अन्तर्गत जनपद के मथुरा ब्लाक के अन्तर्गत आने वाले गाँव नगला ग्यासी / नगला पोपी में आज दिनांक 21 फरवरी 2025 को एक बृहद पशु स्वास्थ्य शिविर एवं ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 85 से अधिक पशुपालकों ने प्रतिभाग कर लाभ उठाया ।यह ट्रेनिंग वेटरनरी विश्वविद्यालय के परजीवी विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित की गई थी। इस ट्रेनिंग के मुख्य समन्वयक डॉ0 प्रदीप कुमार ने बातचीत में बताया कि यह ट्रेनिंग आई. सी. ए. आर. द्वारा वेटरनरी विश्वविद्यालय के परजीवी विज्ञान विभाग को दी गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति के पशुपालक भाइयों को जागरूक कर उनका पशु पालन सम्बन्धी ज्ञान को बढ़ाना था। इसी क्रम में योजना के अन्तर्गत पशु स्वास्थ्य सम्बन्धी दवाएं (पेट के कीड़ों के लिए, भूख बढ़ाने के लिए, घाव पर लगाने के लिए, संक्रमण को रोकने के लिए एंटी सेप्टिक लोशन एवं सलूशन इत्यादि), आये हुए पशुपालक भाईओं के लिए भोजन व्यवस्था, पशु वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किये गए आलेख आदि भी वितरित किये गए। इस योजना का लाभ लगभग 85 से अधिक पशुपालको ने लिया। इस अवसर पर वेटरनरी विश्वविद्यालय से आये हुए डॉ0 मुकेश श्रीवास्तव, डॉ0 चेतना गंगवार, डॉ0 रेनू सिंह, डॉ0 तरूण कमल आदि ने पशु पालक सम्बन्धी वैज्ञानिक जानकारी भी पशुपालकों को दी। इस अवसर पर डॉ0 प्रदीप कुमार (सहायक आचार्य), श्री मनोज कुमार, श्री प्रमोद कुमार (परजीवी विज्ञान विभाग) गाँव के श्री मलखान सिंह जी (प्रधान), श्री मान सिंह जी, श्री बाबू लाल जी, श्री सुरेश जी एवं अन्य गणमान उपस्थित रहे।

# शंकरगढ़ बारा राजस्व विभाग के सोए हुए अधिकारियों की आंखें कब खुलेंगी ?

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव**



**लखनपुर** मौजा और शिवराजपुर व बेनीपुर के बीच से निकलने वाली सरकारी नदी पर अतिक्रमणकारियों का दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है कब्जा! क्या हल्का लेखपाल और बारा तहसील के अधिकारी भूमाफियाओं के साथ मिलकर नदी को खत्म करने की साजिश रच रहे हैं? यह सवाल उठता है जब हम देखते हैं कि नदी की जमीन पर अतिक्रमण घटने के बजाय बढ़ता नजर आता है तब हमें लगता है कि यह कैसे बढ़ रहा है! शंकरगढ़ क्षेत्र में भूमाफियाओं ने जिस तरीके से सरकारी जमीनों को अपना शिकार बना रहे हैं, उससे साफ जाहिर होता है कि हल्का लेखपाल से लेकर नायाब तहसीलदार, और तहसीलदार, का भूमाफियाओं से कैसा है रिश्ता। जबकि खुले आम दिन में नदी के सीने को चीरकर बाउंड्री कर मकान बनाया जा रहा है मगर विभाग अनजान है या जानकर अनजान बने हैं अब यह देखना दिलचस्प होगा कि राजस्व विभाग इस समस्या का समाधान कैसे निकालता है। क्या नदी के अस्तित्व को बचाएंगे या फिर अन्य नदी नालों की अतिक्रमण कार्यों की भेंट चढ़ जाएगी, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# हल्दी लगे हाथों के साथ सगी बहनो ने मतदान कर निभाया कर्तव्य



**कमलेश रजक ब्यूरो चीफ दैनिक केसरिया**

**बलौदाबाजार।** लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। कुछ ऐसा ही नजारा बाजार चौक कटगी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मतदान केंद्र क्रमांक 78 में देखने को मिला। जब सगी बहनें रमा और प्रभा देवांगन ने हल्दी और मेहंदी लगे हाथों के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसी तरह कसडोल के समीपस्थ ग्राम पंचायत पिसीद में हरिशंकर देवांगन पिता रामनारायण देवांगन ने पहले अपना मतदान किया उसके बाद अपनी बारात के लिए रवाना हुआ।

बड़ी बहन रमा देवांगन जल्द ही शादी के बाद भटगांव जा रही हैं वहीं छोटी बहन प्रभा देवांगन ग्राम पीसीद में अपना नया जीवन शुरू करने वाली हैं। अपने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने से पहले दोनों बहनों ने लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी और मतदान करने पहुंचीं ।मतदान करने के बाद दोनों बहनों के चेहरे पर उत्साह और गर्व झलक रहा था। उन्होंने कहा मतदान हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है। देश के भविष्य के लिए हर नागरिक को अपने मत का उपयोग अवश्य करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

# बीएसए में एनिमेशन एवं साइबर सिक्योरिटी विषय पर कार्यशाला हुई

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी**



मथुरा बी.एस.ए. कॉलेज, मथुरा के कम्प्यूटर सांइस विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एनिमेशन एवं साइबर सिक्योरिटी विषय पर सम्पन्न हुआ जिसमें श्री सौरभ गुप्ता, निदेशक, मैक एनीमेशन इन्स्टीट्यूट, मथुरा, श्री अर्पित अग्रवाल, सेल्स हैड एवं श्री अनुपम गुप्ता, तकनीकि विशेषज्ञ साइबर सिक्योरिटी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए आधुनिक समय में तकनीकि ज्ञान से अवगत कराते हुए तकनीकि ज्ञान को रोजगार प्राप्त करने में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने अपने-अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय में तकनीकि शिक्षा के महत्वपूर्ण योगदान से अवगत कराया और तकनीकि ज्ञान को ही भविष्य के लिए आवश्यक बताया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) ललित मोहन शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि वर्तमान भारतीय शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में रोजगारपरक पाठ्यक्रम की महती भूमिका है जिसके लिए तकनीकि ज्ञान ही एक मात्र विकल्प है। महाविद्यालय स्तर पर पिछले दो वर्ष से प्लेसमेन्ट सेल की स्थापना की गई है जिसके माध्यम से महाविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को बड़ी कम्पनियों, अच्छे शिक्षण संस्थानों में अच्छे पैकेज सैलरी पर रोजगार के अवसर प्राप्त हुये हैं। महाविद्यालय का प्रयास है कि यहाँ अध्ययनरत छात्र-छात्राएँ राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा रोजगार प्राप्त कर अपना, अपने परिवार का एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करें। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्रो0 एस0 के0 सिंह, प्रो0 एस0 के0 राय, डॉ0 वी0पी0 राय, डॉ0 रवीश शर्मा, डॉ0 बी0 के0 गोस्वामी, डॉ0 संजय कुमार, डॉ0 तरूण पाठक, डॉ0 संतोष शर्मा, डॉ0 प्रगति शर्मा आदि उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ0 नीरेन्द्र कुमार ने किया।

# आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल अजीत कुमार बांदा ने जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

**बांदा** - शुक्रवार को 12:00 बजे आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा अजीत कुमार द्वारा जिला चिकित्सालय बांदा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं डॉक्टर एस0डी0 त्रिपाठी एवं स्टाफ उपस्थित मिले, इस दौरान अस्पताल की सिटी स्कैन मशीन खराब पाई गई उसे तत्काल ठीक कराए जाने के साथ ही दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, अस्पताल में डॉक्टर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ का ड्यूटी चार्ट उपलब्ध रहे और इसके साथ ही आउटसोर्सिंग स्टाफ का मानदेय समय से दिया जाए द्य सभी वार्डों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए ऑक्सीजन प्लांट की मरम्मत शीघ्र कराई जाए निरीक्षण में वेंटीलेटर क्रियाशील पाए गए द्य निरीक्षण के दौरान एडिशनल कमिश्नर भगवान शरण एवं अन्य स्टॉप उपस्थित रहे ।